CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 09°C

देहरादून, रविवार 7 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 120 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 15 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बहुजनों के आत्मसम्मान वाले अच्छे दिन कब आएंगे: मायावती पेज 2



तीसरा वनडेः भारत ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया, जायसवाल की सेंचुरी खेल टाइम्स



पुतिन के दौरे से भारत-अमेरिका रिश्ते बेअसर: जयशंकर पेज 11



संदीपा धर ने अपने नए प्रोजेक्ट की शुरुआत की बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड-हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट, केदारनाथ में -14 डिग्री पारा

**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों से आ रही बर्फीली हवाओं ने कई राज्यों में ठिठुरन बढ़ा दी है। राजस्थान के 18 शहरों में शुक्रवार को तापमान 10 डिग्री से नीचे आ गया। 7 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया। फतेहपुर 1.9 डिग्री के साथ सबसे ठंडा शहर रहा। लूणकरणसर में 3.2, सीकर में 3 और नागौर में 3.1 पारा रिकॉर्ड हुआ। मध्य प्रदेश के 19 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। पचमढ़ी से पारा सबसे कम 5.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। पहाड़ों से सर्द हवाएं आने के कारण 7 और 8 दिसम्बर को सर्दी का असर और बढ़ेगा। इधर, आईएमडी ने उत्तराखंड में रविवार को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। राज्य के कई जिलों में तापमान पहले से शून्य से नीचे पहुंच गया है। केदारनाथ में शुक्रवार को -14 और बद्रीनाथ में -11 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

### जुबीन गर्ग की मौत केस में 12 दिसम्बर को चार्जशीट

**गुवाहाटी।** असम पुलिस सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में 12 दिसम्बर को चार्जशीट दाखिल करेगी। केस की जांच कर रहे सीआईडी के स्पेशल डीजी मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने शनिवार को बताया कि इस केस की जांच पूरी हो चुकी है। केस में अब तक तक सात गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। 300 से ज्यादा गवाहों से पूछताछ की गई है। जुबिन की मौत 19 सितम्बर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान समुद्र में डूबने से हुई थी। गुप्ता ने कहा कि अब मामले में अधिक जानकारी चार्जशीट दाखिल होने के बाद ही दी जाएगी। गुप्ता ने कहा कि गर्ग की मौत के बाद पूरे असम में करीब 60 एफआईआर दर्ज की गई थीं। चार्जशीट मूल मामले में दाखिल की जाएगी।

### रूसी डेलीगेशन से बात करके मजा आया:थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को बताया कि 5 दिसम्बर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए आयोजित डिनर में शामिल हुआ था। वहां का माहौल बहुत अच्छा और दिलचस्प था। रूसी डेलीगेशन के साथ बातचीत करके मजा आ गया। थरूर ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। इस डिनर में लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को न्योता नहीं मिला था।

### मोदी का 'परीक्षा पे चर्चा' जनवरी में होगा आयोजित

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी का वार्षिक संवादात्मक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का नौवां संस्करण जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि श्री मोदी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम जनवरी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत और विदेश के छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षा के तनाव पर चर्चा करने और परीक्षाओं को एक उत्सव और जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए उनके साथ जुड़ेंगे।

# बंगाल में निलंबित टीएमसी विधायक ने बाबरी मस्जिद की नींव रखी

- हुमायूं कबीर ने मौलवियों के साथ फीता काटा, दो लाख से ज्यादा लोग ईंट लेकर पहुंचे
- सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसएफ, पुलिस की कई टीमों समेत तीन हजार से ज्यादा जवान रहे तैनात

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद की आधारशिला रखी।

कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। इस दौरान नारा-ए- तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में 2 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी। बंगाल के अलग-अलग जिलों से आए लोगों में कोई अपने सिर, कोई



ट्रैक्टर-ट्रॉली तो कोई रिक्शा या वैन से ईंट लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा था। कार्यक्रम को लेकर बेलडांगा समेत आसपास का इलाका शनिवार सुबह से हाई अलर्ट पर है। बेलडांगा और उसके आसपास सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसएफ, स्थानीय पुलिस की कई टीमों समेत 3 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। हुमायूं कबीर ने 25 नवम्बर को कहा था कि वे 6 दिसम्बर को अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस के 33 साल पूरे होने पर बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखेंगे। टीएमसी ने 4 दिसम्बर को हुमायूं कबीर को पार्टी से सस्पेंड कर दिया था। कार्यक्रम से पहले हुमायूं कबीर ने शनिवार को कहा था कि हिंसा भड़काकर कार्यक्रम को बाधित करने की साजिशें रची जा रही हैं, लेकिन मैं बेलडांगा में मस्जिद की नींव रखूंगा। कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती। हम कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करेंगे। कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने से इन्कार किया था।

# भगोड़े नीरव मोदी की बढ़ीं मुश्किलें

**लंदन, वार्ता**

**नीरव मोदी को** दक्षिण लंदन की एक जेल से अक्टूबर में दूसरी जेल में शिफ्ट किया गया था। शिफ्टिंग के बाद उसका ज्यादातर कानूनी सामान उसके पास नहीं पहुंचा। नीरव के वकील ने कहा कि वह एक छोटी कोठरी में दो और कैदियों के साथ रहता है और एक छोटी-सी मेज पर ही काम करता है।

जेल में इंटरनेट या कंप्यूटर की सुविधा भी नहीं है। ऐसे में जनवरी 2026 में होने वाला बैंक ऑफ इंडिया वाला केस वह ठीक



से नहीं लड़ सकते। जज ने कहा कि नीरव मोदी को अपने पुराने नोट्स और दस्तावेज मिलने बहुत जरूरी हैं। जज ने साफ कहा कि अगर कागजात नहीं मिले, तो नीरव मोदी अपना पक्ष ठीक से नहीं रख पाएंगे। कोर्ट ने आदेश दिया कि पिछली जेल से सारे कागजात तुरंत उसकी नई जेल में भिजवाए जाएं।

# देश की ग्रोथ स्लो थी, तो हिंदू रेट कहा गया: मोदी

## बोले-आज तेजी से बढ़ रही, तो कोई नहीं बोलता, फिलहाल भारत अलग लीग में

शाह टाइम्स ब्यूरो-

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि जब भारत की ग्रोथ रेट दो-तीन परसेंट थी, तो इसे हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहा गया और ये सिद्ध करने का प्रयास किया गया कि भारत की धीमी विकास दर का कारण हिंदू संस्कृति है। पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज से बढ़ती इकोनॉमी है। आज क्यों नहीं हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहा जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जो बुद्धिजीवी हर बात में सांप्रदायिकता खोजते रहते हैं उन्हें हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ में नजर नहीं आई। यह टर्म उनकी किताबों में रिसर्च पेपर का हिस्सा बना दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है। फिर भी इस दौर में हमारा भारत एक अलग लीग में दिख रहा है। भारत आत्मविश्वास से भरा है। जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है। पीएम मोदी ने कहा कि जब दुनिया में ट्रस्ट की क्राइसिस होती है तब भारत पिलर बनता है। कुछ दिन पहले भारत के जीडीपी आंकड़े आए, जिसमें 8 प्रतिशत से ज्यादा ग्रोथ हो रही है। ये सिर्फ नंबर नहीं है, ये स्ट्रांग मैक्रो इकोनॉमिकल सिग्नल है। यह संदेश है भारत ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है। देश में लोगों के 78 हजार करोड़ रुपये बैंक खातों में अनक्लेम पड़े हुए हैं। इसी तरह इंश्योरेंस कंपनियों में 48 हजार करोड़ रुपये बिना दावे के पड़े हैं। यह ज्यादातर गरीब परिवारों का पैसा है, जिसे लोग भूल चुके हैं। इसलिए -शेष पृष्ठ दो पर



आज जो बुद्धिजीवी हर बात में सांप्रदायिकता खोजते रहते हैं उन्हें हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ में नजर नहीं आई

# सिंगर नेहा सिंह राठौर को नहीं मिली राहत

## पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी: नहीं मिली जमानत

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पीएम मोदी के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी से जुड़े एक मामले में भोजपुरी सिंगर और यूट्यूबर नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, नेहा सिंह राठौर की अप्रैल में की गई टिप्पणी को लेकर इस साल की शुरुआत में लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। गायिका पर इसी तरह के आरोपों के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में कई एफआईआर दर्ज हुई हैं। यह मामला अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के संबंध में राठौर की टिप्पणियों से जुड़ा है। 'बिहार में का बा' सॉन्ग फेम सिंगर नेहा ने 23 अप्रैल की अपनी एक्स पोस्ट में आरोप लगाया था कि मोदी सरकार जाति और धर्म के आधार पर राजनीति कर रही है।

# इंडिगो संकट पर केंद्र ने दिखाई सख्ती

## किराए तय किए, 18 हजार रुपये से ज्यादा नहीं ले सकेंगी एयरलाइंस

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट को लेकर सरकार पांच दिनों के बाद सख्त नजर आ रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस संकट से निपटने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार की ओर से इंडिगो को यात्रियों का पैसा तुरंत वापस करने के लिए कहा गया है।

इसके साथ ही सरकार ने दूसरी एयरलाइन के किराए में हुए बेतहाशा बढ़ोतरी पर भी लगाम कस दी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी प्रभावित रूट्स पर सही और वाजिब किराया सुनिश्चित करने के लिए अपनी रेगुलेटरी पावर का इस्तेमाल किया है। सरकार ने एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराए से ज्यादा न लें। घरेलू एयरलाइंस यात्रियों से नीचे बताई गई सीमा से अधिक किराया नहीं वसूल सकती हैं। घरेलू एयरलाइंस यात्रियों से सीमा से अधिक किराया नहीं वसूल सकती हैं। 500 किमी तक की दूरी- अधिकतम किराया 7500 रुपये, 500-1000 किमी की दूरी- अधिकतम किराया 12000 रुपये, 1000-1500 किमी की दूरी- अधिकतम किराया 15000 रुपये, 1500 किमी से अधिक की दूरी: अधिकतम किराया 18000 रुपये किराया वसूला जा सकेगा। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उपरोक्त किराया सीमाएं लागू उपयोगकर्ता विकास शुल्क, यात्री सेवा शुल्क और करों को छोड़कर हैं। ये किराया सीमाएं बिजनेस क्लास और आरसीएस उड़ानों पर लागू नहीं होंगी। सरकार की ओर से कहा गया है कि किराया सीमाएं तब तक लागू रहेंगी जब तक किराए स्थिर नहीं हो जाते या अगला आदेश जारी नहीं होता। ये किराया सीमाएं सभी प्रकार की बुकिंग पर लागू होंगी, चाहे टिकट एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट से खरीदा गया हो या किसी ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट के प्लेटफॉर्म से। एयरलाइंस सभी श्रेणियों में टिकट उपलब्धता बनाए रखेंगी और आवश्यकता होने पर उन सेक्टरों में क्षमता बढ़ाने पर विचार करेंगी जहां मांग अचानक बढ़ गई हो।




- 500 किमी तक का किराया 7,500
- किराया सीमाएं तब तक लागू रहेंगी जब तक किराए स्थिर नहीं हो जाते या अगला आदेश जारी नहीं होता

### संकट के बीच किराए की लूट

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो पांच दिनों से परिचालन संकट से जूझ रही है। इसके चलते देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हंगामे की स्थिति है और लाखों लोग परेशान हैं। लोग कई घंटों से हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। ऐसे हालात में भी देश की विमानन कंपनियां बेशर्मी से लोगों से किराए की लूट करने में जुटी हैं और औसत किराए की तुलना में कई गुना ज्यादा किराया वसूल रही हैं। दिल्ली से हैदराबाद के बीच का हवाई किराया शनिवार को कई फ्लाइट बुकिंग प्लेटफॉर्म पर 36 हजार से ज्यादा पहुंच गया है।

# बीरभूम में भड़की हिंसा टीएमसी नेता की हत्या

- विरोधी हमले में पांच लोग घायल

**कोलकाता।** बीरभूम जिले के नानूर के थुपसुरा में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बूथ अध्यक्ष रासबिहारी सरदार (50) की एक विरोधी गुट के अचानक हमले में बेरहमी से हत्या कर दी गई।

इस हमले में उनके बेटे समेत पांच अन्य लोग भी घायल हो गए। घायलों को पुरबा बर्धमान जिले के मंगलकोट में एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्टों के मुताबिक यह घटना तब हुई जब हमलावर और पीड़ित एक गांव के मंदिर के आंगन में बैठकर समुदाय से जुड़ी समस्याओं पर बात कर रहे थे। बिना किसी चेतावनी के एक विरोधी गुट के सदस्यों ने हिंसक होकर उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

# रोहिंग्याओं पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पूर्व जजों व वकीलों ने आपत्ति जताई

- सीजेआई सूर्यकांत को लेटर लिखा, कहा था- क्या घुसपैठियों को रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2 दिसम्बर को भारत में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों के कानूनी दर्जे पर सवाल उठाए थे।

इसे लेकर पूर्व जजों, वकीलों और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफार्म्स ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत को लेटर लिखकर आपत्ति जताई है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक हैबियस कार्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा था कि अगर कोई गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आता है, तो क्या उसे रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए, जबकि देश के अपने नागरिक ही गरीबी से जूझ रहे हैं? लेटर में कहा गया है कि रोहिंग्या पर की गई टिप्पणी अमानवीय और संविधानिक मूल्यों के खिलाफ है। रोहिंग्या को दुनिया के सबसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों में बताया गया है। साथ ही रोहिंग्या लोगों को अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षा का अधिकार बताया गया।

# सरकार नेहरू को इतिहास से मिटाना चाहती है: सोनिया

- बोलीं: उन्हें गलत तरीके से पेश किया जा रहा
- पूर्व पीएम नेहरू के खिलाफ बयानबाजी पर भाजपा की आलोचना की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी (सीपीपी) की चेयरपर्सन सोनिया गांधी दिल्ली स्थित जवाहर भवन में नेहरू सेंटर इंडिया के लॉन्च समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ बयानबाजी को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की।

सोनिया गांधी ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना आज की सत्ता का मुख्य मकसद है। वह उन्हें (नेहरू को) सिर्फ इतिहास से मिटाना नहीं चाहती, बल्कि उनकी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आधारों भी को कमजोर करना चाहती है, जिन पर देश खड़ा हुआ। सोनिया गांधी ने कहा कि इतने बड़े व्यक्तित्व (नेहरू) के जीवन और काम का एनालिसिस और समीक्षा होना स्वाभाविक है और ऐसा होना चाहिए भी, लेकिन उन्हें बदनाम करने, कमजोर दिखाने और उनकी बातें तोड़ने-मरोड़ने की संगठित कोशिश अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि नेहरू का व्यक्तित्व छोटा करने की कोशिश जारी है। उनका ऐतिहासिक बैकग्राउंड अलग रखकर उनके काम का आकलन करना अब आम होता -शेष पृष्ठ दो पर



### राहुल भारतीय राजनीति के भस्मासुर: भाजपा

**नई दिल्ली।** सोनिया गांधी के बयान के बाद भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का भस्मासुर कहा। उन्होंने कहा कि नेहरू की गलतियों को मोदी सरकार ने ठीक किया। उन्होंने आगे कहा कि सोनिया गांधी नेहरू की लेगेसी की बात करती हैं, तो ये किस तरह की लेगेसी है। हिंदी चीनी भाई भाई का नारा नेहरू ने दिया था लेकिन नेहरू ने यूएन सिक्योरिटी काउंसिल की सीट चीन को दी थी।

मिरगी

घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता

मार्शल चिकित्सा केन्द्र

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें। समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश। असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### मुर्मू, मोदी और बिरला ने अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा सभापति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को बाबासाहब डा. भीमराव अम्बेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बिरला ने अपने संदेश में कहा कि भारत के महान संविधान के शिल्पी, सामाजिक न्याय के प्रहरी, भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि समानता, न्याय, शिक्षा और समावेशी विकास पर आधारित समाज का उनका दृष्टिकोण आज भी देश के विकास के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। इन मूलभूत तत्वों का समावेश बाबा साहब ने भारतीय संविधान में भी किया।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर बैठकर निकालें समाधान

**मथुरा।** बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर मथुरा की श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद पर शाही ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष जैड हसन साहब ने श्री कृष्ण जन्म स्थान और शाही ईदगाह विवाद मामले को बैठकर निपटाने की वकालत की है। जैड हसन ने कहा है कि मैं चाहता हूं कि दोनों पक्ष बैठकर इस समस्या का समाधान निकाले। जैड हसन साहब ने कहा कि मथुरा नगरी हमारी रसखान की नगरी है, राधा कृष्ण की नगरी है और प्रेम की नगरी है। इस विषय में भी हमारी नगरी से कोई प्रेम की बात ही समस्त संसार को मिलनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यहां के भाइयों ने शाही ईदगाह मस्जिद का अध्यक्ष भी नियुक्त किया है, मेरी भी जिम्मेदारी हो जाती है।

# बहुजनों के अच्छे दिन अब तक क्यों नहीं आए: मायावती

**नई दिल्ली, वार्ता**



**■ महापरिनिर्वाण दिवस पर मायावती ने पूछा सवाल**

अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की और सवाल उठाया कि बहुजनों के आत्मसम्मान से जुड़े 'अच्छे दिन' अब तक क्यों नहीं आए।

मायावती ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस व संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती और पुण्यतिथि पर यह सवाल उठता ही रहेगा कि संविधान के पवित्र मानवतावादी एवं कल्याणकारी उद्देश्यों पर आधारित देश के बहुजनों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान युक्त अच्छे दिन कब आएंगे। मायावती ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में अम्बेडकर के मार्ग पर चलना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। मायावती ने कहा कि आज भी बहुजन समाज को वह सम्मान, समता और अधिकार नहीं मिल पाए, जिनकी कल्पना बाबा साहेब ने संविधान निर्माण के दौरान की थी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और अम्बेडकर जयंती जैसे पावन अवसरों पर यह सवाल बार-बार उभर कर सामने आता है कि सामाजिक न्याय आधारित असली 'अच्छे दिन' कब आएंगे। उन्होंने याद दिलाया कि यूपी में बसपा सरकारों के दौरान बहुजन समाज के उत्थान और आत्मसम्मान के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए थे।

मायावती ने हाल में रुपये के भारी अवमूल्यन पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह मुद्दा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और राष्ट्रहित से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सरकार को सलाह दी कि आर्थिक सलाहकारों से आगे बढ़कर खुद हस्तक्षेप करें और गिरते रुपये को संभालने के लिए ठोस कदम उठाएं। इसके साथ ही उन्होंने बहुजनों से वोटर लिस्ट पुनरीक्षण प्रक्रिया एसआईआर में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की, ताकि हर योग्य व्यक्ति लोकतांत्रिक अधिकारों का उपयोग कर सके।

### देश मन-विधान से नहीं, संविधान से चले: सपा



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को डा. बीआर अम्बेडकर की पुण्यतिथि और महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कहा कि देश का नारा 'जय जवान, जय किसान, जय संविधान' होना चाहिए। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने चेताया कि संसद में संविधान की रक्षा पर बहस होना लोकतंत्र के लिए दुखद संकेत है और यह स्थिति बताती है कि लोकतांत्रिक ढांचे पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। अखिलेश यादव ने साफ कहा कि संविधान सिर्फ किताब नहीं, बल्कि देश की बुनियाद है और इसका कमजोर होना लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान को कमजोर करना चाहते हैं, वे एकतंत्र की ओर देश को धकेलना चाहते हैं। अखिलेश ने आरोप लगाया कि संविधान जनता को अधिकार देता है और जो ताकतें लोगों के अधिकार छीनना चाहती हैं, वे संविधान विरोधी हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि संविधान ही लोकतंत्र का कर्म ग्रंथ है और इसलिए इसे बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने दोहराया कि देश को 'मन-विधान' से नहीं, बल्कि संविधान से चलना चाहिए, क्योंकि यही देश की दिशा और दशा तय करता है।

# हवाई यात्रा के संकट पर श्वेतपत्र जारी करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

**■ मोदी सरकार हर क्षेत्र में कर रही एकाधिकार**

कांग्रेस ने देशभर में हवाई यात्रियों के समक्ष पैदा हुए अभूतपूर्व संकट को सरकार के एकाधिकार की नीति का पहला नमूना बताया और कहा कि स्थिति को संभालने में विफल रहे नागर विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू को जिम्मेदारी लेते हुए सरकार को इस पर श्वेतपत्र जारी करना चाहिए।

कांग्रेस ने कहा कि विमानन कंपनी इंडिगो के कारण देश के नागरिकों के समक्ष विमानन क्षेत्र में जो अभूतपूर्व संकट खड़ा हुआ, वह सरकार की एकाधिकार नीति का एक नमूना मात्र है और आने वाले समय में एकाधिकार की सरकार की नीति का खामियाजा देश के नागरिकों को बड़े पैमाने पर भुगतना पड़ेगा। पार्टी ने कहा कि निजीकरण के काम में जुटी मोदी सरकार हर क्षेत्र में एकाधिकार को महत्व दे रही है और आने वाले समय में ऊर्जा, बंदरगाह आदि क्षेत्रों में भी इसी तरह का संकट देश को झेलना पड़ेगा, इसलिए सरकार को एकाधिकार नहीं प्रतिस्पर्धा को महत्व देना चाहिए। कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले कुछ दिनों में देश ने अब तक का सबसे बड़ा विमानन संकट देखा है। हजारों उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और आज शनिवार को भी 600 से अधिक उड़ानें रद्द की गई हैं।

# थाना प्रभारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

**जालौन, वार्ता**

**■ संत कबीरनगर जनपद के निवासी थे अरूण कुमार रॉय**

उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के कुठौंद थाना परिसर में शुक्रवार देर रात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय ने अपने सरकारी आवास में खुद को सर्विस रिवॉल्वर से गोली मार ली।

गोली उनके सिर के आरपार हो गई। देर रात गोली की आवाज सुनते ही थाने में मौजूद पुलिसकर्मी दौड़कर उनके क्वार्टर पहुंचे। दरवाजा खोलने पर इंस्पेक्टर खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़े मिले, उनके पास ही उनकी सर्विस रिवॉल्वर पड़ी हुई थी। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के लिए करीब दो घंटे तक प्रयास किए, लेकिन देर रात लगभग 11:15 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय मूल रूप से संत कबीरनगर जनपद के निवासी थे और वर्ष 2023 में उन्हें इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति मिली थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने थाने व आवासीय परिसर की गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। सभी पहलुओं पर गहन जांच की जा रही है। घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए गोली बहुत करीब से चलाई गई प्रतीत होती है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है।

### तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल देश का कर रहे अहित: योगी

# अंबेडकर की मूर्तियों की सुरक्षा करेगी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ बाउंड्री वाल बनाकर की जाएगी सुरक्षा, मूर्तियों पर छत्र भी लगाया जाएगा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल न केवल भारत का अहित कर रहे हैं, बल्कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का भी अपमान कर रहे हैं।

बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर डा. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि प्राय: कुछ शरारती तत्व मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करते हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार महत्वपूर्ण निर्णय लेने जा रही है कि जहां भी बाबा साहेब की मूर्तियां लगी हैं, वहां बाउंड्रीवाल बनाकर उन मूर्तियों की सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही मूर्तियों पर छत्र भी लगाया जाएगा, जिससे बाबा साहेब की मूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। योगी ने डा. निर्मल के उस वक्तव्य का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी, संविदा, सफाई कर्मचारियों को उचित मानदेय मिले। योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने कॉरपोरेशन का गठन किया है। अगले एक-दो महीने के अंदर ही सरकार चतुर्थ श्रेणी, संविदा, सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें संविधान और बाबा साहेब पर गौरव की अनुभूति होती है। बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर ने उस समय भी खतरों से जागरूक किया था।

कांग्रेस के बड़े नेता का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने 1923 में वंदे मातरम गाने से इन्कार कर दिया था। जब उनका अंतिम समय आया, तो उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि येरूशलम में मरूं। तब बाबा साहेब ने टिप्पणी की थी कि जो व्यक्ति भारत में पैदा होकर यहां की सुविधा का उपभोग करके भी भारत की धरती को पवित्र न मानता हो, उसका वक्तव्य कभी भी भारतवासियों के हित में नहीं हो सकता। अतिथियों का स्वागत आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डा. लालजी प्रसाद निर्मल ने किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, आंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार, महामंत्री अमरनाथ प्रजापति, कोषाध्यक्ष सत्या दोहरे आदि की उपस्थिति रही।

### बाबा साहेब के विचार, सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान निर्माता, 'भारत रत्न' बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शनिवार को कहा कि बाबा साहब के विचार, सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि सामाजिक न्याय के अग्रदूत, संविधान निर्माता, 'भारत रत्न' बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। बाबा साहब के विचार, सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं। समाज में व्याप्त विषमता, अन्याय और भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समानता, स्वतंत्रता और बंधुता पर आधारित समाज के निर्माण का जो सपना बाबा साहब ने देखा था, वह आज भी हम सभी के लिए पथप्रदर्शक है।

सेंसेक्स 85712.37
निफ्टी 26146.45

सोना रु. 130150
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 190000
प्रति किलो



# देशभर में 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जुड़ेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता**



रेलवे ने निजी विमानन कंपनी इंडिगो की उड़ानों के परिचालन में आई दिक्कतों के मद्देनजर यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने के लिए देशभर की 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया है।

रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है हवाई यात्रा बाधित होने के कारण अचानक काफी संख्या में यात्रियों ने रेलवे की ओर रुख किया है। यात्रियों की इस तत्काल बढ़ी हुई मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने देशभर की 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़े हैं, जिससे हजारों की संख्या में अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हो गई हैं। रेलवे ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने एक क्षेत्रवार कार्य योजना लागू की है और विभिन्न रेल मंडलों ने अपने सबसे व्यस्त और ज्यादा मांग वाले मार्गों पर कोचों की संख्या बघई। विज्ञप्ति में बताया गया है कि दक्षिणी रेलवे ने सबसे अधिक कोच जोड़े हैं। दक्षिण रेलवे ने 18 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए हैं। ये उपाय छह दिसम्बर से लागू हो गए हैं। इसमें विशेष तौर पर चेयर कार और स्लीपर क्लास के कोच शामिल हैं। वहीं उत्तर रेलवे भारी मांग वाले गलियारों पर दबाव कम करने के लिए आठ ट्रेनों में 3एसी (थर्ड एसी) और चेयर कार कोच जोड़े हैं। पश्चिमी रेलवे ने चार उच्च-मांग वाले मार्गों पर ट्रेनों में 3एसी और 2एसी कोचों की संख्या बढ़ाई है। इससे देश के पश्चिमी क्षेत्रों से राष्ट्रीय राजदानी की ओर आवाजाही सुगम होगी। पूर्वी मध्य रेलवे ने 6-10 दिसम्बर तक पांच फेरों के लिए राजेंद्र नगर-नई दिल्ली (12309) सर्विस में अतिरिक्त 2एसी कोच लगाया है, जिससे बिहार-दिल्ली के बीच आवागमन करने वाले यात्रियों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो। रेलवे ने कहा है कि पूर्वी रेलवे ने यात्रियों की मांग के मद्देनजर तीन प्रमुख ट्रेनों में सात और आठ दिसम्बर को छह फेरों के लिए स्लीपर क्लास कोच बढ़ाएगा।

# सोने का दाम गिरा, चांदी के भाव में तेजी आई

**नई दिल्ली।** सोने ने 1.30 लाख रुपये का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जबकि चांदी के भाव में तेजी देखी गई। अमेरिका में मंदी की आहट और फेडरल रिजर्व के फैसले से पहले बाजार में बड़ा सवाल यह है कि क्या सोना अब 1.50 लाख के ऐतिहासिक स्तर को छुएगा? 24 कैरेट सोने का भाव 540 रुपये घटकर 1,30,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा, वहीं सोने के उलट शनिवार को भारत में चांदी के रेट में तेजी आई है। 1 किग्रा चांदी 3,000 रुपये बढ़कर 1,90,000 रुपये पर आ गया है। इस हफ्ते चांदी ने सोने से बेहतर परफॉर्म किया है और इसमें 1 परसेंट से ज्यादा की तेजी आई है, जबकि सोने में 0.41 परसेंट की गिरावट आई है।

सेन्को गोल्ड के एमडी और सीईओ सुवंकर सेन का कहना है कि अगर ग्लोबल मार्केट का सपोर्ट मिलता रहा, तो सोना जल्द ही 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम का स्तर भी पार कर सकता है। आभूषण बनाने के लिए ज्यादा इस्तेमाल होने वाले 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,260 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। देश के अन्य महानगरों की बात करें, तो मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में भाव दिल्ली के मुकाबले थोड़े कम हैं, लेकिन वहां भी तेजी बरकरार है। इन शहरों में 22 कैरेट सोने का भाव 1,19,110 रुपये और 24 कैरेट का भाव 1,29,940 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा है। जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ जैसे उत्तर भारत के प्रमुख शहरों में कीमतें दिल्ली के बराबर ही बनी हुई हैं। वैश्विक बाजार की बात करें, तो चांदी का हाजिर भाव 58.17 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। चांदी में आई यह गिरावट उन लोगों के लिए एक अच्छा मौका है।

# चावल, गेहूं और दालों में रही नरमी, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमतों में गिरावट रही। गेहूं और दालों के दाम भी घट गए। चीनी में तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 38 रुपये घटकर 3,823.09 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं भी नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ और 2,844.45 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा आठ रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल.दलहनों में गिरावट रही। उड़द दाल 24 रुपये और तुअर दाल 57 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल 52 रुपये गिर गया। मसूर दाल की कीमत 54 रुपये और मूंग दाल की 15 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 69 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य तेलों में नरमी रही। मूंगफली तेल 93 रुपये और पाम ऑयल 28 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 14 रुपये और वनस्पति की नौ रुपये घट गई। सोया तेल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7812.14 रुपये, मसूर काली 8116.37 रुपये, मूंग दाल 10089.27 रुपये, उड़द दाल 10356.15 रुपये, तुअर दाल 10525.12 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2844.45 रुपये और चावल 3823.09 रुपये प्रति क्विंटल, आटा (गेहूं) 3288.75 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी. गुड़: चीनी एस 4335.25 रुपये और गुड़ 5024.90 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17705.97 रुपये, मूंगफली तेल 17654.54 रुपये, सूरजमुखी तेल 15699.01 रुपये सोया तेल 13781.16 रुपये, पाम ऑयल 12440.97 रुपये और वनस्पति 14461.12 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश की...** सरकार अब देशभर में स्पेशल कैंप लगाकर असली हकदारों को खोज रही है। अब तक लगभग 5000 जिलों में कैंप लगाकर करोड़ों रुपये सही लोगों तक वापस पहुंचाए जा चुके हैं। अंग्रेजों को पता था लंबे समय तक राज करना है, तो उनमें हीनभावना का संचार करना होगा। उस दौर में अंग्रेजों ने यही किया भी इसीलिए भारतीय पारिवारिक संरचना को पुराना बताया पोशाक का मजाक उड़ाया। त्योहार को इरेशनल कहा गया। भारतीय आविष्कारों का मजाक उड़ाया गया। पीढ़ी दर पीढ़ी यही चलता रहा। ऐसे ही भारतीयों का विश्वास चकनाचूर होता गया। भारत का स्पेस सेक्टर पहले सरकारी कंट्रोल में था हमने इसे प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला। आज इसके नतीजे देश देख रहा है। अभी 11 दिन पहले हैदराबाद में स्काई रूट कैंपस का इनॉगरेशन किया। यह भारत की प्राइवेट स्पेस कंपनी है। यह कंपनी फ्लाईरेडी विक्रम 1 बना रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी 7 की इकोनॉमी औसतन 1.5 फीसदी के पास है इन परिस्थितियों में भारत लो इंफ्लेशन मॉडल बना है। एक समय देश में ज्यादा महंगाई को लेकर चिंता जताते थे आज वे कम होने की बात करते हैं। एक समय था जब भारत में रिफॉर्म स्वार्थ के चलते होते थे। या संकट को मैनेज करने के लिए लेकिन आज देशहित में होते हैं। देश के हर सेक्टर में कुछ न कुछ बेहतर होता रहता है। हमारा इंटेंट नेशन फर्स्ट का है। भारत के एक सामर्थ्य का बड़ा हिस्सा लंबे समय तक अनटैप रहा है। हमारा पूर्वी भारत, गांव, नारी शक्ति, छोटे शहर, यूथ पावर, ब्लू इकोनॉमी का इस्तेमाल पहले के दशकों में हो ही नहीं पा रहा था। भारत अब इनके साथ आगे बढ़ रहा है। पूर्वी भारत में आधुनिकता पर निवेश हो रहा है, हमारे गांव भी आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहे हैं। हमारे गांव में किसान एफपीओ बनाकर मार्केट से जुड़ रहे हैं। हमारे देश में ऐसे प्रावधान थे, जहां छोटी गलती को गंभीर अपराध माना जाता था। हम कानून लाए उन्हें अपराध की कैटैगरी से हटाया। पहले 1000 रुपये के लोन के लिए बैंक गारंटी मानता था। हमने इसे तोड़ा। अब 37 लाख तक गारंटी फ्री लोन मिलता है। इस पैसे से उन परिवारों के नौजवानों को एन्टरप्रेन्योर बनने का अवसर मिल रहा है।

**सरकार नेहरू को...** जा रहा है। उनकी बहुमुखी विरासत खत्म करके दोबारा इतिहास लिखने की कोशिश हो रही है। सोनिया गांधी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में नेहरू की भूमिका और स्वतंत्र भारत के शुरुआती कठिन दशकों में उनके नेतृत्व को कम दिखाने की कोशिश की जा रही है। उनकी बहुआयामी विरासत को एकतरफा तरीके से नुकसान पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह प्रयास कौन कर रहा है, हम सभी जानते हैं। यह वे ताकतें हैं, जो साल-दशकों से सक्रिय हैं और अब सामने आई हैं। ये उस विचारधारा से जुड़ी हैं, जिसका स्वतंत्रता आंदोलन में कोई योगदान नहीं था और न ही संविधान निर्माण में उनकी कोई भूमिका थी। बल्कि, उन्होंने संविधान का विरोध किया और उसकी प्रतियां जलाने तक की घटनाएं की थीं। सोनिया गांधी ने कहा कि यह वही विचारधारा है, जिसने लंबे समय पहले नफरत का माहौल बनाया, जिसके कारण महात्मा गांधी की हत्या हुई। आज भी उस विचारधारा को मानने वाले लोग गांधी के हत्यारों का महिमामंडन करते हैं। यह विचारधारा लगातार हमारे नेताओं के मूल्यों को खारिज करती रही है।

# इंडिगो संकट के बीच अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

इंडिगो संकट के बीच टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया और उसकी सहयोगी एयर इंडिया एक्सप्रेस अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी।

एयर इंडिया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि वह यात्रियों और उनके बैगेज को जल्द से जल्द उनके गंतव्यों तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने के विकल्प तलाश रही है। एयर इंडिया ने दावा किया है कि उसने 04 दिसम्बर से जारी भारी मांग के बीच खुद ही पहल करते हुए किराए की कैपिंग की है, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो। हालांकि इस पोस्ट के उत्तर में कुछ नेटिजन्स ने एयर इंडिया के ऐप के स्क्रीनशॉट साझा किए हैं, जिसमें साफ दिख रहा है कि किराया कई गुना पहुंच चुका है। साथ ही कुछ ने अपने टिकट की तस्वीर और कुछ ने अन्य प्लेटफॉर्मों पर टिकट की कीमत के स्क्रीनशॉट साझा किए हैं। उल्लेखनीय है कि इंडिगो की 4 दिसम्बर से अबतक लगभग दो हजार उड़ानें रद्द हो चुकी हैं और आज रात तक यह संख्या और बढ़ सकती है। सूत्रों ने बताया कि अप्रत्याशित मांग को देखते हुए सरकार ने इंडिगो के अलावा दूसरी विमान सेवा कंपनियों से अस्थाई तौर पर अतिरिक्त उड़ानें चलाने के लिए कहा है।

### होटलों, उड़ानों का भी अधिकतम किराया तय हो: खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को उपभोक्ता वस्तुओं के अधिकतम खुदरा मूल्य की तरह होटलों और उड़ानों जैसी सेवाओं का भी अधिकतम किराया तय करने की मांग की। दिल्ली की चांदनी चौक सीट से भाजपा सांसद ने इंडिगो संकट के मद्देनजर केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी को लिखे पत्र में कहा कि इंडिगो संकट के कारण घरेलू हवाई किराए सामान्य स्तर से बढ़कर 70,000-80,000 रुपये तक पहुंच गए हैं। वहीं दिल्ली के एयरोसिटी क्षेत्र के होटल प्रति रात 70,000 रुपये से अधिक वसूल रहे हैं। इससे फंसे हुए यात्रियों को खुले आम संकट- आधारित लूट का शिकार होना पड़ रहा है। सुझाव दिया है कि परिचालन संकट की स्थिति में एयरलाइंस और होटलों द्वारा वसूले जाने वाले किरायों को नियंत्रित करने के लिए एमआरपी की तर्ज पर 'अधिकतम स्वीकार्य किराया' की व्यवस्था लागू की जाए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK



# खाद्य तेल के 'री-यूज' पर कड़ी निगरानी

## सीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश के नेतृत्व में राज्य में तेज हुई मुहिम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देशों व स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में एफडीए आम जनता को स्वास्थ्य वर्धक व सुरक्षित भोजन मुहैया कराने को लेकर लगातार प्रयासरत है।

फूड डिलीवरी एप्स और रेडी-टू-ईट संस्कृति के इस दौर में घर में बना ताजा भोजन एक विकल्प से अधिक आदत और जिम्मेदारी दोनों है। लेकिन बदलती लाइफस्टाइल के चलते बड़ी आबादी बाजार के खाने पर निर्भर होती जा रही है। खासकर युवा पीढ़ी में बाहर के खाने का चलन तेजी से बढ़ा है, जिसका दुष्प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में एक बार इस्तेमाल हो चुके खाद्य तेल को पुन: पकाने में उपयोग करने की प्रवृत्ति आम होती जा रही है।



"राज्य सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी स्थिति में जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस्तेमाल किए गए तेल का दोबारा उपयोग रो. कने का अभियान केवल नियम लागू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिकों की सेहत बचाने का संकल्प है। उत्तराखंड ने रुको को न सिर्फ सफल बनाया है, बल्कि इसे सामाजिक जागरूकता की मुहिम में बदलकर देश के सामने एक नया मानक स्थापित किया है। हम इस अभियान को और व्यापक रूप में आगे बढ़ाएंगे, ताकि स्वस्थ उत्तराखंड का लक्ष्य तेजी से हासिल किया जा सके...

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड।**

शोध बताते हैं कि बार-बार गर्म किए गए तेल में हानिकारक रसायन बनते हैं, जो हृदय रोग, कैंसर और उच्च ट्रांस फैट जैसी स्थितियों का खतरा कई गुना बढ़ाते हैं। इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने वर्ष 2018 में देशव्यापी रिपरपज यूज्ड कुकिंग ऑयल मिशन की शुरुआत की। इसका उद्देश्य प्रयोग किए गए तेल को खाद्य श्रृंखला में वापस जाने से रोकना तथा उसे बायोफ्यूल जैसे गैर-खाद्य उपयोगों में परिवर्तित करना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में रुको मिशन को उत्तराखंड में मिशन मोड में लागू किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि एक बार इस्तेमाल होने वाला खाद्य तेल किसी भी हालत में खाद्य श्रृंखला में वापस न जाए। इसके लिए फूड बिजनेस ऑपरेटरों, होटलों, रेस्टोरेंट्स, ढाबों और सभी खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। आम जनता भी अब इस मुद्दे के प्रति अधिक संवेदनशील हो रही है। अगले चरण में हम तकनीकी निगरानी, बड़े पैमाने पर संग्रहण तंत्र और बायोफ्यूल निर्माण क्षमता को और मजबूत करेंगे। यह मुहिम केवल स्वास्थ्य सुरक्षा ही नहीं, पर्यावरण संरक्षण का भी महत्वपूर्ण कदम है... **डॉ. आर. राजेश कुमार, स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त एफडीए**

अपर आयुक्त एफडीए ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि उत्तराखंड खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन आगामी वर्षों में इस मुहिम को और तीव्र गति से आगे बढ़ाने की तैयारी कर रहा है।

यह दून मॉडल ईट राइट इंडिया और रुको पहल के तहत विकसित एक अभिनव प्रणाली है, जिसकी सराहना भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने भी की। राज्य एफडीए अब इसे गढ़वाल और कुमाऊँ में चरणबद्ध तरीके से लागू करने जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' पर प्रदेशवासिंयों को दी शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के अवसर पर प्रदेशवासिंयों को शुभकामनाएं दी हैं। 'सशस्त्र सेना झण्डा दिवस' की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन राष्ट्र के सजग प्रहरियों के अविस्मरणीय बलिदानों और सेवाओं को स्मरण करने और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। अदम्य साहस, पराक्रम एवं देश की रक्षा के लिये प्राणों की आहुति देने वाले तथा विषम परिस्थितियों में आम नागरिकों के जीवन की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले हमारे वीर सैनिकों पर भारत के प्रत्येक नागरिक को गर्व है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष' में सैनिक परिवारों के कल्याण के लिए अपना योगदान देने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन बलिदानों को याद करने का दिन है।

# सीएम ने डॉ. अंबेडकर को अर्पित किए श्रद्धासुमन



■ कहा - बाबा साहेब ने जीवन पर्यंत शिक्षा, समानता और स्वाभिमान की अलख जगाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्य तिथि पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने जीवन पर्यंत शिक्षा, समानता और स्वाभिमान की अलख जगाई। उन्हीं के मार्ग का अनुसरण करते हुए उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू कर, सामाजिक समरसता और न्याय के सपने को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।

# जोशी ने किया 20 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

■ हर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर रही राज्य की धामी सरकार : जोशी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए करोड़ों रुपए की योजनाओं का शिलान्यास किया।

सालावाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री जोशी ने सालावाला पुल से विजय कालोनी पुल तक मुख्य मार्ग के अपग्रेडेशन कार्य (लागत 1171.56 लाख), रिंग फेंस कार्यक्रम के अंतर्गत रविन्द्रपुरी, देहरादून सीवरेज योजना (लागत 269.38 लाख) तथा जिला पंचायत क्षेत्र चंद्रोटी में विभिन्न ग्राम पंचायतों की आंतरिक सड़कों के निर्माण कार्य (लागत 472.81 लाख) का विधिवत शिलान्यास किया।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने इन विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जनता की सरकार, जनता के द्वार के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर रही है।

मंत्री जोशी ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। कार्यक्रम में भाजपा की प्रदेश मंत्री भाजपा नेहा जोशी, सुरेंद्र राणा, भूपेंद्र कठेत, आर.एस. परिहार, पूनम नौटियाल, मोहन बहुगुणा, सत्येंद्र नाथ, लक्ष्मण सिंह रावत, ज्योति कोटिया, किरन, निर्मला थापा, वंदना बिष्ट, संध्या थापा, मदन सिंह पुंडीर, रेनू शर्मा, महेंद्र प्रताप, नैन सिंह पंवार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष पर सरकार हुई अलर्ट

■ वन मंत्री ने दिए सुरक्षा बढ़ाने के दिशा-निर्देश

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के पर्वतीय इलाकों में पिछले कुछ सप्ताहों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं।

कई स्थानों पर भालू और गुलदार के हमलों से ग्रामीणों के घायल होने, पशुधन के नुकसान, और स्कूल जाने वाले बच्चों में भय जैसी परिस्थितियाँ सामने आई हैं। पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली में रात के समय गुलदार की बढ़ती गति. विधियों ने स्थानीय आबादी को खासा चिंतित किया है। वहीं, उत्तरकाशी और टिहरी में भालुओं के घरों के आसपास भटकने की घटनाओं ने सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं।



"मानव-वन्यजीव संघर्ष को सरकार अत्यधिक गंभीरता से ले रही है। हाल की घटनाओं के बाद पूरे तंत्र को मिशन मोड में सक्रिय किया गया है, ताकि जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके.....

**सुबोध उनियाल, वन मंत्री**

### प्रभावित क्षेत्रों को मिलेंगे अतिरिक्त उपकरण और संसाधन

**देहरादून।** भालू व गुलदार की गतिविधियों से परेशान 20 वन प्रभागों में तुरंत सुरक्षा संसाधन भेजे जाएंगे। प्रत्येक प्रभाग को 50 सोलर लाइट, 25 बुश कटर, फॉक्स लाइट, ट्रैंकुलाइजिंग उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

### जनप्रतिनिधियों से सहयोग का आह्वान

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने सभी सांसदों व विधायकों से आग्रह किया कि वे अपनी निधि से ऐसे क्षेत्रों में सहयोग दें, जहाँ हाल के दिनों में संघर्ष की घटनाएँ लगातार बढ़ी हैं। इससे राहत और सुरक्षा प्रयासों में तेजी लाई जा सकेगी। पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी जैसे जिलों को अत्यधिक संवेदनशील श्रेणी में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। ये अधिकारी जमीनी स्थिति की निगरानी करेंगे और राहत कार्यों को तुरंत गति देंगे।

### ...बाघ, गुलदार और भालू अलग ही तंग कर रहे: हरदा



**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड में हो रहे वन्य जीव संघर्ष का मामला प्रदेश के साथ ही दिल्ली संसद भवन में भी सुनाई दे रहा हैं। बीते दिन लोकसभा में सांसद अनिल बलूनी ने उत्तराखंड में जंगली जानवरों के आतंक का मुद्दा उठाया था। साथ ही सदन के भीतर इस बात को कहा कि उत्तराखंड में वन्यजीवों के हमलों के कारण स्थानीय लोग अपनी जान गवां रहे हैं और घायल हो रहे हैं। इस कारण ग्रामीणों का घर से निकलना, बच्चों का स्कूल जाना, महिलाओं का जंगल जाना खतरे से खाली नहीं है। त्वरित, कारगर रणनीति बनाई जाए। उत्तराखंड में लगातार हो रहे वन्य जीव के हमले के सवाल पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि 'धामी जी का बाघ, गुलदार और भालू, अलग ही तंग कर रहे हैं, पता नहीं कहां से इन्हें ले आए हैं। अचानक इतने बाघ, भालू और सूअर आज तक उन्होंने नहीं देखे, जितने इस समय आ गए हैं, जब से धामी जी धाकड़ हुए हैं, तब से लग रहा है कि वन्य जीव पता नहीं कहां से आ गए हैं, जो गांव-गांव में लोगों को परेशान कर दिया है।

इन्हीं घटनाओं की पृष्ठभूमि में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वन मंत्री सुबोध उनियाल की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सुरक्षा को मिशन मोड में मजबूत करने के लिए कई निर्णय लिए गए।

# जनपद दौरों में सीएम के साथ संगठन की बैठकें होंगी सुनिश्चित: भट्ट

■ भाजपा संगठन एसआईआर में करेगा पूरी तरह सहयोग



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा संगठन मुख्यमंत्री के जनपदों होने वाले आगामी दौरों में सीएम के साथ संगठन की बैठके भी सुनिश्चित करने जा रही है। जिसके लिए कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

वहीं एसआईआर को स्पष्ट किया कि भाजपा चुनाव आयोग का हर संभव सहयोग करेगी जिसके लिए पार्टी कार्य योजना बना रही है। पार्टी मुख्यालय में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए भट्ट ने बताया कि पार्टी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जनपदों में होने वाले दिसंबर माह के दौरों को लेकर सांगठनिक योजना तैयार कर रही है।

संगठन का प्रयास होगा कि मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ उनकी बैठक हो। ताकि स्थानीय विकास योजनाओं, जनसमस्याओं और कार्यकर्ताओं के मुद्दों पर विचार विमर्श कर तत्काल समाधान चर्चा हो सके। उन्होंने बताया कि अगले एक-दो दिन में इस दौरे को लेकर संगठन की कार्य योजना को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

उन्होंने राज्य में एसआईआर की तैयारी को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर पूरी तरह इस संवैधानिक प्रक्रिया के साथ है। कार्यकर्ता चुनाव आयोग को हर संभव मदद करेंगे। शीघ्र ही विस्तृत कार्य योजना तैयार, सांगठनिक तैयारी कर ली जाएगी।

### हरक की कुंडली में नाड़ी षडाष्टक दोष, किसी पार्टी में टिकना असंभव



**देहरादून।** प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत द्वारा लगातार भाजपा नेताओं पर की जा रही अनर्गल बयानबाजियां एवं भविष्यवाणियों पर व्यंग करते हुए उन्होंने कहा की वह दूसरों की हस्तरेखा देख रहे हैं, जबकि उनकी कुंडली में ही नाड़ी षडाष्टक दोष है। इसी वजह से वह किसी भी दल में टिक नहीं पाते हैं। पहले सपा में गए ,फिर बसपा में गए, लेकिन वहां जन्मपत्री नहीं जुड़ी और भाजपा में तो कभी जुड़ने का अवसर ही नहीं आया। वहीं कांग्रेस में कितने दिन तक वे टिक सकेंगे, स्वयं उनको भी भरोसा नहीं होगा।

### गोदियाल ने दी प्रवक्ताओं को हिदायत

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया/पैनलिस्ट कमेटी के भंग होने के बाद भी प्रवक्ताओं की और से भेजी जा रही विज्ञप्तियों और बयान को लेकर प्रदेश अध्यक्ष गणेश ने कड़ा रूख अपनाया है। टैलेंट हंट के माध्यम से होने वाली नई कमेटी के गठन तक मीडिया पैनलिस्ट कमेटी के पदाधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में पार्टी का पक्ष रखने के निर्देश दिये गये थे। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र भण्डारी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने प्रदेश मुख्यालय में मीडिया में पार्टी का पक्ष रखने को नियमित रूप से प्रदेश कार्यालय में बैठने वाले निवर्तमान प्रवक्ताओं को अलग-अलग दिवस इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में पार्टी का पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। मीडिया में पार्टी की ओर से जाने वाली प्रेस विज्ञप्तियां अलग-अलग ग्रुपों के माध्यम से न भेजकर केवल पार्टी की अधिकृत ईमेल से ही भेजी जायं।

# कांग्रेस के सिरमौर हैं पूर्व सीएम हरीश रावत: शैलजा

■ उत्तराखंड कांग्रेस को हमेशा उनके मार्गदर्शन की जरूरत रहेगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र धीरेंद्र प्रताप ने कांग्रेस की राज्य प्रभारी शैलजा से मुलाकात कर राज्य कांग्रेस के मसलों व राजनी. तिक हालात पर लंबी बातचीत की।

उन्होंने बताया कि काग्रेस प्रभारी शैलजा ने स्पष्ट किया कि पिछले दिनों उत्तराखंड कांग्रेस के जिन पांच नेताओं को जब दिल्ली बुलाया गया था और जिनकी राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात हुई थी वह केवल एक फोटो शूट था और इसमें हरीश रावत को ना बुलाए जाने का कोई सवाल नहीं था। यह पार्टी के नए बनाए गए पदाधिकारिओ की राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से अनौपचारिक मुलाकात थी और इसमें हरीश रावत को ना बुलाया जाना जैसा कोई सवाल नहीं था।

शैलजा ने कहा हरीश रावत कांग्रेस के सिरमौर है उनकी उपेक्षा का कोई सवाल नहीं है। पार्टी उत्तराखंड में उनके जैसे नेता की उपेक्षा की सपने में भी नहीं सोच सकती।

धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि इस संबंध में पार्टी के सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने भी कहा है की हरीश रावत पार्टी के शीर्ष नेता हैं और उत्तराखंड कांग्रेस को हमेशा उनके मार्गदर्शन की जरूरत रहेगी और वह पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं में से एक हैं।

# पीएमजीएसवाई के तहत सड़क उन्नयन का तीन चौथाई कार्य पूरा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़क उन्नयन का तीन चौथाई कार्य पूरा हो चुका है। वहीं पर्यटन की स्वदेश दर्शन एवं प्रसाद योजना में लगभग 300 करोड़ की 5 परियोजनाएं मंजूर की गई हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा सदन में विभिन्न विषयों को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में यह जानकारी सामने आई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय से उत्तराखंड में पीएमजीएसवाई के तहत सड़क उन्नयन परियोजनाएं को मांगी जानकारी के जबाब में केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान ने बताया कि 1 दिसंबर तक राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के विभिन्न घटकों के अंतर्गत 2701.64 करोड़ रु. की परियोजना लागत के कुल 447 सड़क उन्नयन कार्य (4043.40 किमी) स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 1918.94 करोड़ रु. के व्यय (राज्य अंश सहित) के साथ 313 सड़क उन्नयन कार्य (3212. 84 किमी) पूरे किए जा चुके हैं।

वहीं उत्तराखंड में पर्यटन विकास को लेकर उन्होंने स्वदेश दर्शन योजना और प्रसाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना की जानकारी मांगी गई है।

जिसके जवाब में पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि श्तीर्थस्थल कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)श और स्वदेश दर्शन की अपनी जारी योजनाओं के माध्यम से उत्तराखंड सहित देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों / संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है। जिसमें प्रशाद योजना के तहत, मंत्रालय ने चिह्नित तीर्थस्थलों पर पर्यटकों के आध्यात्मिक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उत्तराखंड में 145. 28 करोड़ रुपये की कुल स्वीकृत लागत से तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

वहीं भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया कि यह केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जो 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के लिए एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है, जिसमें 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर न्यूनतम मासिक सुनिश्चित पेंशन 3000/- रुपये की न्यूनतम मासिक सुनिश्चित पेंशन का प्रावधान है, जो बहिष्करण मानदंडों के अधीन है।

# योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे : सीएम

■ कहा-बागेश्वर में पर्यटन व स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए हेली सेवाओं और सड़क चौड़ीकरण पर तेजी से काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार बागेश्वर में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न विभागोंख्रलोक निर्माण विभाग, शिक्षा, पीएमजीएसवाई, जल संस्थान, विद्युत, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, कृषि एवं उद्यानख्रकी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।

सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाएँ निरंतर सुचारू रहें और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बागेश्वर में पर्यटन, प्राकृतिक संसाधन, सांस्कृतिक धरोहर और कृषि आधारित आर्थिक गतिविधियों के विकास की अपार संभावनाएँ हैं।

उन्होंने साहसिक पर्यटन के नए स्थलों की पहचान करने और विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण और हेली सेवाओं के विस्तार पर तेजी से कार्य हो रहा है, जिससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

कृषि एवं उद्यान विभाग को लाल चावल, अदरक, हल्दी जैसी स्थानीय फसलों के लिए मजबूत बाजार उपलब्ध कराने, शहद उत्पादन को मिशन मोड में बढ़ाने तथा एप्पल-कीवी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों को आधुनिक तकनीक व मार्केट लिंक से जोड़ने के निर्देश दिए गए।

समाज कल्याण विभाग को जागरूकता शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब पेंशन राशि प्रत्येक माह की 05 तारीख को समय पर खातों में भेजी जा रही है, जबकि पहले इसमें तीन माह तक लग जाते थे।

जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे सहित सभी विभागाध्यक्षों ने मुख्यमंत्री को जनपद में संचालित प्रमुख विकास योजनाओं, उपलब्धियों एवं प्रगति का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया ।

इस दौरान विधायक सुरेश गढ़िया एवं पार्वती दास तथा अन्य जनप्रति. निधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने ताइक्वांडो खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ी प्रदेश का गौरव बढ़ाते हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी कार्य लंबित न रहे और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

CMYK

# सुरक्षा उपकरणों से मिलेगी जंगली जानवरों के आतंक से निजात

■ डीएम ने 50 लाख की अतिरिक्त धनराशि की स्वीकृत, गुलदार व भालू से बचाव को लेकर उपलब्ध कराए थर्मल ड्रोन, ट्रैंकुलाइजर एवं अन्य आवश्यक उपकरण





**शाह टाइम्ससंवाददता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में गुलदार, भालू एवं अन्य जंगली जानवरों की बढ़ती सक्रियता को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने के लिए अलर्ट मोड अपनाया है। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन ने मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने एवं स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 50 लाख रुपये की अतिरिक्त धनरा. शि आवंटित की गई है।

इस धनराशि से वन विभाग द्वारा आधुनिक उपकरणों की खरीद की जा रही है, जिससे जंगली जानवरों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा सके। उपकरणों में आधुनिक थर्मल ड्रोन, फॉक्स लाइट, ट्रैंकुलाइज गन, एनआईडस, आधुनिक पिंजरे एवं अन्य सुरक्षा सामग्री शामिल है। इन उपकरणों का उपयोग संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी, रेस्क्यू कार्यों तथा आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई के लिए किया जाएगा।

प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग रजत सुमन ने बताया कि हाल के दिनों में मानव-वन्यजीव संघर्ष में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस संबंध में जिला प्रशासन को नए उपकरणों की आवश्यकता से अवगत कराते हुए प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर बीते 28 नवंबर 2025 को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में जिलाधिकारी ने तत्काल स्वीकृति प्रदान की।

उन्होंने बताया कि आधुनिक उपकरणों के माध्यम से जंगली जानवरों की मूवमेंट को रियल-टाइम ट्रैक किया जा सकेगा, जिससे दुर्घटनाओं और हमलों में प्रभावी कमी लाने में सहायता मिलेगी। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने, अलर्ट सिस्टम मजबूत करने तथा रेस्क्यू की कार्यक्षमता को हाईली एफिशिएंट बनाया जा सकेगा।जिलाधिकारी प्रतीक जैन की ओर से निरंतर संबंधित विभागों से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति, जंगली जानवरों की गतिविधियों, नियंत्रण उपायों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तृत रिपोर्ट ली जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं तथा स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा निर्देशों की लगातार जानकारी दी जाए।

सावधानी ही सुरक्षा है-

जिला प्रशासन एवं वन विभाग की संयुक्त कार्य योजना का उद्देश्य मानव-वन्यजीव संघर्ष को नियंत्रण में लाकर स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने सभी लोगों से अपील की कि वे सतर्क रहें, अफवाहों से बचें तथा किसी भी घटना की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें।

# गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में सजेगा खेलों का महाकुंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रधानमंत्री की प्रेरणा से देश भर में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और ग्रामीण प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई सांसद खेल महोत्सव की धूम अब पहाड़ की वादियों में भी गूंजने वाली है। इसी क्रम में गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में इस भव्य खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई हैं। सांसद अनिल बलूनी की पहल पर आयोजित होने वाले इस महोत्सव का संयोजक मुकेश कोहली को बनाया गया है, जिनकी देखरेख में समूचे संसदीय क्षेत्र में खेलों का वातावरण तैयार किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशा और अन्य बुराइयों से दूर रखकर मैदान से जोड़ना और उनकी शारीरिक दक्षता को निखारना है।

सांसद खेल महोत्सव के तहत गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में पारंपरिक और आधुनिक खेलों का एक अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजकों ने खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस जैसे लोकप्रिय खेलों के साथ-साथ पहाड़ के पारंपरिक खेल "पिठ्ठू" को भी प्रतियोगिता में शामिल किया है, जिससे स्थानीय संस्कृति का भी संवर्धन हो सके। इस महाकुंभ का विधिवत और भव्य शुभारंभ 12 दिसंबर 2025 को पौड़ी जिला मुख्यालय पर सांसद अनिल बलूनी द्वारा किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रशासन और खेल विभाग ने अपनी कमर कस ली है और इसे एक उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

# मेले में शामिल हुए आचार्य बालकृष्ण व मंत्री डॉ. रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी गढ़वाल।**विकासखंड थलीसैंण क्षेत्र में आयोजित प्रसिद्ध बूंखाल कालिंका मेले में शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तड़के सुबह से ही भक्तों का आना-जाना लगातार जारी रहा। मेले में पहुंचकर पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक आचार्य बालकृष्ण और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विधिवत पूजा-अर्चना की और आयोजन में प्रतिभाग किया।



आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि बूंखाल मेला उत्तराखंड की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का अद्वितीय प्रतीक है। उन्होंने जिला प्रशासन और स्थानीय समितियों की ओर से की गयी तैयारियों को सराहनीय बताया और कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गयी व्यवस्थाएं अत्यंत संतोषजनक हैं।

■ विधिवत पूजा-अर्चना कर मेले में आए श्रद्धालुओं को भंडारे में प्रसाद वितरित किया,

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि बूंखाल मेला सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने सुरक्षा, स्वास्थ्य, यातायात, शटल सेवा और अन्य सुविधाओं को उत्कृष्ट बताते हुए प्रशासन की सराहना की। उन्होंने बताया कि बूंखाल कालिंका मंदिर का भव्य निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है और जल्द पूरा होने पर श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान उन्होंने मेले में आए श्रद्धालुओं को भंडारे में प्रसाद वितरण भी किया।

मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से पर्याप्त बल तैनात किया गया था। पेयजल, चिकित्सा, साफ-सफाई और पार्किंग की सुविधाएं भी सुव्यवस्थित रखीं गयीं, जिससे श्रद्धालुओं को पूरे दिन किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। मार्गों पर भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती प्रभावी रही।

इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी, सीओ श्रीनगर अनुज कुमार, बूंखाल चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर राजेंद्र सिंह नेगी, मंदिर के मुख्य पुजारी रमेश गोदियाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी परिषद ने डॉ. अम्बेडकर को की श्रद्धांजलि अर्पित

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर में एबीवीपी श्रीनगर इकाई ने समरसता दिवस पर भारत रत्त एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर छात्रों ने बाबा साहेब के छायाचित्र पर पुष्पाजंली अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर विद्यार्थी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. जेपी भट्ट ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विस्तृत जीवन परिचय को याद करते हुए छात्रों से उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कहीं। जिला प्रमुख डॉ. राकेश नेगी ने कहा कि बाबा साहेब केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और दार्शनिक थे।

## एक नजर .......

### आपदा से प्रभावित परिवारों को गैस चूल्हे एवं सिलेंडर राहत सामग्री वितरित

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को सहस्त्रधारा क्षेत्र में सितम्बर माह में आई दैवीय आपदा से प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान मंत्री जोशी ने आपदा में नुकसान झेल चुके कार्लीगाड़ और शेरा गांव के 33 प्रभावित परिवारों को गैस चूल्हे एवं गैस सिलेंडर प्रदान किए, ताकि वे अपने दैनिक जीवन को सुगमता से आगे बढ़ा सकें। मंत्री जोशी ने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों के साथ हर समय खड़ी है।इस अवसर पर प्रदेश मंत्री भाजपा नेहा जोशी, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### एनएच पर गड्ढे भरने का कार्य शुरू

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र के पराग डेयरी से लेकर चुंगी तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने गड्ढों को भरने का कार्य शुरू हो गया है। निगम के वार्ड 29 पार्षद पूजा किमोठी ने एनएच विभाग कि कार्रवाई पर आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि बीते सोमवार को पार्षद किमोठी ने इस संबंध में एनएच विभाग को पत्र भेज शीघ्र कार्यवाही की मांग की थी। बताया कि पौड़ी-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के इस हिस्से में जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे प्रतिदिन वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। अब पैच वर्क शुरू होने के बाद स्थानीय लोगों के साथ वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी।

### कीर्तिनगर शहीदी मेले में होगी वॉलीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता

**श्रीनगर।** दशकों से कीर्तिनगर तहसील परिसर में लग रहे मोलू भरदारी एवं नागेंद्र शकलानी शहीदी मेले में महिला वालीबाल एवं कब्बडी प्रतियोगिता होगी। महिला खेल प्रतियोगिता के संबंध मे माध्यम वर्ग बालि. का एवं महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के संस्थापक देवेन्द्र ने खेलेगी मां तो सीखींगे बच्चे का श्लोगन के तहत कीर्तिनगर उपजिलाधिकारी मंजू राजपूत को शहिदी मेले में महिला वालीबाल एवं कब्बडी प्रतियोगिता कराने के संबंध मे पत्र सौंपा। महिला खेल प्रतियोगिता कराने के पत्र को स्वीकारते हुए उपजिलाधिकारी मंजू राजपूत ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं जो देवेन्द्र गौड़ आयोजित करते हैं वह स्वयं इसके संस्थापक भी हैं तो यह एक बेहतरीन पहल है। माध्यमिक वर्ग बालिका एवं महिला क्रिकेट प्रतियोगिताएं अगर वह दशकों से कराते आ रहे हैं तो यह एक बेहतरीन सोच का ही नतीजा है, जो 30 वर्ष उम्र का पड़ाव पार कर चुकी महिलाएं भी भाग लेती हैं, तो इससे बेहतरीन शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ क्या हो सकता है। उन्होंने कहा आगे भी ऐसे खेल प्रतियोगिताएं निरंतर करने का प्रयास करना चाहिए। उपजिलाधिकारी ने नगर पंचायत को खेल प्रतियोगिता कराने के लिए पत्र प्रेषित किया है।

### सिद्धबली महोत्सव के दूसरे दिन रही गढ़वाली भजनों की धूम

**कोटद्वार ।** शनिवार को श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान महोत्सव के दूसरे दिन देर शाम तक भजन संध्या आयोजित हुई, जिसमें हजारों भक्तों ने बाबा के जयकारे लगाए । इस दौरान प्रस्तुत भजनों पर बाबा के भक्तों को झूमने को मजबूर कर दिया । भजन संध्या में जागर सम्राट मंगलेश डंगवाल के नेतृत्व में गणेश वंदना, जय सिद्धबली बाबा, हनुमान जी के भजन और भोले शंकर की झांकी निकाली गई । साथ ही भक्तों ने लंबी लाइन में लगाकर प्रसाद को ग्रहण किया ।कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि शंकराचार्य राजराजेश्वर जी व स्वामी ललिता नन्द जी महाराज ने बताया कि भगवान राम जैसा न कोई है, न कोई हुआ है और न ही कोई होगा ।घ्उन्होंने कहा कि राम की परिपूर्णता हनुमान के साथ है । भाई के साथ लड़ाई करने वाले भाई को रामचरितमानस का आयोजन करने का अधिकार नहीं है । राम के नाम से ही मुक्ति संभव है । कलयुग में केवल भगवान के नाम को ही सर्वश्रेष्ठ बताया गया है । मन से भगवान का स्मरण करने वालों के समस्त कष्ठ दूर हो जाते हैं ।

### गुलदार ने महिला को बनाया निवाला

**कोटद्वार ।** पहाड़ों में लगातार गुलदार के हमले की घटनाएं सामने आ रही है । पौड़ी के बाद अब जयहरीखाल ब्लॉक में भी गुलदार ने एक महिला को अपना निवाला बना दिया है । मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम लगभग 5रू30 बजे विकासखंड जयहरीखाल के थाना लैंसडाउन के अंतर्गत ग्राम शेरोबगड़ सैंधीखाल में गुलदार ने उर्मिला देवी पत्नी राजेंद्र सिंह, उम्र लगभग 60 वर्ष पर घर के बाहर आंगन में हमला कर दिया । जिसके बाद गुलदार उर्मिला को झाडियों में खींच कर ले गया। हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई ।मौके पर वन विभाग की टीम व प्रशासन की टीम पहुँच गयी थी । स्थानीय विधायक लैंसडाउन दिलीप सिंह रावत भी मौके पर पहुंचे और हर संभव मदद का आश्वासन दिया ।घटना को लेकर ग्रामीणों में अत्यधिक रोष है।

### देहरादून-टिहरी-श्रीनगर-गौचर हेली सेवा फिर शुरू

**श्रीनगर।** देहरादून से गौचर के लिए हेली सेवा शनिवार से शुरू हो गई है। यह हवाई सेवा केंद्र सरकार की क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत संचालित की जा रही है, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को किफायती हवाई सुविधा मिलने की उम्मीद है। हेरिटेज एविएशन कंपनी ने यात्रियों को आकर्षित करने के लिए किराये में कटौती की है। कंपनी ने श्रीनगर से गौचर एवं श्रीनगर से टिहरी मार्ग का किराया 1500 रुपये से घटाकर 1000 रुपये कर दिया है। शनिवार को 11:36 बजे देहरादून से यात्रियों को लेकर हेलीकॉप्टर श्रीनगर जीवीके हेलीपैड पर उतरा, हालांकि यहां से गौचर के लिए कोई यात्री नहीं मिला। दोपहर में हेलीकॉप्टर गौचर से श्रीनगर होते हुए टिहरी वाया देहरादून रवाना हुआ, लेकिन श्रीनगर से देहरादून के लिए भी कोई सवारी नहीं रही। दूसरी शिफ्ट में श्रीनगर से गौचर के लिए तीन यात्रियों ने यात्रा की, जबकि वापसी में छह यात्री देहरादून के लिए रवाना हुए। हेरिटेज एविएशन के प्रबंधक मनीष भंडारी ने बताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से हेली यात्रा अब काफी किफायती हो गई है।

# डॉ. अंबेडकर को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, समाज सुधारक और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को समूचे टिहरी जनपद में उन्हें कृतज्ञता के साथ याद किया गया। जिला मुख्यालय पर विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और छात्र समूहों ने बाबा साहेब के चित्र और मूर्तियों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा रचित संविधान की बदौलत ही आज भारत विश्व पटल पर एक मजबूत लोकतांत्रिक देश के रूप में अपनी पहचान बना पाया है। उनके विचारों और आदर्शों को याद करते हुए वक्ताओं ने समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान का संकल्प लिया।शनिवार को नई टिहरी स्थित अंबेडकर पार्क में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष उदय रावत के नेतृत्व में एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया।

# पुजारगांव के अस्तित्व पर मंडराया अवैध खनन और डंपिंग का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पट्टी भदूरा के पुजारगांव में अवैध खनन और अनियंत्रित डंपिंग ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। गांव के ऊपरी हिस्से में हो रहे अवैध खनन और रिहायशी इलाकों के पास बनाए जा रहे डंपिंग जोन से भविष्य में गांव के अस्तित्व पर ही संकट गहराने लगा है। इस गंभीर समस्या को लेकर पुजारगांव के ग्राम प्रधान दिनेश जोशी के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने उपजिलाधिकारी प्रतापनगर को एक ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में चल रही इन अवैध गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है, ताकि किसी भी संभावित आपदा से बचा जा सके।

उपजिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए बताया कि भदूरा क्षेत्र के कुछ गांवों में हो रहे भवन निर्माण और अन्य विकास कार्यों के उपरांत निकलने वाले मलबे को मनमाने ढंग से पुजारगांव के "डोब्या नामे तोक" में डंप किया जा रहा है। यह स्थान डंपिंग के लिए निर्धारित नहीं है, जिसके चलते पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध डंपिंग के कारण उनकी उपजाऊ कृषि भूमि मलबे के नीचे दबकर बर्बाद हो रही है। इसके अलावा, मलबे के गिरने से गांव की मुख्य पेयजल लाइनें भी बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही हैं, जिससे ग्रामीणों के सामने पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। खेती-बाड़ी ही यहां के निवासियों की आजीविका का मुख्य साधन है, और इस प्रकार की गतिविधियों से उनकी आर्थिकी पर सीधा प्रहार हो रहा है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने एक और गंभीर मुद्दे की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों द्वारा पुजारगांव के ठीक ऊपरी हिस्से में अवैध रूप से खनन कार्य किया जा रहा है। गांव के सिरहाने पर हो रहे इस खनन के कारण जमीन की पकड़ ढीली हो रही है, जिससे भविष्य में भूस्खलन और भारी तबाही का खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इस अवैध खनन पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो बरसात के मौसम में यह गांव के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि डोब्या नामे तोक में किए जा रहे मलबा डंपिंग और गांव के ऊपर हो रहे अवैध खनन को तुरंत रोका जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

# राशन कार्ड धारकों को मिली बड़ी राहत, अब पंद्रह दिसंबर तक करा सकेंगे अपना ई-केवाईसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत राशन प्राप्त कर रहे उपभोक्ताओं के लिए एक राहत भरी खबर है। शासन ने राशन कार्ड धारकों और उनमें दर्ज समस्त सदस्यों के अनिवार्य ई-केवाईसी (नो योर कस्टमर) करवाने की समय सीमा को विस्तारित कर दिया है।

अब जनपद के राशन कार्ड धारक आगामी 15 दिसंबर 2025 तक अपनी सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। जिला प्रशासन और पूर्ति विभाग ने यह कदम उन उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए

■ जिला पूर्ति अधिकारी ने बढ़ाई सत्यापन की अंतिम तिथि, सस्ते गल्ले की दुकानों पर बायोमेट्रिक अपडेट कराना अनिवार्य,राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए मोबाइल सीडिंग और सत्यापन जरूरी

उठाया

है जो किन्हीं कारणों से अभी तक अपना सत्यापन नहीं करवा पाए थे।

जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने शासन से प्राप्त निर्देशों का हवाला देते हुए इस संबंध में विस्तृत जानक. ारी साझा की है। उन्होंने बताया कि राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने और अपात्रों को हटाकर केवल पात्र व्यक्तियों तक अनाज पहुंचाने के उद्देश्य से ई-केवाईसी की प्रक्रिया को अनिवार्य किया गया है। विभाग ने देखा कि कई उपभोक्ता अभी भी इस प्रक्रिया से वंचित हैं, जिसे देखते हुए अंतिम तिथि को विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। यह विस्तार उपभोक्ताओं के लिए एक अंतिम अवसर की तरह है ताकि वे बिना किसी हड़बड़ी के अपनी प्रक्रिया पूर्ण कर सकें।जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के समस्त राशन कार्ड धारकों से पुरजोर अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और अविलंब अपने नजदीकी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान (राशन डीलर) पर जाएं। वहां स्थापित पीओएस (पॉस) मशीन के माध्यम से अपना और अपने परिवार के सभी सदस्यों का बायोमेट्रिक सत्यापन करवाएं। इसके साथ ही उन्होंने राशन कार्ड में मोबा. इल नंबर सीडिंग करवाने पर भी जोर दिया है, ताकि उपभोक्ताओं को राशन उठान और विभाग से जुड़ी सूचनाएं एसएमएस के माध्यम से समय पर मिल सकें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में राशन की निर्बाध आपूर्ति के लिए यह प्रमाणीकरण अत्यंत आवश्यक है।

# दीक्षांत समारोह की तिथि जल्द घोषित किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तिथि घोषित करने, विभिन्न विभागों में आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध कराने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर आर्यन छात्र संगठन ने शनिवार को विवि के कुलसचिव से वार्ता की। इस दौरान उन्होने जल्द मांगों पर शीघ्र कार्यवाही न होने पर वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

ज्ञापन सौंपते हुए गढ़वाल विवि के छात्र संघ महासचिव अनुरोध पुरोहित ने बताया कि पूर्व में प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को दीक्षांत समारोह आयोजित होता था, लेकिन पिछले वर्ष से इसका आयोजन नहीं हो पाया है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से दीक्षांत समारोह की तिथि तत्काल घोषित करने की मांग की। छात्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय के कई विभागों में फर्नीचर और व्हाइट बोर्ड की कमी है।

महिला छात्रावासों में सुरक्षा की दृष्टि से महिला सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति, नए रीडिंग रूम का निर्माण, कक्षाओं में खराब पड़े कालर माइक व प्रोजेक्टरों की मरम्मत की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है तो आर्यन छात्र संगठन आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। इधर कुलसचिव प्रो आरके ड्योढी ने मांगों पर उचित कार्यवाही का छात्रों को आश्वासन दिया।

# हिंडोलाखाल चिकित्सालय का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

■ शराब की ओवर रेटिंग पर दी सख्त हिदायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर मंजू राजपूत ने शनिवार को हिंडोलाखाल विकासखंड में तमाम विभागों का निरीक्षण किया। जिसमें सीएचसी चिकित्सालय में निरीक्षण करते हुए चिकित्सा उपकरणों को दुरुस्त करने व मरीजों को दी जानी दवाओं की जानकारी ली। इस दौरान उपजिलाधिकारी मंजू राजपूत ने कहा कि मरीजों के साथ समन्वय व्यवहार एवं उपचार में लापरवाही नहीं करने की सलाह दी। इसके साथ चिकन, मटन दुक. ानदारों को निर्देशित करते हुए साफ-सफाई रखने को कहा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जनहित एवं विभागीय स्तर पर तत्परता से काम करने की सलाह दी। इसके साथ ही राजपूत ने सरक. ारी शराब की दुकानदार को ओवर रेटिंग पर शराब न बेचने की सख्त हिदायत दी और अनैतिक अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ पटवारी को जांच के आदेश दिए।

# फाटा में पांच दिवसीय जनरल ओरिएंटेशन प्रशिक्षण संपंन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत न्याय पंचायत फाटा में पांच दिवसीय जनरल ओरिएंटेशन प्रशिक्षण का समापन हो गया है। इसमें 12 ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं 79 ग्राम सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रतिदिन 73वें संविधान संशोधन के प्रावधान, उत्तराखंड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था एवं पंचायत सदस्यों को ग्राम पंचायत गठन, कृत्य एवं अधिकारी की जानकारी दी गई। वहीं, 15वें वित्त आयोग व राज्य वित्त आयोग, ई ग्राम स्वराज तथा सूचना का अधिकार अधिनियम एवं यूसीसी की अनिवार्यता बताई गई।

प्रशिक्षण के समापन पर सभी पंचायत प्रतिनिधियों का ऑनलाइन प्रशिक्षण मूल्यांकन कर सर्टिफिकेट जनरेट किए गए। मास्टर ट्रेनर डॉक्टर अमित श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण में 12 ग्राम पंचायतों के नव निर्वाचित ग्राम प्रधान और वार्ड सदस्यों को पंचायती राज एक्ट, सतत् विकास लक्ष्य, ग्राम पंचायत विकास योजना, 09 थीम, ओ.एस.आर, पंचायत के अभिलेख, वित्त व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन आदि विषयों पर गहनता से जानक. ारी दी गई। ग्राम विकास अधिकारी कुदरत राज राणा ने प्रशिक्षण के महत्व और इसके उपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

# गाय की युवाओं ने जान पर खेलकर बचाई जान

**रुद्रप्रयाग।** जिला मुख्यालय से सटे चिनग्वाड़ लिंक मोटरमार्ग पर ओण गांव के ठीक सामने 100 मीटर गहरी खाई में एक निराश्रित गाय फंसी हुई थी। गौ रक्षा विभाग की टीम ने पशु पालन विभाग के सहयोग से जान पर खेलकर गाय का रेस्क्यू किया। आए दिन ग्रामीण इलाकों से असामाजिक लोग अपने मवेशियों का उपयोग करने के बाद इन्हें मरने के लिए जंगलों में या फिर शहरी इलाकों में छोड़ रहे हैं, जिसमें समय रहते कार्यवाही करने की जरूरत है। गौ रक्षा विभाग को सूचना मिली कि रुद्रप्रयाग-चिनग्वाड़ मोटरमार्ग पर ओण गांव के ठीक सामने एक बद्री गाय पहाड़ी में फंसी हुई है।

## मुख्यमंत्री धामी की दूरदर्शी हरित नीति का परिणाम

# सिटी फॉरेस्ट पार्क बना दून की नई पहचान

■ सैलानियों को भा रहा सिटी फॉरेस्ट पार्क, पर्यटकों ने की एमडीडीए की ओर से दी जा रही सुविधाओं की तारीफ, बड़ी संख्या में प्रतिदिन पहुंच रहें है लोग

**एस. आलम. अंसारी**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दूरदर्शी सोच और हरित-शहरीकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम सिटी फॉरेस्ट पार्क आज देहरादून की नई जीवनधारा बन चुका है। उद्घाटन के बाद से ही यह पार्क न केवल स्थानीय निवासियों की पहली पसंद बनकर उभरा है, बल्कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से आने वाले सैलानियों के लिए भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गया है। बच्चों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और पर्यटकों से भरपूर इस पार्क ने शहर को एक नई ऊर्जा, नई पहचान और प्रकृति से जुड़ने का स्वच्छ वातावरण प्रदान किया है। एमडीडीए द्वारा विकसित यह पार्क आधुनिक हरित अवसंरचना और प्राकृतिक सौंदर्य का दुर्लभ संगम प्रस्तुत करता है।

शनिवार को सुबह उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी सिटी फारेस्ट पार्क के निरीक्षण पर पहुंचे। जहां उन्होंने एमडीडीए द्वारा दी जा रही तमाम सुविधाओं का निरीक्षण किया व पार्क में हो रहे कार्यों को लेकर अधिकारियों से फीड बैक लिया।

इस दौरान उन्होंने पार्क भ्रमण के लिए आये लगभग 1 हजार से अधिक स्कूली बच्चों, छात्र-छात्राओं और उनके परिजनों तथा विभिन्न राज्यों से आए पर्यटकों से भी विस्तार से बातचीत की। और पार्क को लेकर फीडबैक लेने के साथ ही एमडीडीए द्वारा दी जा रही सुविधाओं को लेकर भी बातचीत की। इस दौरान सभी ने एक स्वर में एमडीडीए द्वारा विकसित सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा और पार्क के प्राकृतिक माहौल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



### शिक्षा, मनोरंजन और प्रकृति का संगम

आज पार्क में बच्चों की असाधारण भीड़ रही। स्कूलों से आए छात्र प्राकृतिक पगडंडियों पर घूमे, बांस के बने गजेबो में बैठे, ट्री हाउस और बच्चों के भूलभुलैया क्षेत्र (ड्रंम) में खूब खेलते दिखे। शिक्षकों ने बताया कि देहरादून में बच्चों के लिए इतना सुरक्षित और विशाल प्राकृतिक ओपन स्पेस मिलना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

### वन जैसी शांति, शहर जैसी सुविधा

इस पार्क का विकास इस तरह किया गया है कि प्राकृतिक ढलान, पेड़-पौधों का आवरण, मौसमी नाले और मिट्टी की बनावट को यथावत रखा जा सके। इस कारण यहां का हर कोना जंगल जैसा सौम्य और शांत अनुभव प्रदान करता है।

### हरित-पर्यटन पहचान का प्रमुख स्तंभ होगा पार्क: तिवारी



उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि बच्चों की भारी उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह पार्क नई पीढ़ी के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बनेगा। उन्होंने कहा, "यह पार्क बच्चों की मुस्कान, युवाओं की ऊर्जा और परिवारों की खुशी को प्रकृति के बीच जोड़ने वाला एक जीवंत केंद्र बनेगा। आने वाले समय में यह देहरादून का धड़कता दिल और राज्य की हरित-पर्यटन पहचान का प्रमुख स्तंभ होगा।" उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि सहस्त्रधारा रोड स्थित सिटी फॉरेस्ट पार्क, जो लगभग 12.45 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित किया गया है, देहरादून की नई पहचान बन रहा है। यह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसे आधुनिक हरित विकास, पर्यावरण संरक्षण और शहरी स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।



**सैकड़ो की संख्या में प्रतिदिन पहुंच रहे पर्यटक व स्थानीय लोग**

उद्घाटन के बाद से रोजाना बड़ी संख्या में लोग पार्क में सैर, जॉगिंग, योग, फोटोग्राफी और पारिवारिक समय बिताने के लिए आ रहे हैं। बुजुर्गों के लिए सुरक्षित बैठने की व्यवस्था, महिलाओं के लिए फिटनेस ट्रैक और बच्चों के लिए सुरक्षित ओपन-प्ले एरिया इसे परिवारों का सबसे पसंदीदा गंतव्य बना रहा है।

**पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा**

सिटी फॉरेस्ट पार्क से सहस्त्रधारा क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाएँ और बढ़ी हैं। स्थानीय दुकानदारों, कैफे, छोटे व्यवसायों, गाइडों और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। एमडीडीए का मानना है कि यह पार्क आने वाले समय में देहरादून की पर्यटन-छवि को नई ऊंचाई देगा। सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि सिटी फॉरेस्ट पार्क केवल एक पार्क नहीं, बल्कि राजधानी का हरित भविष्य है। यहाँ प्रकृति, स्वास्थ्य, योग, आयुर्वेद, बच्चों का खेल, पर्यटन और आधुनिक शहरी सौंदर्य सभी एक साथ मौजूद हैं। आने वाले वर्षों में यह पार्क देहरादून की पहचान और गौरव बनेगा।

**देहरादून का सबसे बड़ा आधुनिक हरित ढांचा**

एमडीडीए ने लगभग 40.07 करोड़ रुपये की लागत से इस पार्क को आधुनिक हरित अवसंरचना का उत्कृष्ट मॉडल बनाने का लक्ष्य रखा है। पार्क का प्रवेश द्वार महासू देवता मंदिर की शैली में तैयार किया गया है, जो सांस्कृतिक सौंदर्य को आधुनिकता के साथ जोड़ता है। सुव्यवस्थित पार्किंग, टिकट घर, सूचना केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पेयजल फव्वारे, आरामदायक बेंच, मुख्य पथ, जल पौधों वाला एक्वाटिक एरिया, परिदृश्य-आधारित वॉकवे और पूरे क्षेत्र में सफाई के उचित प्रबंध ये सब एमडीडीए की गुणवत्तापूर्ण कार्यप्रणाली को दर्शाते हैं।

# महापौर दीपक बाली ने किया चार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए महापौर दीपक बाली ने आज चार 'शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों' का भव्य उद्घाटन किया। महापौर श्री बाली ने उद्घाटन कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे कुमाऊं काला. ेनी से उद्घाटन की श्रृंखला शुरू की तथा उसके बाद रुद्राक्ष गार्डन के पास जसपुर खुर्द, वैशाली कॉलोनी, बालाजी मंदिर के पास, खड़कपुर देवीपुर, गोकुल स्कूल के पास, ढकिया गुलाबो में आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ किया। इस दौरान महापौर दीपक वाली ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित यह पहल शहरवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ सुलभ कराने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है और अब शहर के लोगों को उपचार के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री धामी के सहयोग से शुरू हुए इन आरोग्य मंदिरों के खुलने से स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएँ और अधिक सुलभ होंगी और इसके लिए नगर निगम व प्रशासनिक टीम ने सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, चौधरी समरपाल सिंह, पार्षद अनिल कुमार, अंजना आर्य, प्रिंस बाली, अनूप कुमार, अशोक सैनी, राधेश्याम, बृजेश सैनी, कमल कुमार प्रजापति, राजेंद्र सिंह लाडी, सचिन ठाकुर, विजयपाल शर्मा मौजूद रहे।

# सिखों ने फूंका हरक सिंह रावत का पुतला



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सिख समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने से रोषित सिखों ने आज यहां प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत का पुतला दहन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर हरक सिंह रावत के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा, काशीपुर के तत्वावधान में यहां एमपी चौक पर भारी संख्या में एकत्रित हुए सिखों ने राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत ने देहरादून में एक कार्यक्रम के दौरान सिख समाज की भावनाओं को आहत किया है। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा ने राष्ट्रपति से मांग की है कि सिख समाज समेत किसी भी धर्म के खिलाफ विकृत मानसिकता प्रदर्शित करने वाले डा. हरक सिंह रावत के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। पुतला दहन के दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, मनोज पाल, गुरविन्दर सिंह चण्डोक, जगजीत सिंह कोहली, छात्र संघ अध्यक्ष जतिन शर्मा, ईश्वर गुप्ता, दिलप्रीत सिंह सेठी, जोगिन्दर सिंह जुग्गी, जसपाल सिंह चड्डा, परमजीत सिंह चण्डोक, चरनजीत सिंह पिंकी, चौधरी समरपाल, राजीव अरोरा बच्चू सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

# सेवा और कर्तव्य की ली शपथ

## पंतनगर विश्वविद्यालय में वेटरनरी डॉक्टरों का 61वां शपथ समारोह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय में बैच 2020 का 61वां शपथ ग्रहण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जहां भावी पशु चिकित्सकों ने सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की पवित्र प्रतिज्ञा ली। प्रतिज्ञा लेने के बाद, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को प्रमाण-पत्र दिए गए, जिनमें अपूर्वा रावत (प्रथम), अविनाश पराशर पांडेय (द्वितीय) और दीक्षा उप्रेती (तृतीय) शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डा. अमरेश कुमार (पूर्व कार्यवाहक कुलपति एवं अधिष्ठाता) उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों को शपथ दिलाई और उज्जवल भविष्य हेतु कठिन पारिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रोफ़ेसर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने की, जिन्होंने छात्रों को आशीर्वाद दिया तथा विभिन्न विषयों में पारंगत होने तथा विशेषज्ञता प्राप्त करके देश व समाज की सेवा कर विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ाने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय की कुलसर्वि. चव डा. दीपा विनय ने विद्यार्थियों को उनके समर्पण एवं सेवाभाव हेतु विशेष सराहना की। अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. एएच अहमद ने विद्यार्थियों द्वारा हासिल की हुई दक्षता को पशु सेवा हेतु उपयोग करने की अपील की। इंटर्नशिप प्रभारी डा. मंजुल कांडपाल ने विद्यार्थिओं को उज्जवल भविष्य हेतु विष्वविद्यालय के शिक्षकों की तरफ से विशेष शुभकामनायें दीं। इस अवसर पीयूष पाण्डेय, जागृति उप्रेती, फैज़ान अहमद, सुभाष कुमार, राहुल जोशी, अपूर्वा रावत, बारीशा अली, रितिप्सा भट्ट, स्नेहा कुमारी, स्नेहा नेगी, सौरभ सिंह, आभा रावल, आकांक्षा पाण्डेय, वैशाली नेगी, सुनीता रावत तथा नीरज बिष्ट को उनकी उपलब्धियों हेतू सम्मानित किया गया। मंच पर अधिष्ठाता डा. एएच अहमद, कुलसचिव डा. दीपा विनय और इंटर्नशिप प्रभारी अधिकारी डा. मंजुल कांडपाल भी मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन डा. मंजुल कांडपाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण एवं पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के संकाय सदस्य उपस्थित थे।



# दो पदक जीतकर प्रेम सिंह देउपा ने बढ़ाया शांतिपुरी का मान



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता देहरादून में जवाहर नगर शांतिपुरी निवासी एवं भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त जूनियर कमिशन अधिकारी प्रेम सिंह देउपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 60 से 65 आयु वर्ग में दो स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए। देउपा ने 100 मीटर दौड़ और ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीते, जबकि त्रिकूद स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र और जिले का गौरव बढ़ा है। इसी प्रतियोगिता में 45 से 50 आयु वर्ग में जवाहर नगर निवासी त्रिलोक सिंह धामी ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण तथा 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया।

प्रेम सिंह देउपा इससे पूर्व भी कई राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेकर अनेक पदक जीत चुके हैं। उनकी और त्रिलोक सिंह धामी की इस उपलब्धि पर प्रधान तारा मोहन पाण्डे, जिलाप. ंचायत सदस्य प्रेम आर्या समेत कई खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है।

# 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती समारोह आयोजित

देहरादून। राजा राममोहन रॉय अकादमी के विकास से परिपूर्ण 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हीरक जयंती समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अनूप नौटियालजी का विद्यालय की प्रधानाचार्या भारती विश्नोई ने स्वागत किया।

प्रधानाचार्या ने कहा कि हमारा पर्यावरण हमारी धरोहर है, जिसे संरक्षित करना हम सबका कर्तव्य है। मुख्य अतिथि नौटियाल के कर-कमलों द्वारा छात्रों को पारितोषिक प्रदान किए गए।

साथ ही सतपुड़ा सदन को स्कॉलास्टिक ट्रॉफी एवं वॉलीबॉल ट्रॉफी, विंध्य सदन को शतरंज तथा क्रिकेट में ट्रॉफी हासिल हुई। कॉक हाउस ट्रॉफी शिवालिक सदन को प्रदान की गई।



मुख्य अतिथि अनूप नौटियाल ने कहा यह बहुत ही सुखद पहलू है कि आज मुझे यहां पर बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया और जब देश को आजाद हुए भी लगभग 75 साल से कुछ वर्ष अतिरिक्त ही हुए हैं आज राजा राम मोहन रॉय अकैडमी अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है।

राजा राममोहन राय अकादमी के प्रबंधक वर्ग, देहरादून के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, विशिष्ट अतिथि, अभिभावकवर्ग, शिक्षक, भूतपूर्व छात्रों की टोली, विद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी व समस्त सदस्य उपस्थित थे।

### अमेजन करेगी भारत के एआई मिशन में सहयोग

**देहरादून।** अमेजन ने आज घोषणा की कि वह 2030 तक भारत के करोड़ों लोगों तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता को पहुंचाने की योजना बना रही है, जिससे भारत सरकार के एआई मिशन को सुलभता, उत्पादकता और डिजिटल समावेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। अमेजन इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में भारत में समान अवसर प्रदान करने की क्षमता है। यह भाषा, साक्षरता और पहुंच की कमी जैसी सभी बाधाओं को दूर करता जिनकी वजह से लोग सामाजिक रूप से उपेक्षित रहे। जब कोई छोटा व्यवसायी किसी कस्बाई शहर में बैठकर कुछ ही मिनटों में एआई की मदद से पेशेवर उत्पाद-विवरण तैयार कर लेता है।

# किसानों व महिलाओं को दिया गया स्वरोजगार का प्रशिक्षक

■ सहकारीता समिति के संचालको ने दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बहुउद्देशीय सहकारी समिति मियांवाला देहरादून में राज्य सरकार की और से चलाये जा रहे सहकारी से समृध्द्वि जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सरकार से आये इरशाद अहमद खान, और ईश्वरी दत्त सेमवाल ने प्रशिक्षण में लोगों को लाभ लेने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

बहुउद्देशीय सहकारी समिति मियांवाला पूनम पुरोहित ने कहा कि युवा बेरोजगारों, महिलाओं और संस्थाओं को बिना ब्याज का लोन व्यवसाय करने के लिये दिया जा रहा है।



उपाध्यक्ष उमा पांडेय ने कहा कि महिलाएं मुर्गी पालन, मसाला निर्माणख् सिलाई, बुनाई करके स्वरोजगार कर रही हैं। समाज सेवी व पूर्व अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। पूर्व ग्राम प्रधान मूलचंद शीर्षवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाने, महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और युवाओं के कौशल विकास के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं।

धनवीर राणा, रूकमणी राणा, कुसुमलता,

देवेंद्र सिंह, उत्तम कुमार, शिवानी कंडवाल, नंदलाल, विमल बिष्ट, शुभम चौहान,उषा कठैत, किरण भट्ट व अनुप कुमार आदि मौजूद रहे। इस बैठक में उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विजय मेहर ने किया और अनूप कुमार ने आभार व्यक्त किया।

# भारतीय सेना प्रतिनिधिमंडल ने किया हिमालय का दौरा



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** हिमालय वेलनेस कंपनी ने कैप्टन सुनील शर्मा के नेतृत्व में 12 सदस्यीय भारतीय सेना दल और उनके परिजनों का विशेष दौरे के दौरान स्वागत किया।

डॉ. फारूक ने कंपनी की वेलनेस और सामुदायिक सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए बताया कि राष्ट्र की सुरक्षा में लगे लोगों का सम्मान करना कितना महत्वपूर्ण है।

इस दौरे ने समूह को हिमालय की प्राकृतिक स्वास्थ्य देखभाल विरासत, उसके नवोन्मेषी वेलनेस उत्पादों और समग्र जीवनशैली को बढ़ावा देने के मिशन के बारे में जानने का अवसर प्रदान किया।

कैप्टन सुनील शर्मा और उनके समूह ने इस संवाद और डॉ. एस. फारूक द्वारा किए गए आतिथ्य के लिए आभार व्यक्त किया।

# जोशी ने बच्चों के साथ कबड्डी खेलकर किया खेल महोत्सव का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को सहसपुर स्थित मिनी स्टेडियम शंकरपुर में खेल, शिक्षा एवं युवा कल्याण विभाग देहरादून द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 (विकासखण्ड स्तरीय) कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बच्चों के साथ कबड्डी खेलकर महोत्सव का शुभारम्भ किया।

दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। महोत्सव में खो-खो, कबड्डी, रस्सा-कस्सी, पिट्ठू समेत कई पारंपरिक एवं टीम खेलों को शामिल किया गया है, ताकि बच्चे और युवा खेलों के माध्यम से स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

मंत्री गणेश जोशी ने बच्चों को फिट इंडिया शपथ दिलाते हुए कहा कि देश का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है और फिट इंडिया अभियान उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि आज का युवा खेलों के क्षेत्र में अपार संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सांसद नरेश बंसल को बधाई देते हुए कहा कि खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाओं को आगे लाने का उत्कृष्ट माध्यम हैं। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ी विश्व पटल पर अपनी नई पहचान बना रहे हैं। देश में खेलों को लेकर बड़े स्तर पर सुधार और प्रोत्साहन मिल रहा है, जिसका असर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मिल रही सफलताओं में स्पष्ट दिखाई देता है।



मंत्री जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड की खेल प्रतिभाएं आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से अपने कदम रख रही हैं। उन्होंने इसे प्रदेश के लिए गर्व की बात बताया कि उत्तराखंड को पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने महोत्सव में सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना भी की।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक सहदेव पुंडीर, सांसद प्रतिनिधि सिद्धार्थ बंसल, परियोजना निदेशक विक्रम सिंह

, युवा कल्याण विभाग देहरादून के जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रमोद चन्द्र पाण्डेय, जिला खेल विभाग से निधि बिंजोला, खण्ड विकास अधिकारी मुन्नी शाह, खण्ड शिक्षा अधिकारी कुन्दन सिंह, सहसपुर एवं समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### लाखों की ठगी, मुकदमा

**काशीपुर।** एक व्यक्ति पर विदेश भेजने के नाम पर 2.99 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है। ग्राम जोगीपुरा बाजपुर निवासी रोहित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि खुशदीप सिंह निवासी बाजपुर दोराहा के पास एक फार्म में इमिग्रेशन का काम करता था, जो वर्तमान में मैदा मिल गली नंबर-1 काशीपुर में दुकान चलाता है। आरोप लगाया कि खुशदीप ने उसे दुबई में परफ्यूम कंपनी में सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 168800 ऑनलाइन और 130200 रुपये नकदी लिए। इसके बाद उसे फर्जी टूरिस्ट वीजा और टिकट दिया गया।

गलत वीजा होने के कारण दुबई एयरपोर्ट से उसको वापस भेज दिया गया। बीते 15 अगस्त को आरोपी ने रुपये वापस करने से मना कर दिया।

# पतंजलि और रूस सरकार के मध्य ऐतिहासिक एग्रीमेंट

## पतंजलि के साथ साझेदारी मजबूत होगी : रूस वाणिज्य मंत्री

**■ ऋषियों की वैलनेस विधा को 200 देशों में पहुंचाना लक्ष्य : रामदेव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पतंजलि समूह तथा रूस सरकार के मध्य दिल्ली में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (डवन्) पर हस्ताक्षर हुए जिसमें पतंजलि समूह की ओर से स्वामी रामदेव तथा रूस सरकार की ओर से भारत–रूस व्यापार परिषद के अध्यक्ष एवं रूस के वाणिज्य मंत्री सर्गेई चेरेमिन ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा कि यह एम.ओ.यू स्वास्थ्य एवं वेलनेस का संवर्धन, स्वास्थ्य पर्यटन, कुशल मानव संसाधन का आदान–प्रदान तथा अनुसंधान आदि विषयों पर केंद्रित है।

उन्होंने बताया कि रूस में योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा को लोग पसंद करते हैं तथा इनका अनुसरण भी करते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम हमें ऋषियों की इस वैलनेस विधा को पूरे विश्व के लगभग 200 देशों में पहुँचाना है जिसका एण्ट्री प्वाइंट रूस ही होगा। इस एम.ओ.यू के पहला महत्वपूर्ण बिन्दु रूस में पतंजलि की वैलनेस सेवाओं का विस्तार करना है। रूस के साथ मिलकर उम्र को रिवर्स करने, लंबी उम्र पर गहन अनुसंधान करेंगे जिससे गम्भीर रोगों का मानव शरीर में आने से वर्षों पहले ही पता किया जा सकेगा। इसका दूसरा बिन्दु भारत के आध्यात्मिक ज्ञान, संस्कृति, योग, आयुर्वेद तथा भारत की अमूल्य धरोहरों से संबंधित ज्ञान को रूस के साथ साझा करना है। इसके लिए भारत की संस्कृति तथा ऋषियों की धरोहर को रूस लेकर जाएंगे। एम.ओ.यू का तीसरा बिन्दु रूस को भारत के द्वारा स्किल्ड लेबर व कुशल योगी उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत दो लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाला पतंजलि ही एकमात्र प्राइवेट पार्टनर रहा है। रूस को कुशल योगी व कुशल श्रमिक उपलब्ध कराएँगे। साथ ही इस एम.ओ.यू के तहत भारत के उच्च स्तरीय ब्रांड्स को रूस में तथा रूसी ब्रांड्स को भारत में प्रमोट करना है। विश्वस्तरीय पतंजलि ब्रांड को रशिया लेकर जाएंगे जिससे पतंजलि के गुणवत्तायुक्त उत्पादों का लाभ रूस के नागरिकों को भी मिलेगा। स्वामी रामदेव ने कहा कि भारत और रूस मित्र देश हैं। भारत का रूस से इमोशनल कनेक्ट आजादी से पहले भी था और आज भी है। भारत में लोग रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतीन को एक सशक्त ग्लोबल लीडर के तौर पर पहचानते हैं। उनके शौर्य, वीरता व पराक्रम से पूरा विश्व परिचित है। भारत व रूस की मित्रता से कुछ बड़े लोग खुश नहीं हैं। लेकिन किसी भी परिस्थिति में रशिया भारत का मित्र था, है और रहेगा। आध्यात्मिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से भारत व रशिया एक दूसरे के अभिन्न मित्र देश हैं और रहेंगे। इस अवसर पर सर्गेई चेरेमिन ने कहा कि हम पतंजलि के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पतंजलि के योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ लेकर हम रूस के लोगों की जीवनशैली परिवर्तित करेंगे और उन्हें निरोगी बनाएंगे।




# जिला अस्पताल की लापरवाही : चूहों ने शव कुतरा

## परिजनों की मांगः लापरवाह कर्मचारी निलंबित हो

**■ अस्पताल के बाहर कांग्रेसियों का प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिला अस्पताल में रखे शव को चूहों द्वारा कुतरने का मामला सामने आया है। चूहों द्वारा शव को नोंचने की जानकारी मिलने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। शुक्रवार की शाम ज्वालापुर स्थित पंजाबी धर्मशाला के मैनेजर लखन शर्मा उर्फ लक्की शर्मा को हार्ट अटैक आने पर 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लक्की शर्मा आई डोनर भी थे। इसलिए नेत्रदान के लिए उनके शव को अस्पताल की मोर्चरी में फ्रीजर में रख दिया गया। शनिवार सवेरे जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो शव की हालत देखकर हक्का बक्का रह गए। शव की आखें, नाक और चेहरा चूहों द्वारा बुरी तरह कुतर दिया गया था। परिजनों का कहना है कि जिस डीप फ्रीजर में बॉडी को रखा गया था। उसमें एक बड़ा छेद था। जिससे चूहे अंदर घुस गए। इसके बाद परिजनों के साथ जमा हुए लोगों ने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया। लोगों का कहना है कि लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं अस्पताल प्रबंध न फ्रिज की मेंटेनेंस करने वाली कंपनी के.टी.पी.एल पर लापरवाही का आरोप लगा रहा है। जानकारी मिलने पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग, मनोज सैनी, अशोक शर्मा, वरूण बालियान, मुरली मनोहर, जतिन हांडा, रविश भटिजा, दीपक टंडन आदि कांग्रेस कार्यकर्ता और पंजाबी समाज के लोग भी अस्पताल पहुंच गए और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता रविश भटीजा ने कहा कि यह अस्पताल प्रशासन की लापरवाही है। फ्रीजर खराब था तो प्रशासन को व्यवस्था करनी चाहिए थी। दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जिससे इस तरह की घटना दोबारा ना हो। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने ए.डी.एम प्रशासन फिंचाराम चौहान के नेतृत्व मे जांच कमेटी का गठन कर पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। ए.डी.एम पी.आर चौहान ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा। उस पर कार्रवाई की जाएगी।



# 45 दिन में पार्किंग धनराशि फ्लैट स्वामी को लौटाने के आदेश : रेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जुर्स कंट्री सोसाइटी में पार्किंग स्थल के विवाद में रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (रेरा) ने सैकड़ों परिवारों को राहत दी है। बिल्डर को 45 दिन में पार्किंग के रूप में वसूली गई धनराशि टैक्स और ब्याज समेत फ्लैट खरीदारों को लौटाने के आदेश दिए हैं। 30 दिन में पार्किंग आवंटन पत्र भी जारी करने होंगे। जुर्स कंट्री रेजिडेंसी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव राय एवं महासचिव जितेंद्र कुमार शर्मा ने प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि दिल्ली–हरिद्वार हाईवे पर वर्द्धमान डवलपर्स ने जुर्स कंट्री का निर्माण किया था। वर्तमान में यहां सैकड़ों परिवार रहते हैं। आरोप लगाया कि बिल्डर ने सोसाइटी में फ्लैट खरीदने वाले परिवारों को पार्किंग स्थल आवंटित नहीं किया। सामुदायिक क्षेत्र में पार्किंग बनाकर फ्लैट खरीदारों से अवैध वसूली की जा रही थी। इसके खिलाफ जुर्स कंट्री रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से राजीव, अरविंद सिंह, जेके शर्मा, शुभाशीष सिंह, डीएन जौहरी, अजय दुर्गा, रोहित शर्मा ने वर्ष 2021 में रेरा में याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान रेरा ने माना कि बिल्डर ने सामुदायिक क्षेत्र को अवैध तरीके से पार्किंग बनाकर अवैध वसूली की जो कानून के विरुद्ध है। रेरा ने आदेश दिया है कि बिल्डर 30 दिन में सभी खरीदारों को पार्किंग नंबर सहित आवंटन पत्र जारी करें। साथ ही 45 दिन में अवैध रूप से पार्किंग के एवज में वसूली गई पूरी धनराशि वापस करनी होगी। रेरा ने आदेश दिया कि बिल्डर को सभी निवासियों को पार्किंग शुल्क व जीएसटी सर्विस टैक्स सहित पूरी राशि 10.85 प्रतिशत ब्याज दर के साथ वापस करनी होगी। जुर्स कंट्री रेजिडेंसी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव राय एवं महासचिव जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि सुनवाई के दौरान रेरा ने बिल्डर को आदेश दिए कि उसे एच.आर.डी.ए से सही खसरा नंबर और स्वीकृत ले आउट योजना के अनुरूप पूर्णता प्रमाण पत्र लेना होगा। रेरा ने यह भी पाया कि बिल्डर व उसके नामित लोग आरडब्ल्यूए पर नियंत्रण स्थापित किए हुए हैं। सभी प्रभावित निवासियों को निर्देश दिए हैं कि रजिस्ट्रार आफ फर्म्स सोसाइटी एंड चिट्स के समक्ष आदेश प्रस्तुत कर निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग करें। सोसाइटी अध्यक्ष राजीव व महासचिव जितेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि रेरा के आदेशो के मुताबिक ही अगली कार्यवाही की जाएगी।

# जियो टावर से चोरी बीबीयू बॉक्स बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 5 दिसंबर को कंपनी टेलीकास्ट प्राइवेट लिमिटेड के टेक्नीशियन प्रदीप कुमार निवासी बिजनौर द्वारा कोतवाली ज्वालापुर पर एक लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया गया कि दिनांक 3 दिसम्बर रात्रि के समय सुभाष नगर में स्थित जिओ टावर से 5G BBU बॉक्स जिसकी कीमत करीब रु 2,84,500/- है को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त संबंध में कोतवाली ज्वालापुर पर धारा 303(2)BNS के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। चोरी के खुलासे के लिए विवेचना कर रही पुलिस टीम ने पड़ताल के दौरान प्रकाश में आए दो संदिग्ध विशाल व समीर को चोरी के माल के साथ दबोचने में कामयाबी हासिल की।

# मां का आरोपः संदिग्ध हालत में पुत्र की हत्या

## एसएसपी से गुहार के पश्चात भी कार्रवाई नहीं हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रामधाम कालोनी रावली महदुद निवासी परिवार ने 20 अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई बेटे की मौत पर सवाल खड़े करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान मृतक शिवेश जयंत की माता मालती देवी, बहन चंद्रकांता, रश्मि, निशा एवं बबली ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 20 अक्टूबर को उनके भाई शिवेश जयंत की मौत संदीप परिस्थितियों में रामधाम कालोनी आवास में हुई थी। उन्होंने षड्यंत्र के तहत शिवेश जयंत की हत्या करने का आरोप लगाते हुए उसकी पत्नी एवं षड्यंत्र में शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। मृतक की बहनो चंद्रकांता, रश्मि, निशा एवं बबली ने बताया कि 2021 में शादी के बाद से ही शिवेश जयंत की पत्नी उससे लड़ती झगड़ती थी। परिवार वालों को भी परेशान करती थी। माता–पिता के मकान को अपने नाम कराने के लिए मृतक शिवेश जयंत के परिवार को झूठे मुकदमे में फसाने की भी धमकी दे रही थी। परिजनो का आरोप है कि पुलिस को तहरीर देने और एस.एस.पी से गुहार लगाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पत्रकारवार्ता के दौरान परिजनों ने दावा किया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी शिवेश की मौत पर सवाल उठे हैं। मृतक की माता मालती देवी, बहन चंद्रकांता, बबीता और रश्मि ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिले : टीएसआर

## सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ धरातल पर कार्य करें

**■ मरीजों को उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** लोक सभा सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में मेला नियंत्रण कक्ष सी.सी.आर के सभा कक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जल कल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई तथा पूर्व बैठक में दिए गये निर्देशों में की गई कार्यवाही की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक से पूर्व सासंद ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प माला अर्पित करते हुए उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समीक्षा करते हुए सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा कई महत्वकांक्षी योजनाएं संचालित हो रही हैं उन योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुँचाने के लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ धरातल पर कार्य करना सुनिश्चित करें ताकि योजना का लाभ आम जनमानस तक पहुँच सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आपसी समन्वय के आभाव में कोई भी जन कल्याणकारी योजना बाधित नहीं होनी चाहिए। सड़क मार्गो की समीक्षा करते हुए उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि उनके अधीन जो भी सड़क निर्माण के कार्य किये जा रहे है उन कार्यो को शीर्ष प्राथमिकता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा जन प्रतिनिधियों द्वारा जो भी समस्याएं बताई गई है उन समस्याओं पर तत्परता से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने परिवहन विभाग सहित पुलिस को निर्देश दिए है कि ओवर लोडिंग वाहनों के कारण कोई दुर्घटना गठित न हो इसपर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि चिकित्सालयों में आने वाले सभी मरीजों को उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि गर्भवती महिलाओं को रेफर न किया जाए इसके लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए साथ ही जनपद के सभी चिकित्सालयों में किसी भी उपकरण आदि की जरूरत हो तो सासंद निधि से धनराशि अवमुक्त कर दी जाएगी साथ ही चिकित्सालयों में एंटी रेबीज डोज एवं टीबी की दवाइयों के उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। पेयजल की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी कार्य किए जा रहे है तत्परता इव समयबद्धता के साथ पूर्ण करे एवं जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन लीकेज हो रही है उनको तत्परता से लाइन को दूरस्त करने के निर्देश दिए तथा पेयजल लाइन डालने के दौरान जो भी सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है उन सड़कों का मरम्मत कार्य शीघ्रता से किया जाए जिससे कि आम जन मानस को कोई असुविधा न होने पाए। विद्युत्त विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि विद्युत्त विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर त्वरित गति से कार्य करते हुए विद्युत आपूर्ति सुचारू की जाए एवं विद्युत चोरी न हो इसपर कड़ी निगरानी रखते हुए,विद्युत चोरी करने वालों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसानों एवं बेरोजगार युवाओं को मत्स्य पालन से जोड़ने के लिए जिन क्षेत्रों में प्रयाप्त पानी एवं तालाब बनाए जाने की संभावना है उन क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए अधिक से अधिक तालाब बनाते हुए लोगों को मत्स्य पालन से जोड़े। इस अवसर पर उन्होंने सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सिंचाई विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जो असिंचित क्षेत्र के संबंध में डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि असिंचित क्षेत्रों में सिंचाई के लिए जारी योजना बनाई जा सके। उन्होंने पशुपालन की समीक्षा करते हुए डेयरी पालन एवं बकरी पालन पर विशेष जोर देते हुए लोगों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल पेंशन योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, कृषि विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास, उद्योग विभाग, खेल विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास आदि विभागों की संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मा. सांसद को आश्वत किया कि उनके द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिए गये है उनका सम्बंधित विभागों से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी समस्याएं बताई गई है उनका तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे तथा इनकी की गई कार्यवाही से रिपोर्ट एक माह के अंदर मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विधायक रानीपुर आदेश चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष,हरिद्वार, मेयर, विधायक मदन कौशिक, काजी निजामुद्दीन, वीरेन्द्र जाति, फुरकान अहमद, रुड़की प्रदीप बत्रा, अनुपमा रावत,भाजपा जिलाध्यक्ष हरिद्वार आशुतोष शर्मा, जिलाध्यक्ष रुड़की डॉ मधु सिंह, शिवालिक नगर पालिका अध्यक्ष राजीव, मुख्य विकास अधिकारी,एच.आर.डी.ए सचिव,मुख्य नगर आयुक्त रुड़की राकेश चंद्र तिवारी,जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश सहित जनप्रतिनिधि, अध्यक्ष नगर पंचायत, समिति के सदस्य एवं जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद थे।




# स्वच्छता अभियान में साधु समाज का सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में धर्मनगरी हरिद्वार को स्वच्छ, सुंदर एवं क्लीन जनपद बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद में वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। धर्मनगरी को स्वच्छ बनाने के लिए दिनांक 6 दिसम्बर को अखाड़ों, मठों एवं धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से वृहद सफाई अभियान चलाया गया जिसमें मेलाधिकारी सोनिका, मुख्य नगर आयुक्त नंदन सिंह के न्तेतृत्व में मेला कार्यालय सहित नगर निगम के पर्यावरण मित्रो, आम जन एवं साधु समाज के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जनपद को स्वच्छ, सुंदर, क्लीन एवं मॉडल जनपद बनाने के उद्देश्य से पूरे जनपद में 19 दिनों से निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है तथा इस अभियान को ओर अधिक कारगर एवं सफल बनाने के लिए इसमें अखाड़ों, मठों एवं धार्मिक संस्थाओं का सहयोग प्राप्त हो रहा है तथा आज सभी अखाड़ों, मठों, धार्मिक स्थलों एवं गंगा घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, कंपनियों का भी सहयोग लिया जाएगा तथा पूरे शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाएगा तथा सभी व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों के कूड़े कचरे को डस्टबिन में रखने के लिए प्रेरित किया जायेगा। धर्मनगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को भी कूड़ा डस्टबिन में ही डालने के लिए प्रेरित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद हरिद्वार स्वच्छ, सुंदर बने इसके लिए सभी प्रवेश द्वारों एवं महत्वपूर्ण चौराहों का सुंदरियाकरण कराया जा रहा है ताकि हरिद्वार नगर में आने वाले श्रद्धालु यात्रियों एवं आमजन को साफ स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि जनपद को स्वच्छ,उसुंदर बनाने में सभी अपना पूर्ण सहयोग दे तथा घरों से निकलने वाले कूड़े को कूड़ा वाहनों एवं नजदीकी कूड़ा कलेक्शन सेंटर में ही कूड़ा डालने की अपेक्षा की है।

# डॉ. अम्बेडकर ने सदैव सामाजिक समानता एवं न्याय के लिए कार्य किया : रंजन कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि, बी.एच.ई.एल हरिद्वार में महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनायी गई। इस उपलक्ष्य में बी.एच.ई.एल उपनगरी स्थित स्वर्ण जयंती उद्यान में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बी.एच.ई.एल हरिद्वार के महाप्रबंधक एवं प्रमुख रंजन कुमार ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रंजन कुमार ने कहा कि डा. अम्बेडकर ने हमेशा समानता, शिक्षा, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुता पर आधारित समाज के निर्माण हेतु कार्य किया। उन्होंने अपना सारा जीवन तत्कालीन भारत में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में लगा दिया। उनका मानना था कि समाज के हर वर्ग को सशक्त किए बिना एक मजबूत राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य महाप्रबंधकों, वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा एस.सी/एस.टी फेडरेशन के पदाधिकारियों आदि ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता दोहरायी।



# पथरी पुलिस का वादा : वरिष्ठजनों की हर संभव मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 6 दिसम्बर को थाना पथरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के घरों पर पहुंचकर उनका हाल–चाल जाना एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। इस दौरान ग्राम दिनारपुर स्थित वृद्धा आश्रम में भी पहुंचकर वहां निवासरत सभी बुजुर्गजनों की आवश्यकताएं व समस्याएं सुनी गईं। आश्रम के संचालकों एवं निवासियों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा, चिकित्सकीय सुविधा एवं पेंशन संबंधी जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों एवं आश्रम निवासियों का हाल–चाल जाना, वृद्धा पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई किसी भी समस्या पर तत्काल पुलिस सहायता हेतु थाना हाजा 112 कंट्रोल रूम पर कॉल करे एवं बीट कॉन्स्टेबल का संपर्क नंबर साझा किया। जनसहयोग की अपील करते हुए पुलिस द्वारा कहा गया कि क्षेत्र के सभी नागरिक वरिष्ठजनों के सम्मान एवं आवश्यकतानुसार उनकी समय पर सहायता सुनिश्चित करेंगे।



# नशे की लत : निरंतर चेन स्नैचिंग की वारदात

## कनखल पुलिस की कार्रवाई पर दो स्नैचर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 20 सितम्बर को वादिया निवासी मधु बिहार कालोनी जमालपुर द्वारा तहरीर दी गई कि दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार दुकान के अंदर सामान लेने के बहाने आए तथा गले से चौन छीनकर फरार हो गए। इस प्रकरण में अभियोग पंजीकृत किया गया। इसी प्रकार दिनांक 4 अक्टूबर को मिश्रा गार्डन कनखल द्वारा तहरीर दी गई कि दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने पता पूछने के बहाने उनके गले से चौन छीन ली इस प्रकरण में भी मुकदमा पंजीकृत किया गया। दोनों घटनाओं के त्वरित अनावरण हेतु थाना कनखल पुलिस द्वारा टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए एवं विभिन्न ब्ब्ट फुटेज का विश्लेषण करते हुए दोनों संदिग्धों को चिन्हित किया। दिनांक 5 दिसंबर को सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा बैरागी कैम्प क्षेत्र से दोनों आरोपियों को दबोचा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने दोनों चौन स्नैचिंग की घटनाओं को करना स्वीकार किया तथा आरोपियों से चोरी की गई पीली धातु की चौनें बरामद की गईं। आरोपी शुभम मिश्रा पुत्र स्व. मुकेश मिश्रा, निवासी हनुमान नगर बेहट, सहारनपुर व चांद अजमल पुत्र असलम निवासी हुसैन बस्ती, सहारनपुर को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपि शुभम के विरुद्ध पूर्व में कई मुकदमे दर्ज चले आते है। पुलिस टीम की ओर से मनोहर सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों को दोनों आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली।



# पीएसी परिसर में चोरी : रानीपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कल दिनांक 5 दिसम्बर की रात 40 वीं वाहिनी पी.ए.सी हरिद्वार द्वारा कोतवाली रानीपुर पर सूचना दी गई कि एक संदिग्ध पी.ए.सी परिसर में चोरी करते हुए पकडा गया है। सूचना पर रानीपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की गयी तो पी.ए.सी कर्मचारीगण ने आवेश नामक एक संदिग्ध को पकडा हुआ था। पूछताछ में संदिग्ध ने बताया कि उसने पी.ए.सी के अन्दर बने शौचालय से सामान चोरी किया था। आरोपी के कब्जे से स्टील टोंटी, सावर, टावल स्टैन्ड आदि सामान बरामद किया गया। उक्त सम्बन्ध में पी.ए.सी के आरक्षी महेन्द्र सिंह की लिखित तहरीर पर कोतवाली रानीपुर पर धारा 303(2), 317(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपी को न्यायालय पेश कर न्यायालय आदेशनुसार कार्रवाई की गई।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# एसटीएफ टीम पर बदमाशों की फायरिंग

## गोली लगने से सिपाही समेत ग्रामीणा जख्मी, आला अधिकारी मौके पर पहुंचे

### हमलावरों की तलाश में जंगलों में कांबिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार देर शाम नैनीताल जनपद के खनस्यूं क्षेत्र में तस्करी की सूचना पर पहुंची एसटीएफ टीम पर बदमाशों ने फायर कर दी। फायरिंग के दौरान एक एसटीएफ व एक स्थानीय निवासी को गोली लगी है। घायल सिपाही को तुरंत उपचार के लिए नैनीताल रोड स्थित हल्द्वानी एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि घायल स्थानीय निवासी का भी प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना पर आलाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बदमाश फरार हो गए।



हमलावर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। जानकारी के अनुसार शानिवार देर शाम ओखलकांडा खनस्यूं क्षेत्र में एसटीएफ को मुखबिर की सटीक सूचना मिली थी कि क्षेत्र में तस्करी का कारोबार किया जा रहा है। सूचना पर एसटीएफ की टीम जैसे ही मौके पर पहुंची तभी बदमाशों ने एसटीएफ की टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग के दौरान एसटीएफ के सिपाही भूपेन्द्र मर्तोलिया को गोली लग गई। फायरिंग के दौरान एक स्थानीय निवासी को भी गोली लगने की बात सामने आ रही है बताया जा रहा कि उसका प्राथमिक उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गया और घायल सिपाही को तुरंत उपचार के लिए हल्द्वानी स्थित एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। फिलहाल घायल सिपाही की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर बदमाश वहां से फरार हो गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, एसटीएफ टीम को इलाके में तस्करी की गतिविधियों की सूचना मिली थी। जब टीम मौके पर पहुंची तो घात लगाए बैठे बदमाशों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई के दौरान बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जंगल और आसपास के इलाकों में पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीमों ने फरार हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देनी शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने अस्पताल पहुंचकर घायल सिपाही का हाल जाना। जिसके बाद उन्होंने घटनास्थल का भी जायजा लिया। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा है कि इस तरह की घटनाओं को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

### बिना टोल टैक्स दिए भागा नैनीताल में पर्यटक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल लेक ब्रिज चुंगी पर बिना टोल दिए पर्यटक का भागना विवाद का कारण बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाद को रोका। जानकारी के अनुसार हरियाणा से नैनीताल घूमने आए पर्यटकों की कार शनिवार को तल्लीताल लेक ब्रिज चुंगी पर पहुंची। इस दौरान हाथ देते हुए टोल कर्मियों ने पर्यटक को टोल शुल्क देने की बात कही लेकिन बिना टोल शुल्क दिए ही पर्यटकों ने कार आगे बढ़ा दी। इस दौरान टोल कर्मियों ने आवाज देकर पर्यटकों को रोका तो तो कार रोक दी। टोल कर्मियों ने टोल देने की बात कही तो पर्यटकों ने टोल देने से मना कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों में बहस हो गई और विवाद बढ़ गया। विवाद के बीच पर्यटक कार लेकर फरार हो गए। टोल कर्मियों ने भी कार का पीछा कर मालरोड पर उनको रोक दिया। जहां दोनों पक्षों में दोबारा विवाद हो गया। इस दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत किया।

# बुनियादी सुविधाएं सुचारू रहें: धामी



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**


**बागेश्वर।** शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिका. रियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, पीएमजीएसवाई, जल संस्थान, विद्युत, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, कृषि एवं उद्यान की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जिला. धिकारी आकांक्षा कोंडे सहित सभी विभागाध्यक्षों ने मुख्यमंत्री को जनपद में संचालित प्रमुख विकास योजनाओं, उपलब्धियों एवं प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ी प्रदेश का गौरव बढ़ाते हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाएँ निरंतर सुचारू रहें और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। सीएम धामी ने कहा कि बागेश्वर में पर्यटन, प्राकृतिक संसाधन, सांस्कृतिक धरोहर और कृषि आधारित आर्थिक गतिविधियों के विकास की अपार संभावनाएँ हैं। उन्होंने साहसिक पर्यटन के नए स्थलों की पहचान करने और विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण और हेली सेवाओं के विस्तार पर तेजी से कार्य हो रहा है, जिससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। उन्होंने कृषि एवं उद्यान विभाग को लाल चावल, अदरक, हल्दी जैसी स्थानीय फसलों के लिए मजबूत बाज़ार उपलब्ध कराने, शहद उत्पादन को मिशन मोड में बढ़ाने तथा एप्पल-कीवी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों को आधुनिक तकनीक व मार्केट लिंक से जोड़ने के निर्देश दिए गए। सीएम ने समाज कल्याण विभाग को जागरूकता शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब पेंशन राशि प्रत्येक माह की 5 तारीख को नियमित समय पर खातों में भेजी जा रही है। डीएम ने बताया कि बागेश्वर को हर्बल जिला बनाने की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में हर्बल उत्पादों की वैश्विक मांग को देखते हुए जनपद में व्यापक संभावनाएँ हैं। सीएम ने सभी अधिक. ारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान, लंबित प्रकरणों का निस्तारण और लगातार जनसेवा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी कार्य लंबित न रहे और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, विधायक सुरेश गढ़िया एवं पार्वती दास, दर्जा राज्यमंत्री भूपेश उपाध्यक्ष एवं शिव सिंह बिष्ट, सहित कई जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** ब्लॉक रामगढ़ के भियालगांव में संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उनके योगदान को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर बाबा साहेब के विचारों पर चर्चा भी की गई, जिसमें समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए उनके प्रयासों और दलितों एवं वंचितों के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष को प्रमुखता से बताया गया। डा. अंबेडकर के अमूल्य योगदान ने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके विचारों ने देश को एक मजबूत और समानता आधारित राष्ट्र बनाने में मदद की। समाज में उनकी सोच और दृष्टिकोण हमेशा प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। इस दौरान सभी ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को फैलाने और समाज में उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य तुलसी देवी, पूर्व सरपंच भूपेंद्र प्रसाद, सामा. जिक कार्यकर्ता जगदीश चंद्र (जीतू), निकिता आर्या, नंद किशोर, तरुण, आशीष, शिवा कुमार आदि मौजूद रहे।



# नशा छोड़ो-दूध पियो अभियान को मिली सराहना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल स्थित रामलीला स्टेज हरिनगर में नशे के खिलाफ पर्वतीय लोक कल्याण संस्था के जनजागरण अभियान नशा छोड़ो दूध पियो कार्यक्रम के तहत अपने जीवन में नशा न करने वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्य ने कहा हमने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। कहा कि नशे जैसी बुरी प्रवृति को हमें जड़ से खत्म करना होगा। कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। कहा कि विक. सित भारत की युवा सबसे बड़ी ताकत व उम्मीद भी हैं। नशे से घर व समाज के साथ ही पुलिस भी परेशान है। कहा कि भाजपा सरकार ने नशा मुक्त भारत तता ड्रग फ्री उत्तराखंड के तहत बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है। वरिष्ठ अधिवक्ता अखिल साह ने कहा कि समाज परिवार को इससे बचाने के लिए इस पर कठोर कार्रवाई करनी होगी। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक व अध्यक्ष पूरन सिंह मेहरा ने कहा आज नशे के खिलाफ/दुष्परिणामों को हर कोई महसूस कर रहा है साथ ही नशे के खिलाफ काफी काम भी हो रहा है और आवश्यकता है मादक पदार्थों के तस्करी व खतरे की नयी तकनीक से लैस हो काम करना होगा। अब समूहबद्ध होकर नशे के खिलाफ हम सभी को लड़ना होगा जिससे अधिक सफलता मिले। कहा कि अपने समाज व परिवार को इससे बचाने के लिए इस पर कठोर कार्रवाई करनी होगी।



इस दौरान रामलीला मैदान हरिनगर में कुल्हड़ में दूध वितरण हुआ । कार्यक्रम में पूर्व वन क्षेत्राधिकारी हीरा सिंह शाही समेत नवीन पंत, कंचन चंदोला, बिमला अधिकारी, रेनू पंत, राजेन्द्र परगांई, रितुल कुमार, नीरज डालाकोटी, ममता जोशी, नवीन पंत, देवानंद आर्य, नंदा बल्लभ भट्ट, नवीन चन्द्र, मुकेश कुमार, कमल कुमार, आरती बिष्ट, जया बिष्ट, साक्षी, चंपा बिष्ट, अनिता बिष्ट, कौशल शाह, कमल कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, पवन बिष्ट, चन्दन बिष्ट, विष्णु सिंह बिष्ट, नासिर खान, बीरेन्द्र सिंह मेहरा, कमल सिलेलान समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों तथा युवा व महिलाओं ने दूध पियो - नशा छोड़ो अभियान में भागीदारी की।

### महापरिनिर्वाण दिवस पर डा. बीआर अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर डा. बीआर अम्बेडकर जन्म दिवस समारोह समिति द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों और समाज के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा साहेब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में दीपदर्शन ने अध्यक्षता की, जबकि संरक्षक दीपक चनियाल और संचालन दिनेश आर्य ने किया। सभा में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए, जिन्होंने बाबा साहेब की सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष दीपदर्शन ने कहा कि डा. भीम राव अम्बेडकर का योगदान भारतीय लोकतंत्र और संविधान निर्माण में अमूल्य है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। उन्होंने भारतीय समाज में शोषित, वंचित और दलित वर्ग के अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष किया। कार्यक्रम में जिनमें जीआर टम्टा, सुमन गौतम, आरपी गंगोला, सुंदरलाल बौद्ध, नफीस अहमद खान, महेश चंद्र आर्य, हरीश लोधी, पंकज अम्बेडकर, संजय कुमार टम्टा, पूजा, मीना, चंदा देवी, अशोक कुमार, कृष्णवती पीआर टम्टा, मुकेश बौद्ध, रितिक कांत, शंकर लाल, रविकांत, आरआर आर्य, हेमा आर्य, एडवोकेट अंजू, आकाश भारती और पंकज थे।

# नैनीताल नगर पालिका बोर्ड की बैठक 45 में से 22 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक शनिवार को पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल की अध्यक्षता में नगर से दूर पंगोट क्षेत्र मेंआहूत की गयी जिसमें कई प्रस्तावों पर पालिका सभासदों की सर्वसममति से मुहर लगाई। पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने बताया कि बैठक में 45 प्रस्ताव थे जिसमें से सर्वसमति से 22 प्रस्तावों को पारित किया गया है जिसमे पुनरक्षित का बजट 59 करोड़ का पारित हुआ है जबकि इनकम का ओर व्यय का 50 करोड़ का बजट पारित हुआ है जिसमें से करीब 9 करोड़ का लाभ हो सकता है जबकि पालि. का की 14 करोड़ की देनदारी बाकी है। बताया कि सब ठीक ठाक हुआ तो 31 मार्च तक पालिका 14 करोड़ की देनदारी स्वमुक्त हो जाएगा। बोर्ड बैठक नगर से बाहर करने के मुद्दे पर ईओ शर्मा ने बताया कि नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 86 की के चलते सभी सभासदों की सर्वसमति से स्थान परिवर्तित करने के लिए कहा गया था जबकि उनके द्वारा नगरपालिका सभागार ही चिन्हित किया गया था। सभासदों के अनुरोध पर बोर्ड बैठक नगर से बाहर रखी गई थी। बताया कि वार्डो में कार्यो के लिए पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने पालिका बोर्ड फंड से 5 लाख और विधायक निधि से 3-3 लाख से कार्य करने का फैसला लिया है। सभी कार्य मार्च से पहले करने को लेकर पारित किया गया है। इस दौरान सभासाद भगगत सिंह रावत, गजाला कमाल, सपना बिष्ट, ललिता दफौटी, रमेश प्रसाद, जितेंद्र कुमार पांडे, मनोज साह जगाती, गीता उप्रेती, अंकित चंद्रा, शीतल कटियार, रमेश पवार, पूजा बिष्ट, काजल आर्या, मुकेश जोशी समेत कार्यालय अधीक्षक, लेखाकार, कर अधीक्षक, अवर अभियंता, कर निरीक्षक, विविध लिपिक, सहायक लेखाकार समेत शादाब अकरम, सूरज चौहान, हरीश मेलकानी, क़र अली आदि उपस्थित थे।



### नो पार्किंग पर पुलिस सख्त

**नैनीताल।** नैनीताल में इन दिनों फिर टैक्सी और पर्यटकों के वाहन सड़क किनारे पार्क होने से यातायात प्रभावित होने लगा है। पुलिस की ओर से सड़क पर वाहन पार्क कर यातायात को प्रभावित करने वालों के खिलाफ ऑनलाइन चालान किए गए हैं। बता दें शनिवार को साप्ताहंत के दौरान यातायात बढ़ने के चलते यातायात बाधित हुआ तो पुलिस ने गश्त शुरू की। तल्लीताल में नेश्नल होटल व लेकब्रिज चुंगी के आसपास से पुलिस ने वाहनों को हटवाया। वहीं मल्लीताल कोतवाली व यातात पुलिस ने भी सड़कों से वाहनों को हटाने का अभियान चलाया। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि उनकी ओर से 20 वाहन चालकों के चालान किए जबकि टीएसआई हरीश फर्त्याल ने बताया कि यातायात पुलिस की ओर से 12 चालान किए गए हैं।

# डा. बीआर अंबेडकर को याद किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में शनिवार को शिल्पकार सभा द्वारा भारत रत्न व संविधान निर्माता डा. भीम राव अंबेडकर जी के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

शिल्पकार सभा द्वारा सर्वप्रथम 10 बजे तल्लीताल स्थित डा. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया उसके बाद डा. अंबेडकर भवन में विचार गोष्ठी की गई जिसमें सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चन्द्रा ने कहा की बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर समता समानता बंधुता व स्वंत्रता को जो संदेश दिया है उसे मानते हुए समतामूलक समाज की स्थापना करना है। कार्यक्रम में सभा के संरक्षक के एल आर्य, सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चन्द्रा, महामंत्री राजेश लाल, मंत्री अनिल गोरखा, कोषाध्यक्ष कैलाश आगरकोटी तथा लेखा परीक्षक संजय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य शिल्पकार सभा की महिला विंग की अध्यक्ष तारा आर्य एड तथा महिला महामंत्री मनीषा आर्य आदि उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी मंडल नैनीताल द्वारा भारत रत्न डा. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को परीनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया। तल्लीताल दर्शन घर पार्क में बाबा साहब की मूर्ति पर मोमबत्ती जलाकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करी गई। कार्यक्रम में विधायक सरिता आर्या समेत सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, युवा नेता अरविंद सिंह पडियार, आनंद बिष्ट, दया किशन पोखरिया, के एल आर्य, शैलेन्द्र बरगली, रोहित भाटिया, संतोष कुमार, मोहित लाल साह, विकास जोशी, विजय कुमार, राजन कुमार, गिरीश भैया, संतोष साह, भगवत रावत, कविता गंगोला, संजय चंदेल तथा ज्योति वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 18 को सचिवालय पर धरना-प्रदर्शन का ऐलान

### नोशनल इंक्रीमेंट जनवरी 2006 से न देने पर आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच ने शनिवार को आयोजित वेबिनार में पेंशनर्स समुदाय की जायज मांगों के प्रति सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। मंच ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 30 जून और 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन की गणना में नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ जनवरी 2006 से नहीं दिया गया, तो 18 दिसम्बर को सचिवालय के मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि राज्य के पेंशनर्स को यूपी और केंद्र की तर्ज पर यह लाभ जनवरी 2006 से नहीं दिया गया, जिसके कारण समूचे पेंशनर्स समुदाय में गहरी नाराजगी है। वक्ताओं ने बताया कि जिन कर्मचारियों ने राज्य के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपनी जान जोखिम में डाली, उन्हें अपने सेवा संबंधी लाभों को प्राप्त करने में हो रही देरी और टालमटोल को लेकर वे हैरान हैं। वेबिनार में कार्मिक एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे की अध्यक्षता में यह मुद्दा उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 26 मई 2025 को आदेश जारी कर 30 जून और 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मियों को पेंशन की गणना में नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ जनवरी 2006 से देने की स्वीकृति दे दी है। इससे पहले, केंद्र सरकार ने 2023 से यह लाभ देने का आदेश दिया था, जिसके आधार पर उत्तराखण्ड सरकार ने 31 दिसम्बर 2024 को आदेश जारी कर अप्रैल 2023 से यह लाभ देने की घोषणा की थी। वक्ताओं ने राज्य सरकार से वेतन समिति की संस्तुतियों के आधार पर केंद्र की पैरिटी के अनुसार यह लाभ शीघ्र लागू करने की मांग की। इसके अलावा, उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा 26 नवम्बर को जारी आदेश का स्वागत करते हुए पेंशनर्स डे के आयोजन की मांग की गई, ताकि पेंशनर्स की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन देहरादून के जिलाध्यक्ष ओमवीर चौधरी ने भी चेतावनी दी कि यदि केंद्र और यूपी की तर्ज पर नोशनल इंक्रीमेंट 2006 से देने के आदेश नहीं होते, तो देहरादून शाखा द्वारा 18 दिसम्बर को सचिवालय के मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। सेवानिवृत्त कार्मिक समन्वय समिति के संयोजक सुमन सिंह वाल्दिया और सह संयोजक नवीन नैथानी ने इस आंदोलन के ऐलान को गंभीरता से लेते हुए कहा कि 14 दिसम्बर को घटक संघों की बैठक में इस पर ठोस निर्णय लिया जाएगा। वेबिनार के अंत में हाल ही में कार दुर्घटना में एकता मंच के अल्मोड़ा शाखा के संस्थापक संयोजक पुष्कर सिंह भैसोड़ा, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के हवलबाग ब्लॉक के अध्यक्ष संजय बिष्ट और महामंत्री सुरेन्द्र भण्डारी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।



### कुलपति ने किया परिसर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने शनिवार को भीमताल परिसर का निरीक्षण किया, जिसमें निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने सोनगांव में बन रहे लॉ कॉलेज, अकादमिक ब्लॉक, फार्मेसी ब्लॉक, फार्मेसी प्रयोगशाला, और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अनुसंधान केंद्र के निर्माण का निरीक्षण किया। कुल. पति को परिसर में उनके एफएनए से सुशोभित होने और आईएनएसए सदस्यता प्राप्त करने पर स्वागत किया गया। कुमाऊं विश्वविद्यालय को पीएम उषा मेरु योजना के तहत 100 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ है, जिससे भीमताल में विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें ला कालेज, फार्मेसी ब्लाक, अकादमिक ब्लाक, और जैव प्रौद्योगिकी विभाग शामिल हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा नाम MUHAMMAD EHTESHAM S/o IQBAL AHMED है अब मैंने अपना First Name MUHAMMAD तथा Last Name / Surname EHTESHAM कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**MUHAMMAD EHTESHAM S/o IQBAL AHMED,** H.No. 458 WEST AMBER TALAB, ROORKEE HARIDWAR.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम टीको देवी गलत अंकित है जबकि मेरे पति के पेंशन पट्टे में मेरा नाम बिडडो देवी अंकित है। आज की तिथि के बाद मुझे बिडडो देवी के नाम से जाना पहचाना पढ़ा व लिखा जाए।

**बिडडो देवी** पत्नी श्री धर्म सिंह, निवासी- ग्राम ककाड़ी, पो0ओ0 साहिया, तहसील कालसी, जिला देहरादून उत्तराखंड।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र प्रभात शर्मा व पुत्रवधू प्रिया शर्मा मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। मैं पुत्र प्रभात शर्मा व पुत्रवधू प्रिया शर्मा को चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उपरोक्त दोनों के द्वारा किए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**श्रीमति मधुबाला शर्मा पत्नी स्व. श्री संजय कुमार,**
निवासी- बी 1377, आईडीपीएल, वीरभद्र, ऋषिकेश।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGCO25866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-961 **निविदा सूचना** दिनांक- 06/12/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (सिविल), मनेरी भाली-।।, चिन्यालीसौड़ इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**निविदा संख्या 21/अधि.अभि (सिविल) / एमबी-।।/ चिन्यालीसौड़/2025-26**
**कार्य का नाम:** मनेरी भाली द्वितीय चरण परियोजना के शक्ति पुरम कालोनी, चिन्यालीसौड़ स्थित सी0पी0 टाईप आवासों के समीप पार्क के रखरखाव व सौन्दर्यीकरण का कार्य।
**अनुमानित लागत :** 15,91,412.00 (GST अतिरिक्त)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 08.12.2025 सांय 5:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 02.01.2026 प्रातः 11:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (सिविल), एम.बी.-।।, चिन्यालीसौड़**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**पावर ट्रॅांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विद्युत भवन, नजदीक-आई0एस0बी0टी0 क्रॉसिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून- 248002
कारपोरेट आई0डी0 U40101UR2004SGC028675 ई-मेल:- ee2_it@ptcul.org

**निविदा विस्तारण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित निविदा संख्या tender specification T.No. 02/EE(IT-II)/Dehradun/2025-26 जोकि दिनांक 08.12.2025 को खोली जानी थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा को दिनांक 23.12.2025 तक विस्तारित की जाती है निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 22.12.2025 है। निविदायें पंजीकृत/स्पीडपोस्ट डाक के माध्यम से ही प्राप्त की जायेंगी। विज्ञापन से सम्बन्धित अन्य शर्तें पिटकुल की वेबसाइट www.ptcul.org पर एवं इस कार्यालय में भी उपलब्ध है।
ई-निविदा से सम्बन्धित जानकारी हेतु सम्पर्क करें +91-7088112452

पत्रांक: 493/अधी0अभि0(सू0प्रौ0-द्वितीय)/पिटकुल/
दिनांक: 06/12/2025 अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ-II)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

**न्यायालय-असिस्टेन्ट कलेक्टर कीर्तिनगर टिहरी गढ़वाल।**

रा०वा०सं०- 53/2024
अन्तर्गत धारा-176 उ०प्र०ज०वि०अधि०
**वादी-** प्रेमानन्द पुत्र स्व० श्री देवानन्द निवासी ग्राम-गोरसील पट्टी-चौरास तहसील कीर्तिनगर टि०ग०।

**समन बनाम**

**प्रतिवादीगण- 1.** विरेन्द्र पुत्र रामानन्द, **2.** नरेन्द्र दत्त पुत्र हर्ष देव, **3.** सुरेन्द्र दत्त पुत्र हर्ष देव निवासी ग्राम गोरसाली पट्टी चौरास तह० कीर्तिनगर टि०ग०, **4.** श्री कैलाश चन्द्र पुत्र श्री अनुसूया प्रसाद, **5.** श्री महेश चन्द्र पुत्र श्री अनुसूया प्रसाद, **6.** श्रीमती रमा देवी पत्नी श्री अनुसूया प्रसाद, **7.** श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री शम्भू प्रसाद, **8.** श्रीमती कलावती पत्नी श्री शिवानन्द, **9.** श्री त्रिलोक सिंह पुत्र श्री कीर्ति सिंह, **10.** श्री मंगल सिंह पुत्र श्री नैन सिंह, **11.** श्रीमती रमा पत्नी श्री केशर सिंह, **12.** श्री बलवंत सिंह पुत्र श्री भैरव सिंह, **13.** श्री सूरत सिंह पुत्र श्री भैरव सिंह, **14.** श्री अनिल सिंह पुत्र श्री भैरव सिंह, **15.** श्री भैरव सिंह पुत्र श्री कलम सिंह, **16.** श्री गबर सिंह पुत्र श्री कुंदन सिंह, **17.** श्री देवी सिंह पुत्र श्री कुंदन सिंह, **18.** श्री धर्मानंद पुत्र श्री बालकृष्ण, **19.** श्री प्रमोद कुमार पुत्र श्री प्रेम सिंह, **20.** श्री शूरवीर सिंह पुत्र श्री प्रेम सिंह, **21.** श्री योगेन्द्र सिंह पुत्र श्री प्रेम सिंह, **22.** श्री मातबर सिंह पुत्र श्री बचन सिंह, **23.** श्री उमेद सिंह पुत्र ऐतवार सिंह, **24.** श्री आनंद सिंह पुत्र ऐतवार सिंह, **25.** श्रीमती जमुना देवी पत्नी ऐतवार सिंह, **26.** श्री रामचंद्र सिंह पुत्र श्री वचन सिंह, **27.** श्री सोबन सिंह पुत्र श्री मदन सिंह, **28.** श्री वचन सिंह पुत्र श्री मदन सिंह, **29.** श्री गुलाब सिंह पुत्र श्री मगन सिंह, **30.** श्री गोपाल सिंह पुत्र श्री मगन सिंह, **31.** श्री सत्ये सिंह पुत्र श्री मगन सिंह, **32.** श्री पूर्ण सिंह पुत्र श्री मगन सिंह, **33.** श्री कीरथ सिंह पुत्र श्री मगन सिंह, **34.** श्रीमती गोदाम्बरी देवी पत्नी मगन सिंह, **35.** श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री हुकुम सिंह, **36.** श्री प्रमेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह, **37.** सज्जन सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह, **38.** पवन सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह, **39.** धमेन्द्र सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह, **40.** श्रीमती पूर्णीमा देवी पत्नी दलजीत सिंह, **41.** मस्तान सिंह पंवार पुत्र भोला सिंह उर्फ सोहन सिंह, **42.** विरेन्द्र सिंह पंवार पुत्र भोला सिंह उर्फ सोहन सिंह, **43.** श्रीमती शाखा पत्नी पुष्कर सिंह, **44.** माया राम पुत्र गोपाल राम, **45.** हरीमणी पुत्र बालमुकन्द, **46.** देवी प्रसाद पुत्र बालमुकन्द, **47.** सत्येश्वरी देवी पत्नी परिपूर्णानन्द, **48.** लक्ष्मी देवी पत्नी बालमुकन्द, **49.** श्री रामेश्वर पुत्र श्री नेत्रमणि, **50.** हुकम सिंह पुत्र बादर सिंह, **51.** ग्राम प्रधान गुरसाली, **52.** ग्राम प्रधान मैणौ, **53.** ग्राम प्रधान नौर, **54.** रामप्यारी देवी पत्नी रामानन्द, **55.** अनूप सिंह पुत्र ऐतवार सिंह निवासीगण ग्राम मैणो पट्टी चौरास तह० कीर्तिनगर टि०ग०।

वादीगण उपरोक्त द्वारा प्रतिवादीगण के विरूद्ध इस न्यायालय में वाद दायर किया है, जिसमें प्रतिवादी/प्रतिवादीगण विरूद्ध पक्षकार है। उक्त के सम्बन्ध में आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 31-12-2025 को बवक्त प्रातः 10 AM बजे दिन असालतन या वकालतन जो भी मुकदमें से मुताल्लिक करार वाकई किया हो, और कुल वाकेआत अहम, मुतालिक मुकदमा जवाब दे सके, और जवाबदेही दावा की करे, उपरोक्त नियत तिथि व समय पर अदालत हाजा कीर्तिनगर में हाजिर होकर पैरवी करें। अगर बतारीख मंदरजा आप हाजिर न होंगे तो मुकदम्मा मजकूर में बगैर आपकी हाजिरी के एक तरफा सुनवाई की जाकर उचित निर्णय/आदेश पारित किया जायेगा।

**आज्ञा से**
**प्रबन्धक/पेशकार**
**न्यायालय असिस्टेन्ट कलेक्टर कीर्तिनगर।**

# संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाए वन विभाग

## मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए डीएम ने दिए जागरूकता अभियान के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला स्तर पर कवायद तेजी से इस संबंध में शनिवार को हल्द्वानी कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सभी प्रभागीय वनाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए बढ़ते मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाते हुए कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी श्री रयाल द्वारा अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वन क्षेत्रान्तर्गत जहां से वन्य जीव बसावट की ओर आते हैं ऐसे क्षेत्रों में सोलर फेंसिंग को दुरस्त करने और उनका सही रख रखाव किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में मानव वन्य जीव संघर्षों की अधिक घटनाएं होती हैं वन विभाग उन सभी संवेदनशील वन क्षेत्रों से सटे गांवों और इलाकों में गस्त बढ़ाये जिससे ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने विभाग को निर्देश दिए कि यदि किसी जगह पर लेपर्ड या किसी अन्य जंगली जानवर का मूवमेंट अधिक हो तो उसको देखते हुए उन क्षेत्रों में स्थित स्कूलों की टाइमिंग में भी यदि बदलाव करना पड़े तो शिक्षा अधिकारी उसको भी सुनिश्चित करें तथा स्कूल आते एवं छुट्टी के समय बच्चों के साथ किसी वयस्क व्यक्ति को भेजे जाने के लिए ग्रामीणों से भी समन्वय स्थापित कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जंगल में जिन क्षेत्रों से महिलाएं घास लेने जाती हैं उन मार्गों में मनरेगा के माध्यम से झाड़ी कटान एवं सफाई अभियान लगातार जारी रखा जाय ताकि आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो। जिलाधिकारी ने वन विभाग को निर्देशित किया कि जंगल के बीच में स्थित चाल खाल को पानी से लबालब भर दिया जाए जिससे जंगलों का मूवमेंट आबादी की तरफ ना हो। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जंगल के निकट स्थित विभिन्न रिजॉर्ट, होटल एवं रेस्टोरेंट से खाद्य सामग्री खुले में डालने से वन क्षेत्र से वन्य जीवों के आने की भी संभावना होती है। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बांगड़ी, ध्रुव मर्तोलिया, आकाश गंगवार, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, जिलाशिक्षा अधिकारी पीसी टम्टा मौजूद रहे।

# कैंचीधाम को आज शटल सेवा

## जाम से बचने के लिए पुलिस ने जारी किया रूट डायवर्जन प्लान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कैंची धाम में रविवार को दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को अब अपनी गाड़ी रास्ते में ही छोड़नी पड़ेगी। दरअसल जाम से बचने के लिए पुलिस प्रशासन ने यात्रा मार्ग में रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है, साथ ही भक्तों के लिए शटल सेवा की व्यवस्था भी की गई है। पुलिस विभाग के अनुसार कल यानि आज रविवार को कैंची धाम यात्रा रूट पर वाहनों का दबाव अधिक होने की संभावना है। ऐसे में सुबह 8 बजे से पर्यटक वाहनों और भारी वाहनों के लिए डायवर्जन प्लान लागू किया जाएगा। इसके तहत, नैनीताल और ज्योलिकोट से कैंची धाम जाने वाले वाहनों को भवाली स्थित सैनिटोरियम में पार्क करना होगा, जहां से शटल सेवा के माध्यम से पर्यटकों को कैंची धाम भेजा जाएगा। भीमताल मार्ग से आने वाले पर्यटकों के वाहनों को विकास भवन, भीमताल में पार्क किया जाएगा, और वहां से शटल सेवा के जरिये उन्हें कैंची धाम पहुंचाया जाएगा। हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले भारी वाहन भीमताल रोड से खुटानी, मुक्तेश्वर और रामगढ़ होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगे। जबकि ज्योतिकोट मार्ग से पर्वतीय क्षेत्र की ओर जाने वाले भारी वाहन नैनी बैंड सैनिटोरियम बाईपास से तिरछाखेत, खुटानी, मुक्तेश्वर होते हुए जाएंगे। यदि यातायात सामान्य नहीं रहता, तो ये वाहन गेठिया क्षेत्र में रोक दिए जाएंगे। वहीं, अल्मोड़ा, रानीखेत और बागेश्वर से हल्द्वानी की ओर जाने वाले भारी वाहन क्वारब, रामगढ़ और मुक्तेश्वर से खुटानी होते हुए भीमताल से अपने गंतव्य तक जाएंगे, या फिर यातायात सामान्य होने तक जनपद सीमा पर ही रोके जाएंगे।

# गूगल से सीमेंट खरीदा तीन लाख की चपत लगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑनलाइन खरीदारी के लिए गूगल से मदद लेना एक व्यक्ति के लिए महंगा साबित हुआ। सीमेंट खरीदने के लिए गूगल पर सर्च करने के बाद उसे एक हेल्पलाइन नंबर मिला, और कुछ ही देर में उसने लाखों रुपये गंवा दिए। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आवास विकास निवासी धीरज भट्ट ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि उन्हें सीमेंट की आवश्यकता थी, इसलिए उन्होंने अल्ट्राटेक सीमेंट के उत्तराखंड सी एंड एफ से संबंधित जानकारी इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त की। इसके बाद, उन्हें एक हेल्पलाइन नंबर मिला, जिस पर कॉल करने पर उनकी बात अभिषेक और प्रमोद नामक व्यक्तियों से हुई। आरोपियों ने धीरज को 100 कट्टों का बिल 2,73,408 रुपये भेजा, जिसे धीरज ने बीती 11 सितंबर को आनन्द बल्लभ भट्ट के खाते से आरटीजीएस के जरिए भुगतान कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने धीरज को 500 कट्टों के अतिरिक्त बिल के रूप में 1,33,120 रुपये का भुगतान करने को कहा। धीरज ने 89,000 रुपये फोनपे के माध्यम से और 44,120 रुपये प्रकाश चंद्र भट्ट के खाते से ट्रांसफर कर दिए। इस प्रकार धीरज ने कुल 3.65 लाख रुपये से अधिक की रकम आरोपियों को भेज दी, लेकिन इसके बावजूद सीमेंट की आपूर्ति नहीं हुई। जब साइबर ठगों ने फोन उठाना बंद कर दिया, तब धीरज को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने तुरंत साइबर सेल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और बाद में एसएसपी से भी शिकायत की। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मुखानी क्षेत्र से दो बच्चों समेत महिला लापता

हल्द्वानी। मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक महिला अपने दो बच्चों के साथ अचानक लापता हो गई। लापता महिला के भाई ने पुलिस को तहरीर सौंपी, पुलिस ने लापता महिला की गुमशुदगी दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पनयाली पदमपुरी निवासी योगेश कुमार ने मुखानी पुलिस को दी तहरीर कहा कि उनकी बहन मोनिका कमलुवागांजा में एक किराए के मकान में अपने दो बच्चों के साथ रहती है। तहरीर में कहा कि बीते 7 अक्टूबर को उनकी बहन अचानक घर से अपने छह साल व पांच साल के दोनो बच्चों के साथ लापता हो गई। महिला की काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। योगेश कुमार ने बताया कि वह गाजियाबाद में कुछ जरूरी काम के लिए गए हुए थे और जब वह वापस आए तो देखा कि उनकी बहन और दोनों बच्चे गायब थे। जब मकान मालिक से इस बारे में जानकारी ली गई, लेकिन उन्होंने कुछ भी स्पष्ट नहीं बताया। दो महीने बाद लापता महिला के भाई ने मुखानी पुलिस से गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करते हुए सकुशल बरामदगी करने की गुहार लगाई। पुलिस ने भाई की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी।

# एसटीएच में नवजात पुनर्जीवन कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी अस्पताल के सभागार में शनिवार को नवजात पुनर्जीवन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत डा. जीएस तितियाल, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज के डा. अरुण जोशी, चिकित्सा अधीक्षक, डा. ऋतु रखोलिया, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग, और डा. प्रमोद कुमार ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में डा. ऋतु रखोलिया ने देश में नवजात मृत्यु दर को 2030 तक एक अंक तक लाने के प्रधानमंत्री के लक्ष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लगभग 25-30 प्रतिशत नवजात शिशु की मृत्यु का कारण प्रसव

■ पहले मिनट में बच्चे का सांस लेना जरूरी



कालीन सांस अवरोध होता है, जिससे बच्चे को जीवन के पहले मिनट में सांस लेने में कठिनाई होती है। इस दौरान मस्तिष्क और हृदय को ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, जिससे बच्चे की स्थिति गंभीर हो जाती है। डा. रखोलिया ने नवजात पुनर्जीवन तकनीक की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि मां के पेट में ऑक्सीजन और अन्य आवश्यक पदार्थ प्लेसेंटा के माध्यम से शिशु को मिलते हैं। लेकिन जब बच्चा गर्भ से बाहर आता है, तो उसे पहले मिनट में सांस लेना आवश्यक होता है। अगर बच्चा पहले मिनट में सांस नहीं लेता, तो उसके मस्तिष्क और हृदय को नुकसान हो सकता है। गर्भावस्था में गर्भ जल की कमी, अत्यधिक रक्त स्राव, या अन्य जटिलताएं भी शिशु को सांस लेने में समस्या उत्पन्न कर सकती हैं, जिनसे नवजात पुनर्जीवन तकनीक के माध्यम से बचाव किया जा सकता है। इस कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर डा. ऋतु रखोलिया, डा. बिंदु, डा. पूजा, डा. साक्षी, डा. नूतन सहित 32 प्रतिभागी मौजूद रहे।

# शराबियों पर पुलिस का एक्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सार्वजनिक स्थानों और वाहनों में शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा अभियान चलाते हुए 67 लोगों को हिरासत में लिया और सात वाहनों को सीज किया है।

एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि इस तरह के मामलों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी जो अपने प्रतिष्ठानों में बैठा कर शराब पिला रहे हैं। पुलिस के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और हुड़दंग मचाने के आरोप में 67 लोगों को हिरासत में लिया गया और उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। इसके अलावा, एमवी एक्ट के तहत 264 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 67,250 रुपये का शुल्क वसूला गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले 7 वाहनों को सीज भी किया गया। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके वाहनों को भी सीज किया। वहीं दूसरी ओर काठगोदाम पुलिस ने भी दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और तीन वाहनों को सीज किया। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले, वाहन चलाने वाले और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उपकारागार में विधायक सुमित ने लगवाया जनरेटर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उप कारागार चिकित्सालय में विधायक निधि से प्राप्त हाईटेक जनरेटर का लोकार्पण शहर विधायक सुमित हृदयेश द्वारा किया गया। इस



जनरेटर के स्थापित होने से चिकित्सालय और कारागार परिसर में विद्युत आपूर्ति अब बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से जारी रहेगी। इस दौरान शहर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा उपकारागार जैसी संवेदनशील संस्थाओं में विद्युत आपूर्ति का निरंतर और सही तरीके से होना अत्यंत आवश्यक है। यह अत्याधुनिक जनरेटर न केवल चिकित्सालय के संचालन में मदद करेगा, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। भविष्य में भी जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों के लिए हम हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शोभा बिष्ट, अधीक्षक उप कारागार प्रमोद कुमार, पार्षद शैलेन्द्र सिंह दानू, डा. मयंक भट्ट सहित विभागीय अधिकारी और कारागार के अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# जुजित्सु में नैनीताल जीके का दबदबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जूजीत्सु एसोसियेशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान में 6-7 दिसंबर को स्थानीय अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित हो रही स्टेट जुजित्सु चैंपियनशिप में पहले दिन नैनीताल जीके के खिलाड़ियों ने अत्यधिक स्वर्ण पदकों पर कब्जा कर अपना जलवा दिखाया।

जूजित्सु एसोसियेशन ऑफ इंडिया के निदेशक प्रशासन सतीश जोशी ने बताया कि राज्य जूनियर चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन नैनीताल जीके के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक स्वर्ण पदकों पर कब्ज़ा कर अपना जलवा बरकरार रखा। उन्होंने बताया को उक्त चैंपियनशिप में राज्य के 11 जिलों के चयनित 328 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।



प्रतियोगिता का शुभारंभ जूजित्सु इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार जोशी एवं अंतर्राष्ट्रीय मैराथन चैंपियन सुरेश पांडे किया। प्रतियोगिता कर स्वर्ण एवं रजत पदक विजेता खिलाड़ी इसी माह 19-23 दिसंबर में हल्द्वानी उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर जुजित्सु चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। पहले दिन स्वर्ण पदक विजेताओं में अश्मिका कुकरेती (देहरादून), मेघा पंत नैनीताल, रशिका धपोला नैनीताल, शिवन्या जोशी ऊधम सिंह नगर, शांभवी नेगी हरिद्वार, इशिका शाही नैनीताल, माही बिष्ट अल्मोड़ा, अक्षत थपलियाल नैनीताल, गौरव अंदोला चम्पवात, लखिया नैनीताल, आरव चंदेल उड़ान सिंह नगर, आदित्य बिष्ट अल्मोड़ा, स्वरांजलि जोशी हल्द्वानी आदि ने स्वर्ण पदक जीते। इस दौरान विश्व चैंपियनशिप में पदक विजेता प्रज्ञा जोशी का स्वागत भी किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक कमल सिंह, वैभव पड़ियार, नव्या पांडे, आदित्य सिंह, नरेंद्र रजवार, किशोर सिंह, ममता उपाध्याय, श्रीपर्णा जोशी आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन निदेशक सतीश जोशी ने किया। इस मौके पर उत्तराखंड जूजित्सु की प्रदेश अध्यक्ष रसिका सिद्दीकी, उपाध्यक्ष ललित कर्नाटक, दीपक जोशी, वीरेंद्र राठौड़, ऋषिपाल भारती, दीपक नौटियाल, किशन चौहान, किशोर सिंह, यशपाल भट्ट, सृष्टि कृशाली, कुंदन सिंह, कृष्णजली जोशी, ममता उपाध्याय मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी से मिला सिख फेडरेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिख फेडरेशन के पदाधिकारियों ने शनिवार को दो प्रमुख मुद्दों को लेकर जिलाधिकारी ललित मोहन रायल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

सिख फेडरेशन प्रतिनिधियों द्वारा डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी सिख समाज की प्रमुख संस्था है। इसकी स्थापना व प्रगति में हमारे समाज के बुजुर्गों का महत्वपूर्ण योगदान है। लेकिन वर्तमान सयम में उक्त संस्था पर प्रबंधक संचालक (सिटी मजिस्ट्रेट) की नियुक्ति होने के कारण संस्था का संचालन सिख



■ ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग

समाज के पास नहीं है। जिससे संस्था के स्थापना के उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो पा रही है। कई पदों पर शिक्षकों के पद भी रिक्त है इसलिए सिख फेडरेशन मांग करता है कि प्रबंधन समिति के चुनाव शीघ्र सम्पन्न करवाए जाए। इसके साथ ही उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर टॉवर को उत्तराखंड पुलिस के जवानों से खाली करवाने का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से पुलिस के जवान वहां पर निवास कर रहे है और खुले में ही स्थान करते है जबकि खालसा नेशनल बालिका इंटर कालेज बालिकाओं का स्कूल है। उन्होंने कहा कि खालसा नेशनल बालिका इंटर कालेज परिसर में सिख धर्म के गुरू श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश भी है। इससे हमारे समाज की धार्मिक भावनाएं भी आहत हो रही है। इसलिए उक्त बिल्डिंग से पुलिस के जवानों को खाली कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में सिख फेडरेशन के प्रतिनिधि गुरुप्रीत सिंह प्रिंस, गगनदीप सिंह कोहली, परमजीत सिंह पम्मा, बनप्रीत नागपाल, तरन बिंद्रा, कुलविंदर सिंह, हरदीप सच्चर, अमनपाल सिंह, दलीप सिंह, अंगपाल चड्डा, लक्की चड्डा, जसप्रीत गुजराल, इंदरप्रीत सिंह, शटी रेखी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने डहरिया क्षेत्र से एक व्यक्ति को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई 5 दिसंबर को की गई। जानकारी के अनुसार टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल दिगम्बर सनवाल और कांस्टेबल अनिल टम्टा के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान कर रहे थे तभी इस दौरान डहरिया के मां पूर्णागिरी कालोनी में अंधेरे में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस ने शक के आधार पर उसे रोकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 5.48 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम राजेश पाण्डेय उर्फ रामा, पुत्र बल्लभ पाण्डेय, निवासी सीएमटी कालोनी डहरिया बताया। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# शिक्षक पर महिला के गंभीर आरोप

## फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर ब्लैकमेलिंग की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक महिला ने कोटाबाग के एक शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार मुखानी निवासी एक महिला ने राजकीय जूनियर हाईस्कूल, दोहनिया कोटाबाग के शिक्षक के खिलाफ साइबर क्राइम थाना रुद्रपुर में तहरीर सौंपते हुए आरोप लगाया कि बीते 25 जून को जब वह अपना फेसबुक खाता चला रही थी, तो उसने देखा कि उसका नाम और तस्वीरें लेकर एक नकली अकाउंट बनाया गया है। इस अकाउंट में उनकी 77 निजी तस्वीरें और 3 वीडियो पोस्ट की गई थीं, और अकाउंट में 4,247 दोस्त जुड़े हुए थे। पीड़िता ने कहा जब उसने सर्च किया तो पाया कि यह फर्जी अकाउंट कमल गिन्ती नामक चला रहा था।

उस अकाउंट पर 1 जुलाई 2024 की एक पोस्ट में आरोपी खुद पीड़िता के साथ दिखाई दे रहा था। इसके अलावा, फर्जी अकाउंट के माध्यम से आरोपी ने महिला के परिचितों से पैसे की मांग की थी। आरोपी ने एक परिचित से 2,000 रुपये की ठगी भी की थी। 2 जुलाई को महिला ने आरोपी को व्हाट्सएप के माध्यम से संदेश भेजकर उसका अकाउंट बंद करने को कहा, लेकिन इसके बदले आरोपी ने धमकियां देना शुरू कर दिया। आरोपी ने 27,000 रुपये की मांग की और महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। महिला ने कहा कि आरोपी की राजनीतिक पहुंच और झगड़ालू स्वभाव के कारण उसे और उसके परिवार को गंभीर खतरे का सामना है। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि इस मामले में जीरो एफआईआर दर्ज कर दी गई है और मामला साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन को ट्रांसफर कर दिया गया है, जहां मामले की जांच की जा रही है।

# सड़क हादसे में पुलिस की लापरवाही उजागर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार के मामले में त्वरित कार्रवाई करने वाली पुलिस अब सड़क हादसे के एक अन्य मामले में पूरी तरह से निष्क्रिय रही,

### कोर्ट के आदेश पर चार माह बाद मुकदमा

जिससे पीड़ित पक्ष को महीनों तक पुलिस के चक्कर काटने पड़े। अंततः हार कर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद पुलिस को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर मामला दर्ज करना पड़ा। जानकारी के अनुसार प्रेम विहार जीतपुर नेगी निवासी मुन्नालाल कश्यप ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी की अदालत में एक प्रार्थना पत्र सौंपते हुए पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। मुन्नालाल ने बताया कि उनका बेटा अंकित कश्यप 27 अगस्त की रात करीब साढ़े 10 बजे अपनी नई मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। उसी दौरान नैनीताल मोटर्स, रामपुर रोड के पास एक ट्रक चालक ने उसे जोरदार टक्कर मारी। हादसे में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया।

टक्कर के बाद ट्रक चालक कुछ समय तक घटनास्थल पर रुककर युवक को देखता रहा, फिर मौके से फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। घायल अंकित को पहले डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय और फिर गंभीर हालत में कुसुमखेड़ा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुन्नालाल ने आरोप लगाया कि वह अपने बेटे के इलाज में व्यस्त होने के कारण 2 सितंबर को तहरीर लेकर थाना हल्द्वानी पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने तहरीर तो ली, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। 19 सितंबर को उन्होंने एसएसपी से भी शिकायत की, लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्हें अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में जाने की मजबूरी पड़ी, जहाँ अदालत के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि इस मामले में अब मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चेकिंग के दौरान चौकी प्रभारी को स्कॉर्पियो ने किया कुचलने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** नैनीताल रोड पर ड्रंक एंड ड्राइव चेकिंग के दौरान एक नशे में धुत एक स्कॉर्पियो चालक ने भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी को कुचलने की कोशिश की। हादसे में चौकी प्रभारी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने चौकी प्रभारी की तहरीर पर आरोपी स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बता दें कि एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर शुक्रवार रात को पुलिस ने सड़कों पर शराब पीने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। रात करीब पौने 10 बजे भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार पुलिस कर्मियों के साथ तिकोनिया चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान नैनीताल की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन स्कॉर्पियो चालक ने न केवल रुकने से इनकार किया, बल्कि वाहन की गति और बढ़ा दी। चौकी प्रभारी अनिल कुमार को स्कॉर्पियो चालक ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह दूर जाकर गिर पड़े और उन्हें अंदरूनी चोटें आईं। घायल चौकी प्रभारी को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि आरोपी चालक की पहचान नीलांचल कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय रक्षित हर्बोला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल कराकर उसकी स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है, और चालक को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# फिटनेस फीस कम करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सरकार द्वारा 15 वर्ष पुराने वाहनों की फिटनेस फीस में कमी न किए जाने पर रोष व्यक्त करते हुए गौला खनन मजदूर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने शनिवार को संभागीय परिवहन कार्यालय पहुंचे और आरटीओ गुरदेव सिंह को ज्ञापन सौंपा। समिति के पदाधिकारियों ने आरटीओ को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इस संबंध में घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक फिटनेस फीस में कोई कमी नहीं की गई है। इस कारण गौला से जुड़े सैकड़ों वाहन स्वामी, शुल्क कम होने का इंतजार कर रहे हैं। समिति के सदस्य ने सरकार से यह सवाल किया कि आखिर मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी फिटनेस फीस में कमी क्यों नहीं की गई है। समिति ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो गौला से जुड़े वाहन स्वामियों को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट और संरक्षक डा. बालम सिंह बिष्ट ने कहा कि हर वर्ष गौला से जुड़े वाहन स्वामियों का उत्पीड़न किया जा रहा है, और बिना संघर्ष के गौल (फिटनेस फीस) की समस्या हल नहीं हो रही है। ज्ञापन देने वालों में समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, संरक्षक डा. बालम सिंह बिष्ट, मोहन तिवारी, राजेश बिष्ट, राजेश कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# तीसरा वनडे: भारत ने द. अफ्रीका को हराया

## यशस्वी जायसवाल की सेंचुरी, कुलदीप-प्रसिद्ध ने 4-4 विकेट लिए, सीरीज 2-1 से जीती

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारत ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे में 9 विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका 270 रन ही बना सका। भारत ने 40वें ओवर में महज एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली ने लुंगी एनगिडी की बाल पर लगातार दो चौके मारकर टीम इंडिया को जीत दिला दी। डा. वाई. राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में मेहमान टीम के लिए क्विंटन डी काक ने शतक लगाया। कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48, डेवावाईड ब्रेविस ने 29 और मैथ्यू ब्रीट्जकी ने 24 रन बनाकर टीम को 270 तक पहुंचाया। भारत से कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए। 271 रन के टारगेट के सामने यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने




भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 155 रन की पार्टनरशिप की। रोहित 75 रन बनाकर आउट हुए, यह सीरीज में उनकी पहली फिफ्टी रही। यशस्वी ने फिर 111 गेंद पर अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया।

उनके सामने विराट कोहली ने महज 40 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। दोनों ने 40वें ओवर में टीम को जीत दिला दी। साउथ अफ्रीका से केशव महाराज ने इकलौता विकेट लिया। तीसरे वनडे में नतीजे के साथ होम टीम ने 3 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। साउथ अफ्रीका ने दूसरे मुकाबले में 359 रन चेज किए थे। दोनों टीमों के बीच 5 टी-20 की सीरीज 9 दिसम्बर से शुरू होगी। साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती है। रोहित के 20 हजार इंटरनेशनल रन रोहित के इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे हो गए हैं। वे ऐसा करने वाले भारत के चौथे बैटर बने हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ यह कारनामा कर चुके हैं।प्लेयर ऑफ द मैच यशस्वी जायसवाल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। रोहित और मैंने इस बारे में बहुत बात की है कि हमें कैसे खेलना है और किस तेजी से आगे बढ़ना है। शुरू में मैं ज्यादा तेजी से रन नहीं बना पा रहा था। मैं सोच रहा था कि पारी को बैलेंस कैसे करूं। जब विराट पाजी आए, तो उन्होंने कई शक्ट खेले। उन्होंने मुझे टारगेट सेट करने में भी मदद की। साउथ अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा बोले हम इस मैच को और अधिक रोमांचक बनाना चाहते थे। हमारे पास पर्याप्त रन नहीं थे। लाइट्स में बैटिंग आसान भी हो जाती है। पहले 10 ओवर में हमने गेंद से हमने कंट्रोल किया, लेकिन ऊपर स्कोरबोर्ड का कोई दबाव नहीं था। भारतीयों की बैटिंग काबिल ए तारीफ रही।




### संक्षिप्त खेल समाचार

#### एएफसी गोवा की नजरें खिताब बचाने पर

**फातोर्दा, वार्ता।** कोलकाता की बड़ी टीम ईस्ट बंगाल रविवार को फातोर्दा के जेएलएन स्टेडियम में एआईएफएफ सुपर कप 2025-26 के फाइनल में डिफेंडिग चैंपियन एफसी गोवा से भिड़ेगी। ईस्ट बंगाल बनाम एफसी गोवा का फाइनल रविवार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। 2018 में फेडरेशन कप के बाद शुरू हुआ सुपर कप, इंडियन फुटबॉल का टॉप-टियर डोमेस्टिक कप कॉम्पिटिशन है और जीतने वालों को 2026-27 एएफसी चैंपियंस लीग टू प्ले-ऑफ में जगह मिलेगी। ईस्ट बंगाल एफसी गोवा के खिलाफ बिना हारे फाइनल में पहुंचा है। उन्होंने सेमीफाइनल में पंजाब एफसी को 3-1 से हराने से पहले ग्रुप ए में एक जीत और दो ड्रॉ के साथ टॉप किया था।

#### भारत सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ेगा

**चेन्नई, वार्ता।** मेजबान भारत रविवार को सेमीफाइनल में सात बार की चैंपियन जर्मनी से भिड़ेगा। भारत ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप दो बार जीता है, और उसकी आखिरी जीत 2016 में हुई थी, जब यह टूर्नामेंट लखनऊ में उसके घर पर हुआ था। मंगलवार को मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में पुरुषों के रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुक. ाबले में जोश से भरे भारत ने अपना धैर्य बनाए रखते हुए शूट-आउट में बेल्जियम को 4-3 से हराया। प्रिसदीप सिंह ने शूटआउट में भारतीय हॉकी टीम के लिए शानदार बचाव किया। प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए प्रिसदीप ने कहा कि (कोच) पीआर श्रीजेश से बहुत कुछ सीखा है और उन्हें देखकर, उनसे सीखकर आत्मविश्वास बढ़ा है। यह एक शानदार मैच था और चेन्नई में दर्शकों का समर्थन अविश्वसनीय था। शारदा नंद तिवारी भी भारत के शूटआउट में डटे रहे, उनके पेनल्टी स्ट्रोक्स ने भारत को मुकाबले में बनाए रखा।

## द. अफ्रीका: टी-20 सीरीज में गिल को जगह

● **शुभमन गिल रिकवरी प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखी गई है और परिणामों को सफल और संतोष जनक बताया गया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया गया है और वह सभी प्रारूपों में चयन के लिए उपलब्ध हैं। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, गिल ने न केवल अपना रिहैब पूरा कर लिया है, बल्कि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए आवश्यक सभी फिटनेस और प्रदर्शन मानदंडों को भी पूरा कर लिया है। गिल की रिकवरी प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखी गई है और परिणामों को फल और संतोषजनक बताया गया है। गिल को औपचारिक रूप से सीओई से छुट्टी दे दी जाएगी। गिल को नौ




दिसम्बर से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। बीसीसीआई ने टीम का एलान करते वक्त बताया था कि गिल की उपलब्धता सीओई से फिटनेस मंजूरी पर निर्भर थी, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब वह फिट घोषित हो गए हैं। गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दौरान पहली पारी में बल्लेबाजी करते वक्त चोट लगी थी। वह रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे और फिर मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। गिल दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए फिट नहीं हुए और वनडे सीरीज से भी उन्हें बाहर रखा गया। गिल रिहैब के लिए इस सप्ताह बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे थे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फिलहाल तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। रांची में भारत और रायपुर में दक्षिण अफ्रीका की जीत के साथ सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई है। आज विशाखापत्तनम में आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। भारत की नजरें निर्णायक मुकाबला जीतकर सीरीज जीतने पर होंगी। इसके बाद दोनों टीमें पांच मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेंगी, जिसकी शुरुआत 9 दिसम्बर से होगी। पहला मुकाबला कटक में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच 11 दिसम्बर को न्यू चंडीगढ़ में होगा। इस सीरीज के बाकी तीन मुकाबले क्रमशरू 14 दिसम्बर, 17 दिसम्बर और 19 दिसम्बर को धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।

## गूगल ट्रेंड्स में वैभव सूर्यवंशी भारत के नंबर-1 क्रिकेटर

● **प्रियांश आर्या दूसरे, टॉप-10 में जेमिमाह रोड्रिग्स और स्मृति मंधाना भी शामिल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के 14 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी साल 2025 में देश में सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले पर्सनैलिटी बन गए हैं। वहीं, दुनिया भर में वह छठे सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले पर्सनैलिटी रहे। आईपीएल, अंडर-19 और टी-20 में लगातार रिकार्ड तोड़ प्रदर्शन के कारण पिछले एक साल में उनकी लोक. प्रियता तेजी से बढ़ी है। वैभव मूल रूप से बिहार से आते हैं। पिछले साल मात्र 14 साल की उम्र में राजस्थान रायल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था। यह आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र में मिला कान्ट्रैक्ट है। इस साल वैभव ने आईपीएल में डेब्यू किया। वह लेफ्ट-हैंडेड बल्लेबाज हैं और टी-20 में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने यह उपलब्धि आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से गुजरात टाइटंस के खिलाफ हासिल की। राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भी धमाल वैभव राइजिंग स्टार्स एशिया कप भी खेल चुके हैं। यूएई के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 32 गेंदों में शतक जड़ा था। इस पारी में उनके 15 छक्के और 11 चौके शामिल थे। प्रियांश आर्य दूसरे नंबर पर गूगल ट्रेंड्स 2025 की सर्च लिस्ट में वैभव सूर्यवंशी के बाद प्रियांश आर्य दूसरे नंबर पर रहे। प्रियांश दिल्ली की ओर से खेलते हैं और आईपीएल में पंजाब किंग्स का हिस्सा हैं। अपने पहले ही आईपीएल सीजन में उन्होंने 17 मैचों में 475 रन बनाए। तीसरे स्थान पर अभिषेक शर्मा रहे। अभिषेक ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में सिर्फ 12 गेंदों में फिफ्टी लगाकर इतिहास रचा था। हैरानी की बात यह रही कि टॉप-5 में आंध्र प्रदेश के गुन्टूर के 21 वर्षीय शेख रशीद भी शामिल रहे। टॉप-10 में महिला वर्ल्ड कप जीतने वाली जेमिमा रोड्रिग्स और स्मृति मांधना के नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा करुण नायर, भारत अंडर-19 टीम के कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के युवा ओपनर आयुष म्हात्रे (17 वर्ष) भी लिस्ट में रहे। आयुष ने 48 गेंदों पर 94 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली थी, भारत अंडर-19 की कप्तानी की और फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 500 से ज्यादा रन बनाए।

## नोएडा में 15 जनवरी से शुरू होगी प्रो रेसलिंग लीग


● **स्पोर्ट्स और कॉरपोरेट दुनिया में जो बात धूम मचा रही वह है इस सीजन को लेकर जबरदस्त क्रेज**

**नोएडा, वार्ता।** प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) ऑफिशियली वापस आ गई है, और इसे उम्मीद से कहीं जडादा रिस्पॉन्स मिला है। लीग 15 जनवरी 2026 को शुरू होगी, और इसका ग्रैंड फिनाले 1 फरवरी 2026 को मशहूर नोएडा इनडोर स्टेडियम में होगा, जो लीग के पूरे समय के लिए पहले ही पूरी तरह से बुक हो चुका है। स्पोर्ट्स और कॉर्पोरेट दुनिया में जो बात धूम मचा रही है, वह है इस सीजन को लेकर जबरदस्त क्रेज। कुछ ही हफ्तों में, पीडब्ल्यूएल फ्रेंचाइज स्पेस इंडियन स्पोर्ट्स में सबसे जडादा डिमांड वाली जगहों में से एक बन गया है। बड़े कॉर्पोरेट घराने, बिजनेस परिवार और स्पोर्ट्स इन्वेस्टर अब टीमों को खरीदने के लिए जोरदार मुकाबला कर रहे हैं, और अगर यही रफ्तार जारी रही, तो सभी फ्रेंचाइज 30 दिनों के अंदर बिक जाएंगे। यह एक ऐसा माइलस्टोन है जो इंडिया में बहुत कम लीग्स ने कभी हासिल किया है। यह एक्साइटमेंट सिर्फ इन्वेस्टर्स के बीच ही नहीं है। रेसलिंग की तरफ, रिस्पॉन्स और भी जबरदस्त रहा है। आने वाले प्लेयर ऑक्शन के लिए, 300 से ज्यादा प्रोफेशनल रेसलर्स ने रजिस्टर किया है, जो 20 से जडादा देशों को रिप्रेजेंट करते हैं, जिसमें ओलंपिक मेडलिस्ट, वर्ल्ड चैंपियनशिप फाइनलिस्ट और भारतीय पुरुष और महिला रेसलर्स की एक मजबूत लाइनअप शामिल है। अप्लाई करने वाले एथलीटों की डायवर्सिटी और कैलिबर इस बात का पक्का इशारा है कि ग्लोबल रेसलिंग कम्युनिटी पीडब्ल्यूएल को दुनिया के सबसे सीरियस और हाई-वैल्यू प्लेटफॉर्म में से एक मानती है।

## भूपेंद्र लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** ग्लोबल स्ट्रेंथ स्पोर्ट्स सेलिब्रिटी फेडरेशन (लंदन, यूके) ने द्रोणाचार्य अवार्डी भूपेंद्र धवन को पिछले 35 सालों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयरन गेम्स (बॉडीबिल्डिंग और पावरलिफ्टिंग) के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया है। इस साल का अवॉर्ड समारोह 22 नवम्बर 2025 को लंदन में हुआ था। पहले से तय प्रोफेशनल कामों के कारण, धवन इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए थे। आज यहां आयोजित एक खास कार्यक्रम में, फेडरेशन की प्रेसिडेंट सुश्री हैने बिगल एमबीई ने ग्लोबल स्ट्रेंथ स्पोर्ट्स सेलिब्रिटी फेडरेशन की ओर से उन्हें यह अवॉर्ड औपचारिक रूप से प्रदान किया। फेडरेशन भूपेंद्र धवन को उनके जीवन भर के समर्पण, नेतृत्व और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिल से बधाई देता है,

## ग्रीव्स का ऐतिहासिक दोहरा शतक



● **प्लेयर ऑफ द मैच जस्टिन ग्रीव्स ने नाबाद 202 रन बनाकर टीम के लिए दो विकेट भी चटकाए**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** प्लेयर ऑफ द मैच जस्टिन ग्रीव्स (दो विकेट/ नाबाद 202), शाई होप (140) और केमार रोच (नाबाद 58) की जुझारू पारियों के दम वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पांचवें दिन शनिवार को दूसरी पारी में छह विकेट पर 457 का स्कोर कर मैच को शानदार तरीके से ड्रा कराने में सफल रहा। और उसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चरण के अपने छठे टेस्ट में पहला अंक हासिल किया। यहां वेस्टइंडीज ने कल दो विकेट पर 217 रनों से आगे खेलना शुरु किया। वेस्टइंडीज का पांचवां विकेट 93वें ओवर में 268 के स्कोर पर शाई होप के रूप में गिरा। शाई होप ने 234 गेंदों में 15 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 140 रनों की पारी खेली। कुछ देर बाद जैक फाउल्क्स ने टेविन इमलाच (चार) को आउट कर न्यूजीलैंड के मैच जीतने की उम्मीद को हवा दी। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केमार रोच ने जस्टिन ग्रीव्स के साथ न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना बहादुरी से किया और पिच पर टिके रहे। इसी दौरान ग्रीव्स ने पहले अपना शतक और उसके बाद दोहरा शतक पूरा किया। इसी के साथ ग्रीव्स टेस्ट की चौथी पारी में डबल सेंचुरी बनाने वाले चौथे वेस्टइंडियन और कुल मिलाकर सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। न्यूजीलैंड के लिए जेकब डफी ने तीन विकेट लिए। माइकल ब्रेसवेल, जैकरी फॉक्स और मैट हेनरी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जस्टिन ग्रीव्स की शानदार बल्लेबाजी की वजह से उन्हें इस एक ही पारी में अपने 12-टेस्ट करियर की आधी से अधिक गेंदों का सामना करना पड़ा, और वेस्टइंडीज ने क्राइस्टचर्च में 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चरण के अपने छठे टेस्ट में पहला अंक हासिल किया। उन्होंने कुल 163-3 ओवर खेले, जो 95 सालों में वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट में चौथी पारी में सबसे ज्यादा ओवर हैं। तीसरे दिन 92 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद वेस्टइंडीज को बचाने वाली 196 रन की पार्टनरशिप में शाई होप का साथ देने के बाद, जब होप (140) और टेविन इमलाच जल्दी-जल्दी आउट हो गए, तो ग्रीव्स पारी की जान बन गए। उन्होंने आखिरी ओवर से ठीक पहले जैकब डफी की गेंद को बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से मारकर अपना पहला शानदार टेस्ट दो. हरा शतक पूरा किया। यह आखिरी सेशन में उनका सिर्फ दूसरा चौका था, और उनके साथी खिलाड़ियों ने खड़े होकर उनका तालियों से स्वागत किया। ग्रीव्स ने 388 गेंदों में 19 चौके लगाते हुए नाबाद 202 रनों की पारी खेली। उन्होंने एक ऐसी पारी खेली जो शुरू तो अपने खास कलात्मक अंदाज और जोश के साथ हुई थी, लेकिन बाद में वह मकसद और हिम्मत से भरी एक मजबूत पारी में बदल गई। ग्रीव्स को शरीर पर इतनी गेंदे लगी कि वह गिन भी नहीं सकते थे, उन्होंने अपने करियर में सबसे अधिक गेंदें खेलीं, और एक ही मकसद और पक्के इरादे के साथ अपने नेचुरल अंदाज को कंट्रोल में रखा।

## अबू धाबी नाइट राइडर्स ने 500 टी-20 विकेट पूरे करने पर रसेल को किया सम्मानित




**अबू धाबी, वार्ता।** अबू धाबी नाइट राइडर्स ने टी-20 प्रारूप में 500 विकेट लेने वाले आंद्रे रसेल को सम्मानित किया है। आंद्रे रसेल ने यह उपलब्धि डीपी वर्ल्ड आईएल टी-20 के दौरान अबू धाबी नाइट राइडर्स और डेजर्ट वाइपर्स के बीच खेले गए मुकाबले में हासिल की। इसी के साथ वह इस प्रारुप में 500 विकेट पूरे करने वाले दुनिया के कुछ ही खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए, अबू धाबी नाइट राइडर्स ने रसेल को एक कस्टमाइज्ड '500' जर्सी भेंट की, जो टीम और टी-20 क्रिकेट में उनके शानदार योगदान का जश्न मनाती है। अपनी तेज गति, पावर और गेम बदलने वाले प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले रसेल अपनी पीढ़ी के सबसे प्रभावशाली टी-20 क्रिकेटरों में से एक रहे हैं। उन्होंने दुनिया भर में नाइट राइडर्स टीमों के लिए शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें कोलकाता नाइट राइडर्स, अबू धाबी नाइट राइडर्स, ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स शामिल हैं। नाइट राइडर्स परिवार को रसेल की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है और इसे उनके करियर का एक खास पल और एक ऐसा मील का पत्थर मानता है जो दुनिया भर की लीगों में उनकी लंबे समय से चली आ रही बेहतरीन परफॉर्मेंस को दिखाता है।

## जोरावर को पीपल्स चॉइस पुरुष एथलीट चुना



● **दोहा में आयोजित समारोह में कुल सात एथलीटों को सम्मानित किया गया**

**कतर, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज जोरावर सिंह संधू को आईएसएसएफ एथलीट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स 2025 में आईएसएसएफ पीपल्स चॉइस मेन्स एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया। दोहा में शुक्रवार को आयोजित समारोह में कुल सात एथलीटों को सम्मानित किया गया। इसी के साथ कतर की राजधानी में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल 2025 का शुभारंभ भी हो गया। 48 वर्षीय भारतीय निशानेबाज ने इस साल की शुरुआत में एथेंस में शॉटगन वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। मलाकासा शूटिग रेंज में पुरुषों के ट्रैप निशानेबाजी स्पर्धा में संधू का कांस्य पदक शॉटगन विश्व चैंपियनशिप में इस स्पर्धा में भारत का तीसरा पदक था। उनसे पहले यह कारनामा मानवजीत सिंह संधू, जगरेब (2006) में स्वर्ण पदक और करणी सिंह ने 1962 में काहिरा में रजत पदक जीता था। नॉर्वेजियन शूटर जेनेट हेग ड्यूस्टैड, जो मौजूदा 50मीटर राइफल थ्री पोजीशन वर्ल्ड चैंपियन ने डबल जीत हासिल की। उन्होंने विमेंस राइफल एथलीट ऑफ द ईयर और पीपल्स चॉइस विमेंस एथलीट अवॉर्ड दोनों जीते। ड्यूस्टैड के टीममेट जॉन-हरमन हेग (नॉर्वे) ने मेन्स राइफल एथलीट ऑफ द ईयर का खिताब जीता। चीन ने पिस्टल अवॉर्ड्स में दबदबा बनाया, जिसमें हू काई ने सभी चार आईएसएसएफ वर्ल्ड कप स्टेज में ऐतिहासिक क्लीन स्वीप के बाद पुरुषों की कैटेगरी जीती। सुन युजी ने अपने डेब्यू सीजन में तीन बार बिना हारे महिलाओं का खिताब जीता। अमे. रिकी ट्रैप लेजेंड विसेंट और सामंथा सिमोंटन को क्रमशः पुरुष और महिला शॉटगन एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया।

## चोटिल बर्गर भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर




● **बाएं हाथ के गेंदबाज बर्गर दूसरे वनडे के दौरान हैमिस्ट्रिंग इंजरी के चलते मुकाबले से बाहर हो गए थे**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** चोट के चलते नांद्रे बर्गर और टॉनी डी जॉर्जी भारत के खलिाफ तीसरे वनडे से बाहर हो गए हैं।

बर्गर भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बर्गर दूसरे वनडे के दौरान हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते मुकाबले से बाहर हो गए थे जबकि डी जॉर्जी को दक्षिण अफ्रीका की चेज के दौरान 45वें ओवर में हैमस्ट्रिंग में खिचाव महसूस हुआ और वह 17 रन के निजी स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे।

सीएसए के बयान में बताया गया कि दोनों खिलाड़ियों का शुक्रवार को स्कैन हुआ था और बर्गर भारत के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 सीरीज के लिए बर्गर का रिप्लेसमेंट घोषित नहीं किया है। क्वेना मफाका का भी अभी रिहैबिलेशन पूरा नहीं हुआ है इसलिए टी-20 दल से उनका नाम भी वापस ले लिया गया है। मफाका की जगह पर लुथो सिपामला को साउथ अफ्रीका के दल में जगह दी गई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

❖दो बच्चे के मृतक पिता की बहन की 12 दिसंबर को आनी है बरात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** इकबालपुर के पास शुक्रवार देर शाम अज्ञात वाहन की बाइक में टक्कर होने से 25 वर्षीय बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। बताया गया कि मृतक युवक की बहन की एक हफ्ते बाद शादी है उसकी भी बारात आनी है लेकिन फिलहाल घर में मातम का माहौल पसर गया है।

झबरेडा थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम हिराहेडी निवासी 25 वर्षीय प्रवीण कुमार पुत्र मांगेराम भगवानपुर की ओर से इकबालपुर होते हुए अपने घर बाइक से जा रहा था जैसे ही वह इकबालपुर आया तो उसी समय तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार बाइक सहित सड़क पर गिर गया तथा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा पुलिस तथा घायल युवक के परिजनों को सूचना दी गई ।कुछ देर बाद पुलिस व घायल के परिजन मौके पर पहुंच गए तथा घायल को डॉक्टर के यहां ले गए। डॉक्टर द्वारा जांच करने पर गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया ।घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। रुड़की सिविल हॉस्पिटल में युवक के शव का पुलिस द्वारा पंचनामाकर पोस्टमार्टम कर युवक का शव परिजनों को सौंप दिया गया शव को देख कर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा मृतक के शव का अंतिम संस्कार गांव में नम आंखों से कर दिया गया है बताया गया है कि 12 दिसंबर को युवक की बहन की बारात आनी हैं मृतक युवक इकबालपुर चौकी के समीप फल की रेडी की दुकान लगता है। मृतक प्रवीन के परिवार में वह चार भाई दो बहन हैं वहीं प्रवीण के भी दो बच्चे एक लड़का 3 साल व एक लड़की 5 साल की है।

## 2017 में भारी बहुमत के साथ बनेगी कांग्रेस की सरकार : प्रदेशाध्यक्ष

# धामी सरकार हर मोर्चे पर विफल : गोदियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** उत्तराखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल शुक्रवार देर शाम मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन के आवास पर पहुंचे। मंगलौर में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि धामी सरकार राज्य में पूरी तरह विफल हो चुकी है। कांग्रेस विधायक काजी निजामुद्दीन ने गोदियाल को पार्टी का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस 2027 के चुनावों में पूर्ण बहुमत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता संभालते ही जो बड़े-बड़े वादे किए थे, वे सब झूठे साबित हो चुके हैं। प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ती ही जा रही है युवा सड़कों पर उतर आए हैं। प्रदेश की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। पहाड़ों में पलायन रुकने का नाम नहीं ले रहा, और मैदानी इलाकों में किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। कांग्रेस सभी वर्गों का सम्मान करती है। वह सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलेंगे और आगामी विधानसभा 2027 के चुनावों में पूर्ण बहुमति हासिल करेंगे। वही विधायक काजी निजामुद्दीन ने कहा कि गणेश गोदियाल के नेतृत्व में पार्टी एकजुट होकर चुनाव मैदान



में उतरेगी। और कांग्रेस प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। इस दौरान कलियर विधायक फुरकान अहमद, झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती, जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, पालिका अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी, पूर्व पालिका अध्यक्ष चौधरी इस्लाम, मोनू प्रधान, नवाज काजमी, मरगूब कुरैशी, प्रदुमन अग्रवाल, परवेज लंबरदार, आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगनहर पुलिस ने खोए हुए आठ लाख के मोबाइल लोगों को सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में थाना कोतवाली गंग नहर पर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में कोतवाली गंगनहर द्वारा जनता के खोए हुए विभिन्न कंपनियों एप्पल, सैमसंग ,वीवो, रियलमी, ओप्पो, कंपनियों के मोबाइल को CIER पोर्टल के माध्यम से ट्रेस कर बरामद किए गए। मोबाइल बरामद करने के बाद पुलिस ने स्वामियों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस किए। गुम हुए मोबाइल देखकर मोबाइल स्वामियों के चेहरे पर खुशी की झलक नजर आई। मोबाइल स्वामियों द्वारा पुलिस का धन्यवाद किया गया। कोतवाली प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया कि



बरामद मोबाइल की कीमत लगभग 8 लाख 68000 रुपए है। जो कि बरामद मोबाइल उनके स्वामियों को सौंप दिए है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीप कुमार, कांस्टेबल नितिन, महिला कांस्टेबल फूलो राय आदि शामिल रहे।

# राज्यमंत्री देशराज ने गांव में जाकर सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) श्री देशराज कर्णवाल के नेतृत्व में "बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविर" का सफल आयोजन विधानसभा झबरेड़ा के ब्लॉक नारसन क्षेत्र के सुसाड़ी कला, सुसाड़ी खुर्द एवं सुसाड़ा ग्रामों में किया गया।

जानकारी के अनुसार शिविर के दौरान विभिन्न विभागों की कुल 66 शिकायतें/आवेदन प्राप्त हुए, जिनका विवरण इस प्रकार है-सुसाड़ी कला-39, सुसाड़ी खुर्द-12, सुसाड़ा-15 आई। शिविर में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से राशन कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राजस्व एवं भूमि संबंधी प्रकरण, आवास योजना, आधार कार्ड, दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, तथा शौचालय निर्माण जैसी समस्याएँ सम्मिलित रहीं। इनमें से 25 समस्याओं का मौके पर ही तत्काल समाधान किया गया। जिन समस्याओं का निस्तारण जिला स्तर पर संभव है, उन्हें जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित किया जा रहा है, तथा शासन स्तर से संबंधित



प्रकरणों को शासन को भेजा जा रहा है। इस अवसर पर देशराज कर्णवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का स्पष्ट संकल्प है कि राज्य का प्रत्येक गरीब, किसान एवं पात्र नागरिक बिना किसी बाधा के सभी समाज कल्याण योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। इसी लक्ष्य को मूर्त रूप देते हुए यह शिविर ग्रामीण जनता के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है। शिविर में सभी संबंधित रेखिय विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, मंडल अध्यक्ष सुबोध सैनी, चौधरी अशोक, पूर्व प्रधान सोनित कुमार, सुरेन्द्र कुमार, अभय प्रधान, रफल सिंह, रामभूल कसाना, जोगिंदर पंवार, कर्म सिंह, सुरेन्द्र सिंह, प्रदीप राणा, निखिल, कुशुम, संत्रीदेवी, बाला देवी, सुनीता देवी, अतर कली देवी, रामवती देवी, ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुलिस का ऑपरेशन क्लीन स्वीप धार्मिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर धार्मिक स्थलों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर हरिद्वार पुलिस की पैनी नजर रही।

जानकारी के अनुसार देर रात पुलिस द्वारा चलाए गए ऑपरेशन क्लीन स्वीप में जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा एवं आश्रम परिसरों के आसपास सघन चेकिंग एवं निगरानी अभियान संचालित किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से धार्मिक स्थल परिसरों के बाहरी क्षेत्र, प्रवेश द्वार, पार्किंग एवं आसपास की गलियों में पुलिस टीमों द्वारा सतर्कता बढ़ाई गई। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान, रात्रि समय बिना कारण घूम रहे तत्वों की पूछताछ एंव पेट्रोलिंग की गई।धार्मिक स्थलों की गरिमा व श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा ऐसे किसी भी असामाजिक/अपराधिक गतिविधि पर तत्काल अंकुश लगाना था।

## झबरेड़ा व रुड़की पुलिस ने सीनियर सिटीजनों के साथ आयोजित की गोष्ठी

# कोई भी समस्या होने पर 112 डायल कर मदद लें : एसएचओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिन ने सीनियर सिटीजन को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने सभी से अहवान किया कि कोई भी समस्या आने पर 112 डायल कर पुलिस का सहयोग लिया जा सकता है। प्रभारी निरीक्षक मनीष उपाध्याय द्वारा उच्चाधिकारीगण के निर्देशों के अनुपालन में थाना क्षेत्र के सीनियर सीटीजनों को बुलाकर थाना परिसर में एक गोष्टी का आयोजन किया गया, जिसमें थाना रूड़की क्षेत्र के सीनियर सीटीजनों द्वारा



प्रतिभाग किया गया । सिनियर सिटीजन के लोगों की समस्या सुनी गयी तथा 'वृद्धा पेंशन, साइबर फ्रॉड, नशे के दुष्परिणाम आदि के बारे में जानकारी दी गयी व कोई समस्या होने पर थाना हाजा के मोबाईल नम्बर व 112 कट्रोल रूम तथा बीट कास्टेबल के नम्बर पर सूचना देने हेतु बताया गया ।तथा क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था बनाये रखने' हेतु मौजूद लोगों के सुझाव लेकर अनेक बिन्दुओं पर चर्चा की गई । मौजूद लोगों को नशा न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा उत्तराखण्ड सरकार द्वारा आम लोगों की सुविधा के लिये गौरा शक्ति एप्प, व घर बैठे ई-एफआईआर दर्ज करने की व्यवस्था हेतु लोगों को जागरुक किया गया । गोष्ठी में मौजूद लोगों को सीनियर सीटीजनों की हरसभंव सहायता करने हेतु अपील की गयी।

**वहीं झबरेडा थाना परिसर में भी किया वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक**-थानाध्यक्ष अजय शाह ने वरिष्ठ नागरिको को संबोधित करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज का आईना होते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के पास उनके जीवन जीने संबंधी अनेक अनुभव होते हैं। वरिष्ठ नागरिकों से जीवन के अनुभव लेकर अच्छे समाज को विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी वरिष्ठ नागरिक को कोई पारिवारिक समस्या हो मोहल्ले या गांव संबंधी समस्या हो बिना किसी दबाव के खुलकर पुलिस को अपनी समस्या बता सकते हैं। उनकी समस्या हल करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने थाने मैं आए सभी वरिष्ठ नागरिकों के फोन नंबर लिए तथा थानाध्यक्ष द्वारा अपना फोन नंबर वरिष्ठ नागरिकों को दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वह सीधे मुझे फोन कॉल कर अपनी समस्या बता सकते हैं ।थानाध्यक्ष ने कहा कि कोई ऐसा वरिष्ठ नागरिक जो अकेला अपने घर में रहता हो उसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि उनके खिलाफ दिखाई दे तो वे तुरंत पुलिस को सूचना दे। वरिष्ठ नागरिकों की हर समस्या का पुलिस द्वारा हल निकाला जाएगा। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने थानाध्यक्ष द्वारा उनकी समस्याओं पर ध्यान देने के लिए तथा समस्याओं का हल करने का आश्वासन देने पर उनका धन्यवाद दिया। इस अवसर पर राव कुर्बान अली चौधरी बिरम सिंह शीशपाल यशवीर सिंह धर्मपाल किताब सिंह प्रमोद शर्मा डॉक्टर जोध सिंह अरविंद कुमार शमशाद आदि उपस्थित रहे।

# एडीबी के गणेशपुर में किए कार्यों पर विधायक का फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एडीबी द्वारा किए गए कार्यों पर रुड़की विधायक ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मामले में दोषियों पर कारवाई की मांग सांसद द्वारा की गई बैठक में की। विधायक ने कहा कि एडीबी के लिए कार्यों के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है,गणेशपुर में मकान गिरने की कगार पर हैं और कोई विभाग इसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

हरिद्वार में सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा की बैठक में रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा के द्वारा हरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत एवं जिलाधिकारी के समक्ष एडीबी द्वारा कराये गये खराब कार्य प्रकरण को उठाया जिससे गणेशपुर मे कई सड़के खस्ताहाल है और जगह-जगह बडे गडढो के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है। विधायक ने कहा कि ढीली खुदाई की वजह से कई मकान भी धीरे धीरे धंसने लगे है जिससे दर्जनों परिवार भयभीत है। उन्होंने कहा कि इस कार्य की जिम्मेदारी लेने को कोई विभाग तैयार नहीं है। मांग की कि उक्त प्रकरण जो भी दोषी है उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की जाए। विधायक ने कहा कि पूर्व में भी उक्त प्रकरण की जांच की गई थी लेकिन जांच रिपोर्ट संतुष्टि के लायक नहीं आई। उन्होंने कहा कि प्रकरण की जांच हेतु उच्च स्तरीय समिति से करवाई जाए ताकि दोषी सामने आए। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया गया कि उक्त प्रकरण की जांच हेतु समिति गठित की जायेगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जायेगी और साथ ही गणेशपुर में क्षतिग्रस्त सडको और प्रभावित घरो के लिए त्वरित राहत एवं मरम्मत कार्य सुनिश्चित किया जायेगा।

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने एक अदद नाजायज चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार किया है। कांस्टेबल 879 राकेश राणा कांस्टेबल 1321 प्रीतम के रवाना शुदा शांति व्यवस्था, देखरेख क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम के थाना क्षेत्र में रवाना थे। मुखबिर खास की सूचना के आधार पर एक व्यक्ति गजेंद्र उर्फ बिगाड़ा पुत्र बुध प्रकाश निवासी पश्चिमी अंबर तलाब रुड़की कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार को दौराने पूछताछ व जामा तलाशी ली गई तो उक्त व्यक्ति से एक अदद चाकू बरामद हुआ, उपरोक्त व्यक्ति को चाकू रखने का कारण पूछा गया तो बताने में कासिर रहा। उक्त व्यक्ति को उसके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए विश्वकर्मा चौक से ईदगाह की तरफ जाने वाला रास्ता गंदे नाले की पुलिया कब्रिस्तान के पास रुड़की से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। नाम पता अभियुक्त-गजेंद्र उर्फ बिगाड़ा पुत्र बुध प्रकाश निवासी पश्चिमी अंबर तालाब रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार उम्र 36 वर्ष है।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने एफिडेविट नंबर 618 दिनांक 5 दिसंबर 2025 के माध्यम से अपना नाम Rizwana Ahmad से Rizwana Ahmed कर लिया है। अब भविष्य में Rizwana Ahmed के नाम से जाना, पहचाना, पढ़ा, लिखा व दर्ज किया जाए।

Rizwana Ahmed पत्नी JC 340878L सूबेदार मेजर नफीस अहमद निवासी ग्राम अशोक नगर (निकट संगम टेंट हाउस) पोस्ट मिलाप नगर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखंड।

## अयोग्य घोषित की गई करणपुर की ग्राम प्रधान

# शमा को कोर्ट से राहत, एसडीएम का आदेश रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर ब्लॉक की करणपुर ग्राम पंचायत से जुड़े चर्चित प्रधान निलंबन प्रकरण में बड़ा मोड़ आ गया है। ग्राम प्रधान शमा को शैक्षिक दस्तावेज कूटरचित पाए जाने पर एसडीएम कोर्ट द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने के बाद अब अदालत ने एसडीएम का आदेश रद्द कर दिया है। इससे ग्राम पंचायत की कुर्सी जाने की आशंका में घिरी प्रधान शमा को फिलहाल राहत मिल गई है। करणपुर ग्राम सभा में वर्ष 2022 के पंचायत चुनाव में शमा 342 वोट हासिल कर प्रधान निर्वाचित हुई थीं, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी शिवानी कश्यप को 212 मत मिले थे। इसके बाद शिवानी कश्यप के पति मोनू की ओर से निर्वाचित प्रधान शमा पर नामांकन के साथ दाखिल किए गए कक्षा 8 के अंकपत्र को कूटरचित बताते हुए न्यायालय में याचिका दायर की गई थी।न्यायालय के निर्देश पर मामला एसडीएम कोर्ट में पहुंचा था।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता उदयपाल सिंह पंवार ने आरोप लगाया था कि शमा ने अपने शैक्षिक सत्र 2009-10 में आदर्श बाल विद्या मंदिर सहावली, मुजफ्फरनगर से कक्षा 8 पास दिखाया है, जबकि आरटीआई के रिकॉर्ड के अनुसार उन्होंने 2009 में उच्चतर प्राथमिक विद्यालय भंडुरा में कक्षा 6 में प्रवेश लिया था, और आगे की पढ़ाई वहीं की थी। सुनवाई के दौरान शैक्षिक दस्तावेजों का सत्यापन नहीं होने पर एसडीएम ने शमा को पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था और रिपोर्ट डीएम, सीडीओ व डीपीआरओ को भेज दी थी।इसी बीच, इस प्रकरण में शुक्रवार को सिविल निगरानी संख्या 73/2025 (श्रीमती शमा बनाम शिवानी कश्यप आदि) में बड़ा फैसला आया है। अदालत ने एसडीएम लक्सर द्वारा चुनाव याचिका संख्या 06/2022ख 23 में 21 जुलाई 2025 को पारित आदेश को अपास्त (निरस्त) कर दिया है। अदालत ने न्यायालय का अभिलेख निर्णय की प्रति के साथ तत्काल भेजे जाने के निर्देश दिए हैं तथा पत्रावली को अभिलेखागार में जमा करने का आदेश दिया गया है।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** डॉ.अंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ (भारत) यूनिट लक्सर के बैनर तले शनिवार को लक्सर तहसील में भारत रत्न, संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर अधिवक्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में अधिवक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, आदर्शों और भारत के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तृत चर्चा की।कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। अधिवक्ता पदम कुमार ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक समानता, दलित उत्थान, शिक्षा और महिला अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। 6 दिसंबर 1956 को उनका महापरिनिर्वाण हुआ और तब से यह दिन उनके अनुयायियों द्वारा उनके आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा के रूप में मनाया जाता है। वरिष्ठ अधिवक्ता नाहिद खान ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सदैव वंचित और शोषित वर्ग की आवाज बुलंद की और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर का अंतिम संस्कार मुंबई की चौत्यभूमि में किया गया था, जो आज भी उनके अनुयायियों के लिए तीर्थस्थल है।वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश कुमार ने कहा कि परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को याद करना भारत के संवैधानिक मूल्यों को याद करने जैसा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान ही देश की मजबूत नींव है




औरसभीनागरिक एवं संस्थान उसी के आधार पर कार्य कर रहे हैं।पूर्व बार काउंसिल अध्यक्ष विकास पवार ने कहा कि जिस दृष्टि और दूरदर्शिता के साथ बाबा साहेब ने देश को संविधान की सौगात दी, वह भारत को एक सशक्त लोकतंत्र बनाने में आज भी मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज बाबा साहेब के बताए संवैधानिक सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।संगोष्ठी में वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार आर्य, अधिवक्ता पदम सिंह, अधिवक्ता राहुल कुमार, अधिवक्ता संजीव कुमार, अधिवक्ता विकास पवार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को समाज में सार्थक बदलाव लाने की प्रेरणा बताया।

# अम्बेडकर ने दिया विश्व का सबसे बेहतर संविधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की के तत्वाधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने रुड़की नगर निगम चौक पर पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में आंबेडकर के योगदान को याद करते हुए, कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों और संविधान निर्माण में उनकी भूमिका की सराहना की। राजेंद्र ने कहा कि आंबेडकर की पुण्यतिथि का महत्व आंबेडकर की पुण्यतिथि हर साल 6 दिसंबर को मनाई जाती है, जिसे 'महापरिनिर्वाण दिवस' के रूप में जाना जाता है।- यह दिन उनके योगदान और सामाजिक न्याय के लिए उनके संघर्ष को याद करने के लिए मनाया जाता है।- आंबेडकर को भारतीय संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सम्मानित किया जाता है ।इस अवसर पर अजय चौधरी,डॉ हरविंदर सिंह,रिजवान अहमद ,नीरज सैनी, मिंटू कुमार,



नंदलाल यादव ,संजय गुड्डू , जसवीर सिंह, राव परवेज खान मोनू त्यागी बेनी प्रसाद सैनी मदनपाल सिंह भडाना वाहिद गॉड,सुभाष चौधरी ,मोहित त्यागी,,उम्मीद गाजी, नवीन जैन, विनोद कुमार, नावेद मलिक आदि मौजूद रहे।



नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 (टी) पर प्रतीक्षा करते यात्री।

## इटली को 100 जेएसएसएम मिसाइलें बेचने को अमेरिका की मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने आकाश से धरती पर मार करने वाली ज्वाइंट एयर-टू-सरफेस स्टैंडऑफ (जेएएसएसएस) मिसाइलों और उनसे संबंधित उपकरणों को इटली को बेचने पर सहमति जतायी। इस सौदे की अनुमानित लागत 30 करोड़ 10लाख अमेरिकी डॉलर है। अमेरिका की डिफेंस सिक्योरिटी कोऑपरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने एक बयान में कहा कि स्टेट डिपार्टमेंट ने इटली सरकार को विस्तारित रेंज वाली जेएएसएसएस मिसाइलें और संबंधित उपकरण बेचने की संभावित विदेश सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है। इस बारे में कांग्रेस को आवश्यक सूचना भेज दी गई है।

## घर में आग लगने के बाद भारतीय छात्रा की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारत की एक छात्रा की मौत हो गई। घर में आग लगने के कारण छात्रा को गंभीर चोटें आई थीं। न्यूयार्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी। सहज रेड्डी उदुमाला (24 वर्षीय) न्यूयार्क की राजधानी अल्बानी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही थी। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उदुमाला की आकस्मिक मृत्यु से गहरा दुख हुआ। दूतावास ने कहा इस कठिन समय में हमारे विचार और हार्दिक संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। इसने यह भी कहा कि वह उदुमाला के परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

# भारत को जल्द मिलेंगी 40 हजार लाइट मशीन गन

## अगले साल की शुरुआत से पहली खेप की आपूर्ति की तैयारी कर रही प्रमुख इजरायली रक्षा कंपनी



**हमने सभी परीक्षण और सरकारी जांच पूरी कर ली है और हमें उत्पादन का लाइसेंस मिल गया है**

**यरूशलम।** इजरायल की एक प्रमुख रक्षा कंपनी ने कहा कि वह अगले साल की शुरुआत से भारत को 40 हजार लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप देना शुरू करेगी। इसके साथ ही कंपनी करीब एक लाख 70 हजार आधुनिक कार्बाइन देने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के अंतिम चरण में है।

इजरायल वेपन इंडस्ट्रीज (आईडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शुकी श्वाट्र्ज ने कहा कि उनकी कंपनी भारतीय गृह मंत्रालय की कई एजेंसियों के साथ मिलकर पिस्तौल, राइफल और मशीन गन जैसे हथियारों की भारत में बिक्री पर काम कर रही है। वाट्र्ज ने कहा, हम अभी तीन बड़े कार्यक्रमों में शामिल हैं। पहला 40 हजार लाइट मशीन गन का अनुबंध है, जिस पर पिछले साल हस्ताक्षर हुए थे। हमने सभी परीक्षण और सरकारी जांच पूरी कर ली है और हमें उत्पादन का लाइसेंस मिल गया है। हम साल की शुरुआत में पहली खेप देने की तैयारी में हैं। उन्होंने कहा कि एलएमजी की आपूर्ति पांच वर्षों तक चलेगी। उन्होंने कहा कि वह इससे जल्दी भी आपूर्ति कर सकते हैं, लेकिन पहली खेप साल की शुरुआत में दी जाएगी। श्वाट्र्ज ने कहा कि दूसरा कार्यक्रम सीक्यूबी (क्लोज क्वार्टर्स बैटल) कार्बाइन का टेंडर है। इसमें उनकी कंपनी ने दूसरी सबसे बड़ी बोली लगाई थी, जबकि 'भारत फोर्ज' मुख्य बोली लगाने वाली कंपनी है। उन्होंने कहा कि हम इस अनुबंध के 40 फीसदी हिस्से की आपूर्ति करना चाहते हैं। हम अनुबंध पर हस्ताक्षर से ठीक पहले के चरण में हैं और मुझे लगता है कि यह इस साल के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में पूरा हो जाएगा। सीक्यूबी कार्बाइन की 60 फीसदी आपूर्ति भारत फोर्ज द्वारा की जाएगी, जबकि बाकी 40 फीसदी (170000 यूनिट) अदाणी ग्रुप की कंपनी पीएलआर सिस्टम्स द्वारा दी जाएगी। आर्बेल तकनीक के बारे में श्वाट्र्ज ने बताया कि यह एक कंप्यूटरीकृत हथियार प्रणाली है, जिसमें एक जटिल एल्गोरिदम यह पता करता है कि कब कोई सैनिक सही निशाने पर है और फिर बहुत तेजी और सटीकता से फायर करता है। उन्होंने कहा कि भारत को इस तकनीक के साथ जोड़ने पर शुरुआती बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि हम अलग-अलग एजेंसियों से आर्बेल तकनीक को अपनाने को लेकर शुरुआती चर्चा में हैं। एक बार वे इसे लेने का फैसला कर लें, तो हम इसकी इजरायल और भारत में संयुक्त रूप से बनाकर आपूर्ति करेंगे।

# पुतिन के दौरे से भारत-अमेरिका रिश्ते बेअसर

## जयशंकर ने कहाः हमारी दोस्ती कोई और तय नहीं कर सकता, भारत-रूस संबंध सबसे मजबूत



**भारत किस से दोस्ती करे या नहीं करे यह भारत के अलावा कोई और तय नहीं कर सकताः विदेश मंत्री**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दौरे का असर भारत-अमेरिका के रिश्तों पर नहीं पड़ेगा। जयशंकर ने एचटी लीडरशिप समिट 2025 में यह बातें कही। जयशंकर ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते बातचीत पर इसका असर पड़ने की अफवाहों को भी खारिज कर दिया। जयशंकर ने कहा कि भारत किस से दोस्ती करे या नहीं करे यह भारत के अलावा कोई और तय नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा सभी को पता है कि भारत का दुनिया के हर बड़े देश से संबंध है। किसी भी देश के लिए यह उम्मीद करना कि भारत अपने अन्य देशों से रिश्ते कैसे बनाएगा, इस पर उसकी राय मानी जाएगी, यह उचित नहीं है। अगर हम ऐसा किया तो दूसरे देश भी हमसे यही उम्मीद करेंगे।

अमेरिका के साथ हो रहे व्यापार समझौते पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अपने किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग के हितों की पूरी रक्षा करेगा। वहीं, जयशंकर ने भारत-रूस संबंध दुनिया के सबसे मजबूत रिश्तों में से एक बताया। ट्रम्प ने भारत पर 25 अतिरिक्त टैरिफ लगा रखा है। अमेरिका ने इसके पीछे की वजह भारत का रूसी तेल खरीदना बताया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 फीसदी हो गया। इसके बावजूद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की बातचीत जारी है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत 10 दिसम्बर को शुरू होगी। वर्तमान में दोनों देशों के बीच सालाना व्यापार लगभग 191 अरब डालर है, जिसे 2030 तक 500 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस साल की शुरुआत में अमेरिका यात्रा के दौरान इस व्यापार समझौते की घोषणा हुई थी और तब से दोनों पक्ष लगातार बातचीत कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-रूस संबंधों को दुनिया के सबसे स्थिर, मजबूत और बड़े रिश्तों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच के असंतुलन को दूर करना था। पुतिन की यात्रा ने पिछड़े क्षेत्रों, विशेष रूप से आर्थिक सहयोग में साझेदारी को नए तरीके से पेश किया है। जयशंकर ने कहा कि रूस का चीन, अमेरिका और यूरोप के साथ रिश्ता कई बार ऊपर-नीचे हुआ, लेकिन भारत के साथ यह रिश्ता हमेशा स्थिर और विश्वसनीय रहा। जयशंकर ने कहा कि किसी भी लंबे रिश्ते में कुछ क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ते हैं और कुछ पीछे रह जाते हैं। भारत-रूस संबंध में रक्षा, ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र हमेशा से बहुत मजबूत रहे, लेकिन व्यापार और आर्थिक सहयोग उतना नहीं बढ़ पाया था। उन्होंने कहा कि इसके उलट, अमेरिका और यूरोप के साथ भारत का आर्थिक रिश्ता 80, 90 और 2000 के दशक में तेजी से बढ़ा, पर रक्षा और सुरक्षा सहयोग में उतनी प्रगति नहीं हुई। विदेश मंत्री ने भारत की विदेश नीति पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे बड़े और उभरते देश के लिए, जिससे और बेहतर करने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि यह जरूरी है कि हमारे खास रिश्ते अच्छी स्थिति में हो। हम महत्वपूर्ण देशों के साथ सहयोग बनाए रख सकें और हमें अपने हित के अनुसार मित्र चुनने की आजादी हो। यहीं हमारी विदेश नीति है। जयशंकर ने 18 नवम्बर को मास्को में पुतिन से मुलाकात की थी। रूसी राष्ट्रपति की यात्रा का मकसद पश्चिमी देशों को मैसेज भेजना था। इस सवाल पर जयशंकर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि सवाल यह है कि आप उन देशों से क्या कहते हैं। सवाल यह है कि आप भारत और रूस के लिए क्या करते हैं। विदेश मंत्री ने साफ किया कि पुतिन की यात्रा पश्चिमी देशों को संदेश देने के लिए नहीं था।

## पाक ने चीन के अरुणाचल पर दावे का समर्थन किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक बार फिर चीन के अरुणाचल प्रदेश पर दावे का खुलकर समर्थन किया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने 5 दिसम्बर को प्रेस ब्रीफिंग में कहा, 'चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े हर मुद्दे पर पाकिस्तान का लगातार और पूरा समर्थन चीन के साथ है।' अरुणाचल प्रदेश पर चीनी विदेश मंत्रालय के दिए गए बयानों के सवाल पर अंद्राबी ने यह बात कही। चीन ने 25 नवम्बर को अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया था। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा था कि जांगनान (अरुणाचल प्रदेश) हमारा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश को कभी भारत का हिस्सा नहीं माना। चीन का यह बयान भारतीय महिला पेम वांगजाम थांगडाक के साथ शंघाई एयरपोर्ट पर बदसलूकी के आरोपों के सवाल पर आया था। चीन ने पेम के साथ बदसलूकी के आरोपों को भी नकार दिया था। चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी है। वो अरुणाचल को 'दक्षिणी तिब्बत' का हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है। चीन अरुणाचल के इलाकों के नाम क्यों बदलता है, इसका अंदाजा वहां के एक रिसर्चर के बयान से लगाया जा सकता है।

## अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर सख्ती बढ़ी सोमालिया-मैक्सिको के 12 लोग गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिनियापोलिस में फेडरल एजेंट्स ने इस सप्ताह अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापेमारी की। इस छापेमारी में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई का मुख्य लक्ष्य सोमाली समुदाय के अवैध प्रवासियों पर था, लेकिन गिरफ्तार लोगों में केवल पांच सोमाली थे। बाकी में छह मेक्सिकन और एक एल साल्वाडोर का नागरिक था। बता दें कि मिनियापोलिस-सेन्ट पाल क्षेत्र में अमेरिका की सबसे बड़ी सोमाली समुदाय रहती है। ट्रम्प प्रशासन ने इससे पहले शिकागो, लास एंजिलिस और चार्लोट में भी बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाया था। इसी तरह इस सप्ताह न्यू आरलियन्स में भी कार्रवाई की गई है, जहां अधिकारी 5000 लोगों तक को गिरफ्तार करने की योजना बना रहे हैं। मामले में डीएचएस की सहायक सचिव ट्रिशिया मैक्लागलिन ने कहा कि गिरफ्तार किए गए 12 लोगों में से अधिकांश सबसे बड़े अपराधी अवैध प्रवासी हैं। इनमें से आठ पर हिंसा, धोखाधड़ी, घरेलू हिंसा और नशे में ड्राइविंग जैसे मामले थे। वहीं मिनियापोलिस के मेयर जैकब फ्रे ने कहा कि शहर की पुलिस फेडरल इमिग्रेशन अभियान में भाग नहीं लेगी। इसके बावजूद डीएचएस की मैक्लागलिन ने फ्रे और वाल्ज़ पर आरोप लगाया कि उन्होंने इमिग्रेशन कानून लागू नहीं किया।

# नेशनल गार्ड की तैनाती को लेकर घिरे ट्रम्प

**संघीय अदालत ने उठाए सवाल, जज ने नेशनल गार्ड्स की तैनाती को अवैध करार दिया**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय जज ने ट्रम्प प्रशासन के कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड तैनात करने के फैसले पर सवाल उठाए। ट्रम्प प्रशासन ने पहले लास एंजिलिस में नेशनल गार्ड्स की तैनाती की और इसे लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन भी हुए। सैन फ्रांसिस्को में सुनवाई के दौरान यूएस डिस्ट्रिक्ट जज चार्ल्स ब्रेयर ने सवाल किया कि क्या प्रशासन संघीय कानून की आड़ में हमेशा के लिए स्टेट गार्ड्स को नियंत्रित कर सकती है। जज ने कहा कोई संकट हमेशा नहीं रहता। मेरा मानना है कि अनुभव हमें सिखाते हैं कि संकट आते-जाते रहते हैं और ऐसा ही चलता है।

जज ने संघीय सरकार के अटार्नी से पूछा कि क्या ऐसा कोई सबूत है, जिससे साबित हो कि राज्य सरकार सक्षम नहीं हैं या संघीय लोगों और संघीय संपत्ति की सुरक्षा नहीं कर सकती? गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने कैलिफोर्निया में हजारों नेशनल गार्ड्स की तैनाती की है। कैलिफोर्निया प्रशासन ने अदालत से अपील की कि राज्य में तैनात नेशनल गार्ड्स का नियंत्रण अब राज्य सरकार को सौंपा जाए, लेकिन अदालत ने फिलहाल ऐसा करने से इनकार कर दिया, लेकिन जज ने कैलिफोर्निया में नेशनल गार्ड्स की तैनाती को अवैध करार दिया है। कैलिफोर्निया के अटार्नी जनरल राब बोन्टा ने कहा कि नेशनल गार्ड राष्ट्रपति की कोई निजी आर्मी नहीं है, जिसे वे जहां चाहे, वहां तैनात कर दें और उसकी कोई वजह भी न बताएं। अप्रवासन कार्रवाई का विरोध होने पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने कैलिफोर्निया में चार हजार से ज्यादा नेशनल गार्ड्स की तैनाती की थी।

हालांकि अब उनकी संख्या घटकर करीब 100 ही रह गई है। न्याय विभाग के अटार्नी एरिक हैमिल्टन ने नेशनल गार्ड्स की तैनाती के राष्ट्रपति के अधिकार का बचाव किया और कहा कि संघीय कानून राष्ट्रपति जब तक जरूरी समझें, तब तक उन्हें स्टेट गार्ड सैनिकों पर कंट्रोल बढ़ाने की पावर देता है। उन्होंने कहा कि लास एंजिलिस में बचे हुए सैनिक इमिग्रेशन एजेंटों को सुरक्षा दे रहे थे। हैमिल्टन ने कहा कि कोर्ट के पास यह रिव्यू करने का अधिकार नहीं है कि राष्ट्रपति नेशनल गार्ड मिशन को कैसे मैनेज करते हैं, लेकिन अगर वह कर भी सकता, तो उसे लास एंजिलिस में हुई हिंसा पर भी विचार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम इस साल जून में लास एंजिल्स में जो हुआ, उसे नजरअंदाज़ नहीं कर सकते।

# पुतिन ने खाई कश्मीरी अखरोट की चटनी

**पीएम मोदी ने पुतिन को तोहफे के तौर पर असम ब्लैक टी और मुर्शिदाबाद का सिल्वर टी सेट दिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 5 दिसम्बर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में भव्य स्टेट डिनर का आयोजन किया। यह डिनर पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे के अंत में हुआ। खाने का मेन्यू पूरी तरह से भारतीय क्षेत्रीय व्यंजनों से सजा था। डिनर की शुरुआत दक्षिण भारतीय मुरुंगेकाई चारू (रसम) सूप से हुई।


इसके बाद स्टार्टर में कश्मीरी गुछी दून चेटिन (कश्मीरी अखरोट की चटनी के साथ भरे हुए मशरूम), काले चने के शिकमपुरी कबाब और वेज झोल मोमोज परोसे गए। मेन कोर्स में पुतिन को वेज थाली परोसी गई, जिसमें जाफरानी पनीर रोल, पालक-मेथी-मटर साग के साथ कई किस्म की रोटियां शामिल थी। मीठे में हलवा, कुल्फी और संदेश सर्व किए गए। वहीं, मोदी ने पुतिन को चांदी का घोड़ा, मार्बल चेस समेत 6 खास गिफ्ट दिए। डिनर में भारतीय भोजन के साथ शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रपति भवन की नौसेना बैंड और शास्त्रीय वादकों के ग्रुप ने राग अमृतवर्षिणी, खमाज, यमन, शिवरंजिनी, नलिनकांति, भैरवी का प्रदर्शन किया। इसके साथ रूस की मशहूर धुन 'कालिंका', चौकोव्स्की की नटक्रैकर सूट के पार्ट प्रस्तुत किए गए। पुतिन ने भोज के दौरान 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' गाना भी सुना। इसके बाद पुतिन रूस के लिए रवाना हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने पुतिन का स्वागत करते हुए कहा कि इस साल भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे हो रहे हैं। यह साझेदारी शांति, स्थिरता और आपसी सामाजिक-आर्थिक और तकनीकी प्रगति पर आधारित है। 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन का संयुक्त वक्तव्य हमारी विशेष दोस्ती को दर्शाता है और आगे का रोडमैप देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को तोहफे के तौर पर असम ब्लैक टी और मुर्शिदाबाद का सिल्वर टी सेट दिया है।

## जंगल में आग लगने से कई घर जलकर खाक

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में जंगलों में आग लगने से कई घर जलकर खाक हो गए हैं। आस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स रूरल फायर सर्विस ने पुष्टि की है कि आग से कई घर जलकर खाक हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) ने शनिवार दोपहर यह जानकारी दी। एबीसी ने बताया कि घरों में आग लगने की घटना तक सामने आई जब नेटवर्क के न्यूज़ हेलीकॉप्टर से चलाए गए लाइव वीडियो में निबिन रोड, कोलूवोंग के पास कम से कम छह घर आग लगने से पूरी तरह खाक हो गये थे। न्यू साउथ वेल्स रूरल फायर सर्विस ने आज दोपहर निबिन रोड के लिए एक आपातकालीन चेतावनी जारी की।

# पाक-अफगान सीमा पर फिर गोलीबारी, 4 की मौत

## पीस टॉक के 48 घंटे बाद ही हमला, एक-दूसरे पर पहले अटैक करने का लगाया आरोप



**पाक ने सबसे पहले कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया**

**काबुल/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर पर एक बार फिर भारी गोलीबारी हुई। गोलीबारी रात करीब 10 बजे शुरू हुई और देर रात तक चलती रही। दोनों देश एक-दूसरे पर हमला शुरू करने का आरोप लगा रहे हैं।

गोलीबारी में 4 अफगानी मारे गए और 4 घायल हो गए हैं। अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने सबसे पहले कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया, जिसके जवाब में उनकी सेना ने जवाबी कार्रवाई की। दूसरी तरफ पाकिस्तानी अधिकारियों का दावा है कि अफगान सेना ने बिना उकसावे के चमन बॉर्डर पर गोलीबारी शुरू की, जिसके बाद पाकिस्तानी फोर्सेस ने मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा कि पाकिस्तान अपनी सरहद और लोगों की हिफाजत के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है। इससे 48 घंटे पहले ही दोनों देशों के बीच शांति वार्ता हुई थी। हालांकि, यह बातचीत बेनतीजा रही। यह ताजा झड़प उस वक्त हुई है जब 2-4 दिसम्बर को सऊदी अरब में दोनों देशों के बीच तीसरे शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हुई थी। हालांकि, दोनों पक्षों ने युद्धविराम को बनाए रखने का वादा किया था, लेकिन तनाव कम नहीं हो रहा। सऊदी अरब से दोनों प्रतिनिधिमंडल 4 दिसम्बर अपने देश लौटे थे और 5 दिसम्बर की रात को गोलीबारी शुरू हो गई। इससे पहले कतर और तुर्की में भी बातचीत हो चुकी है। चौथा दौर कब और कहां होगा, इसकी कोई तारीख तय नहीं है। चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर को पूरी तरह बंद कर दिया गया है और दोनों देशों ने तैनाती बढ़ा दी हैं। पाकिस्तान का कहना है कि अफगानिस्तान की जमीन से आतंकवादी हमले कर रहे हैं। तालिबान सरकार इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करती है और कहती है कि पाकिस्तान अपनी अंदरूनी नाकामी का ठीकरा अफगानिस्तान पर फोड़ रहा है। फिलहाल चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर को पूरी तरह बंद कर दिया गया है और दोनों तरफ भारी संख्या में सैनिक तैनात हैं। आने वाले दिनों में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

# साउथ अफ्रीका के हॉस्टल में गोलीबारी, 11 की मौत

## 25 लोगों को गोली लगी, पुलिस बोलीः अवैध शराबखानों को लेकर विवाद था



**मरने वालों में 3 साल का बच्चा, एक 12 साल का लड़का और 16 साल की लड़की शामिल हैं**

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल में की गई गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक कुल 25 लोगों को गोली मारी गई। यह हमला शनिवार तड़के उस वक्त हुआ, जब कुछ लोग हॉस्टल के अंदर मौजूद शराबखाने में शराब पी रहे थे।

मरने वालों में 3 साल का बच्चा, एक 12 साल का लड़का और 16 साल की लड़की शामिल हैं। 3 साल का बच्चा उसी अवैध शराबखाने के मालिक का बेटा बताया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता एथलेन्दा मथे ने बताया कि हमले का मकसद फिलहाल साफ नहीं है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। यहां अवैध शराबखाने को लेकर विवाद चल रहा था। मृतकों में 10 की मौके पर ही मौत हो गई और एक घायल बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके अलावा 14 लोग अभी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। अवैध शराबखाने का मालिक भी घायलों में शामिल है। पुलिस प्रवक्ता एथलेंडा माथे ने बताया कि पुलिस ने 11 हत्या और 14 हत्या के प्रयास के केस दर्ज कर लिए हैं। यह घटना हॉस्टल में चल रहे गैर-कानूनी शराबखाने में हुई। तीन अज्ञात हमलावर लोकल टाइम के मुताबिक सुबह करीब 4:30 बजे अंदर घुसे और लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पुलिस टीम हमले वाली जगह पर मौजूद है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि देश में चल रहे अवैध शराबखाना प्रशासन के लिए चुनौती बन चुका है। माथे ने कहा- बिना लाइसेंस वाले शराबखाने हमारे लिए बड़ी परेशानी हैं, क्योंकि ज्यादातर घटनाएं यहीं होती हैं। यहां झगड़े होते हैं, गलतफहमियां बढ़ती हैं और लोग एक-दूसरे पर हमला कर देते हैं। अप्रैल से सितम्बर के बीच हमने ऐसे 11975 अवैध शराबखाने बंद किए हैं। दक्षिण अफ्रीका दुनिया में सबसे ज्यादा हत्या दर वाले देशों में से एक है। यूएन के 2023-24 के आंकड़ों के मुताबिक, यहां प्रति एक लाख लोगों पर 45 हत्याएं होती हैं। पुलिस के मुताबिक, अप्रैल से सितम्बर के बीच हर दिन औसतन 63 लोगों की हत्या हुई।

# ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक बिजनेसमैन पर एक्शन

**सरकार ने बैंक अकाउंट फ्रीज किए, आतंकी संगठन बब्बर खालसा को मदद देने का शक**

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने एंटी टेररिज्म कानून का इस्तेमाल करते हुए एक ब्रिटिश सिख बिजनेसमैन गुरप्रीत सिंह रेहल के सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। उन्हें किसी भी कंपनी के डायरेक्टर के तौर पर काम करने से रोक दिया गया है।

ब्रिटिश सरकार को रेहल पर भारत में एक्टिव खालिस्तान आतंकी संगठन बब्बर खालसा को आर्थिक मदद देने का शक हैं। सरकार ने 'बब्बर अकाली लहर' नाम के एक ग्रुप पर भी बैन लगाया है। ब्रिटेन के ट्रेजरी डिपार्टमेंट का कहना है कि यह ग्रुप भी बब्बर खालसा के लिए प्रचार करने, लोगों को जोड़ने और उसके लिए फंड जुटाने जैसी एक्टिविटीज में शामिल था। ब्रिटेन की फाइनेंस सेक्रेटरी सचिव लूसी रिग्बी ने कहा कि देश के फाइनेंस सिस्टम का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार हर तरह के कदम उठाने को तैयार है ताकि आतंकवादी किसी भी तरह से फंड इकट्ठा न कर सकें। सरकार का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से ब्रिटेन की सुरक्षा को मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि रेहल इन संगठनों के लिए भर्ती कराने, आर्थिक लेन-देन संभालने और यहां तक कि हथियार खरीदने जैसी एक्टिविटी में भी शामिल थे। ब्रिटेन के साथ-साथ खालिस्तानी आतंकी दुनिया भर के कई देशों में एक्टिव हैं। ये अफवाहें फैलाने, लोगों को भड़काने और विदेशों से मदद लेने की कोशिश करते हैं। इन्होंने भारत में भी कई आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया है। सरकार की कार्रवाई के बाद अब ब्रिटेन का कोई भी इंसान या कंपनी रेहल या उनके जुड़े संगठनों को पैसा नहीं दे सकेगी।



# संदीपा धर ने अपने नए प्रोजेक्ट की शुरुआत की

**मुंबई।** अभिनेत्री संदीपा धर ने अपने नए प्रोजेक्ट की शुरुआत कर दी है। संदीपा ने इस प्रोजेक्ट के बारे में बिना ज्यादा खुलासा किए, अपने फैंस को इसकी पहली झलक भी दिखा दी है। संदीपा ने अपनी वैनिटी वैन से कुछ बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें शेयर कीं, जिनके कैप्शन में उन्होंने लिखा, फोकस से शुरू हुआ, अंत ऐसे हुआ पहला कदम मुझे शुभकामनाएं दें। तस्वीरों में संदीपा स्क्रिप्ट हाथ में लिए नजर आ रही हैं। वहीं फ्रेम में रखा एक नोट है, आज के लिए आपका सीन तैयार है। सेट पर मिलते हैं। जिससे साफ है कि शूट का पहला दिन काफी एनर्जेटिक रहा। हालांकि संदीपा ने शो का नाम अभी तक रिवील नहीं किया है, लेकिन यह पोस्ट आते ही फैंस में कई तरह के कयास लगने लगे हैं।

कई लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि यह उनकी अगली लंबी फॉर्मेट वाली ओटीटी सीरीज हो सकती है। अभय और माई जैसे प्रोजेक्ट्स के बाद डिजिटल स्पेस में संदीपा की पकड़ लगातार मजबूत हुई है, और यह नई झलक 2025 में आने वाली किसी रोमांचक सीरीज की ओर इशारा करती दिखती है।नए साल के करीब आने के साथ ही ऐसा लगता है कि संदीपा का कैलेंडर पहले से ही काफी व्यस्त है। इस सीक्रेट प्रोजेक्ट के अलावा, वह दो दीवाने शहर में में भी नजर आने वाली हैं, जिससे उनकी लाइन. अप और भी दिलचस्प हो गई है।

## माही-गोल्डी का भोजपुरी गाना मेहरी के नखरा ने 20 मिलियन व्यूज किए पार

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का भोजपुरी गाना मेहरी के नखरा ने 20 मिलियन व्यूज पार कर लिया है। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव की सुपरहिट जोड़ी ने एक बार फिर बड़ा धमाका कर दिया है। माही श्रीवास्तव की मनमोहक अदायगी से भरपूर और गोल्डी यादव मधुर आवाज में गाया हुआ भोजपुरी लोकगीत मेहरी के नखरा दर्शकों के बीच वायरल हो गया है।

यह गाना 20 मिलियन व्यूज यूट्यूब पर पार करके धमाल मचा रहा है। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूटूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि प्रियांशु सिंह ने संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, डीओपी गौरव एंड रंजन, कोरियोग्राफर एम के गुप्ता जॉय, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

माही श्रीवास्तव ने कहा कि इस गाने को 20 मिलियन व्यूज पार करना उनके लिए बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि वह इस गाने के लिए रत्नाकर कुमार सर को दिल से धन्यवाद देती हैं। वहीं गोल्डी यादव ने कहा कि यह लोकगीत रत्नाकर कुमार सर ने बहुत ही प्यारा बनाया है। इस गाने को गाकर वह बहुत खुश हैं, क्योंकि यह गाना 20 मिलियन क्लब में शामिल हो गया है।

# उर्मिला मातोंडकर संग रूमर्ड अफेयर पर रामगोपाल वर्मा का रिएक्शन

**मुंबई।** फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा अक्सर अपने बयान और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों रहते हैं। उन पर ये भी इल्जाम लगता है कि वो अभिनेत्रियों को आब्जेक्टिफाई करते हैं, लेकिन अपने एक हालिया इंटरव्यू में डायरेक्टर ने इस पर असहमति जताई है। साथ ही, 90 के दशक में एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर संग अपनी अफेयर की चर्चाओं पर भी रिएक्शन दिया है। जूम टीवी के साथ बातचीत में, राम गोपाल वर्मा ने कहा-मुझे लगता है कि वो सबसे वर्सेटाइल एक्ट्रेस हैं, इसीलिए मैंने उनके साथ इतनी सारी फिल्मों में काम किया। मैंने अमिताभ बच्चन के साथ ज्यादा काम किया है। लेकिन कोई इस बारे में बात नहीं करता। उन्होंने आगे कहा- उनके इर्द-गिर्द होने वाली बातचीत ही सिस्टम और सोशल मीडिया के काम करने का तरीका है। बता दें कि रामू और उर्मिला ने 1990 से 2000 के बीच रंगीला, सत्या, दौड़, एक हसीना थी, भूत और प्यार तूने क्या किया जैसी कई फिल्मों में साथ काम किया था। इस दौरान दोनों की अफेयर की खबरें





सुर्खियों में रही थीं। इसी इंटरव्यू में रामू ने श्रीदेवी के बारे में अपनी थंडर थाइज वाली टिप्पणी पर भी बात की। रामू ने कहा-मुझे नहीं लगता कि यह आब्जेक्टिफिकेशन है। उदाहरण के लिए, जब मैंने श्रीदेवी के बारे में थंडर थाइज कहा, तो मेरा मानना है कि उनकी प्रतिभा के अलावा ये उनकी खूबियां भी हैं। यह उनकी यूनिक बात थी। इसे आब्जेक्टिफिकेशन कहना मेरे कमेंट का आब्जेक्टिफाई करना है।

# 75 मेट्रो स्टेशन्स पर लगे तान्या के पोस्टर

**नई दिल्ली।** बिग बास 19 का ग्रैंड फिनाले रविवार को है। टॉप 5 कंटेस्टेंट्स में गौरव खन्ना, प्रणित मोरे, अमल मलिक, फरहाना भट्ट और तान्या मित्तल शामिल हैं। हर कोई अपने पसंदीदा कंटेस्टेंट को जीतने के लिए जी-तोड़ कोशिश कर रहा है। इसी बीच तान्या मित्तल के पोस्टर मेट्रो स्टेशनों पर नजर आ रहे हैं, जिन पर लिखा है कि तान्या को वोट दें। दरअसल, दिल्ली के 75 मेट्रो स्टेशनों पर तान्या के लिए वोटिंग के पोस्टर लगाए गए हैं, जिनके कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि स्टेशन पर लगे डिस्प्ले पर तान्या की तस्वीरें ही छाई हुई हैं। उनके तमाम कटआउट्स का कोलाज बनाया गया है और लिखा है वोट नाऊ। वहीं, सोशल मीडिया यूजर्स भी इस पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। कई लोगों ने इसे एक अच्छी मार्केटिंग स्ट्रेटजी बताया है, जबकि कुछ ने मजाकिया अंदाज में लिखा कि दिल्ली मेट्रो अब तान्या मेट्रो बन गई है। तान्या मित्तल एक यंग उद्यमी, इन्फ्लुएंसर और माडल हैं। उन्होंने 2018 में मिस एशिया टूरिज्म यूनिवर्स का टाइटल जीतकर पहचान हासिल की। तान्या हैंडमेड लव नाम से एक सफल हैंड क्राफ्टेड गिफ्टिंग स्टार्टअप की फाउंडर हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 4 मिलियन से ज्यादा फालोअर्स हैं।

## पुलकित सम्राट ने चंकी पांडे की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट ने अपनी आने वाली फिल्म राहु केतु के को-स्टार और अभिनेता चंकी पांडे की तारीफ की है। पुलकित सम्राट ने अपने काम के प्रति चंकी पांडे के समर्पण और जुनून की बातें साझा करते हुए कहा, पहली नजर में चंकी सर को सेट पर आकर सीन करते देखना केकवॉक जैसा लगता है, लेकिन सच तो यह है कि वो उस सीन को परफेक्ट बनाने के लिए इतनी मेहनत करते हैं कि हमें सामने खड़े होने में शर्म आने लगती है। यकीन मानिए उनकी मेहनत देखकर हम खुद पेन-पेपर लेकर बैठ जाते हैं कि और क्या किया जा सकता है। पुलकित ने चंकी पांडे के साथ अपनी पहली फिल्म का अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके साथ हर दिन ऐसा लगता था जैसे वे किसी स्कूल या किसी यूनिवर्सिटी में आ गए हों और बस सीखते ही जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चंकी पांडे ने अपनी बेटी, अभिनेत्री अनन्या पांडे के करियर और परफॉर्मेंस को संवारने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, अनन्या आज जो भी हैं, जिस तरह परफॉर्म करती हैं, उसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि उसके घर में ही पिता के रूप में एक मेंटर है, एक पूरी यूनिवर्सिटी मौजूद है।

# सिद्धांत ने अपना धड़क 2 का अवॉर्ड दिवंगत सक्षम टेट को किया समर्पित



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपना धड़क 2 का अवॉर्ड, ऑनर किलिंग के शिकार दिवंगत सक्षम टेट को समर्पित किया है। अपनी पिछली फिल्म धड़क 2 में निलेश का किरदार निभाकर दर्शकों के साथ अपने आलोचकों का भी दिल जीत चुके सिद्धांत चतुर्वेदी को हाल ही में इस किरदार के लिए पावर पैक्ड परफॉर्मर ऑफ द ईयर के सम्मान से सम्मानित किया गया, जिसे उन्होंने इंटर-कास्ट ऑनर किलिग का शिकार हुए दिवंगत सक्षम टेट को समर्पित कर दिया। मंच से दिवंगत सक्षम टेट को श्रद्धांजलि देते हुए सिद्धांत ने न सिर्फ संवे. दनशीलता के साथ अपनी बात रखी बल्कि एक सशक्त संदेश भी पेश किया। उन्होंने कहा, यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि यह उन सभी का है, जिन्हें कभी जाति के आधार पर बहिष्कृत किया गया, किनारे किया गया और भेदभाव का शिकार होना पड़ा। हालांकि इतना कुछ होने के बावजूद उन्होंने न सिर्फ अपने खड़े होने, लड़ने और सिर्फ मौजूद रहने के अधिकार को हासिल किया, बल्कि अपने लिए एक जमीन भी तैयार की। उनकी इसी जिजीविषा को सलाम करते हुए, मैं यह अवॉर्ड दिवंगत सक्षम टेट को समर्पित करता हूं, जिनके पीछे उनका पूरा परिवार और पूरा गांव हैं और आज मेरा दिल भी है। सिद्धांत ने धड़क 2 की निर्देशिका शाजिया इक़बाल को धन्यवाद दिया, जिन्होंने फिल्म को हर तूफान से बचाया और लेखक राहुल बडवेलकर की भी सराहना की, जिन्होंने इन हालातों में चुपचाप सांसे ले रही खामोशी को सच में बदला।

अपनी गहरी और व्यक्तिगत समर्पण के साथ, सिद्धांत चतुर्वेदी ने न सिर्फ अपने सम्मान के क्षण का उपयोग वास्तविक अन्याय की कहानियों को आवाज देने के लिए किया, बल्कि ए संदेश भी दिया कि धड़क 2 जैसी कहानियां साहस, संवेदना और बेबाक ईमानदारी के साथ कही जाती रहनी चाहिए। सिद्धांत की आगामी फिल्मों की बात करें तो अगले वर्ष वैलेंटाइन डे के दौरान उनकी फिल्म 'दो दीवाने शहर में 20 फरवरी को रिलीज होगी, जिसमें वह मृणाल ठाकुर के साथ 90 के दशक की प्रेम कहानी दर्शकों को पेश करेंगे।

**मंच से दिवंगत सक्षम टेट को श्रद्धांजलि देते हुए सिद्धांत ने न सिर्फ संवेदनशीलता के साथ अपनी बात रखी बल्कि एक सशक्त संदेश भी पेश किया। उन्होंने कहा, यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि यह उन सभी का है।**




# जापान में बाहुबली: द एपिक स्क्रीनिंग में छाए प्रभास



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास ने जापान में बाहुबली: द एपिक की स्क्रीनिंग में लोगों का दिल जीत लिया। हाल ही में बाहुबली: द एपिक जिसमें बाहु. बली: द बिगिनिंग और बाहुबली: द कन्क्ल्यूजन दोनों फिल्मों को जोड़कर एक फिल्म बनाया गया है, 12 दिसम्बर 2025 को जापान में सिनेमा घरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले प्रभास जापान गए, जहां एक खास स्क्रीनिंग रखी गई थी। यह स्क्रीनिंग एक बड़े जश्न में बदल गई। पूरा हॉल उन फैंस से भरा था जो प्रभास को देखने और बाहुबली की कहानी को बड़े पर्दे पर महसूस करने के लिए बहुत उत्साहित थे। स्क्रीनिंग के बाद प्रभास ने सभी फैंस से बहुत प्यार से मुलाकात की और उनके लिए कुछ यादगार पल बना दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी एक नोट शेयर किया, जो निर्देशक एस-एस- राजामौली ने उन्हें जापान पहुंचने पर दिया था। इस नोट ने इस पल को और भी खास बना दिया। स्क्रीनिंग से अपनी एक फोटो और वह नोट शेयर करते हुए प्रभास ने लिखा, डारलिंग/एसएस राजामौली आपको बहुत सारा प्यार। यहां जापान में आपकी कमी महसूस हो रही है, हम दोनों फिर साथ में आएंगे। स्क्रीनिंग के दौरान प्रभास ने कहा, पिछले 10 सालों में बहुत लोगों ने मुझे जापान के बारे में बताया था। आज आप सबको सामने देखकर मेरा सपना पूरा हो गया। लक्ष्मी गारु की तरह, मैं भी हर साल जापान आकर आपसे मिलना चाहता हूं। आने वाली फिल्मों की बात करें, तो प्रभास के पास कई बड़ी फिल्में हैं, जिनको लेकर फैन्स बहुत उत्साहित हैं। उनकी लिस्ट में द राजा साहब, स्पिरिट, फौजी, सलार पार्ट-2: शौर्यांग पर्व और कल्कि 2898 एडी पार्ट-2 जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं।

